स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, शुक्रवार
19 सितंबर, 2025
अश्विन मास कृष्ण पक्ष 13
सं. 2082 वि.
वर्ष 79, अंक - 34 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के जेवलिन थ्रो फाइनल से नीरज चोपड़ा बाहर



## ‘ज्ञानेश कुमार वोट चोरों को बचा रहे’



- राहुल का मुख्य चुनाव आयुक्त पर बड़ा आरोप
- सबूतों पर कोई भ्रम नहीं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर ‘वोट चोरों’ और लोकतंत्र को बर्बाद करने वाले लोगों को बचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कर्नाटक विधानसभा क्षेत्र के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि चुनाव से पहले कांग्रेस समर्थकों के वोट व्यवस्थित रूप से हटाए जा रहे हैं। चुनाव आयोग को इसे रोकना चाहिए और कर्नाटक सीआईडी की ओर से मतदाता सूची से नाम हटाने की जांच में मांगी गई जानकारी एक हफ्ते के भीतर उपलब्ध करानी चाहिए। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आज उनके खुलासे इस देश के युवाओं को यह दिखाने में एक और मील का पत्थर हैं कि चुनावों में कैसे धांधली की जा रही है। उन्होंने शुरू में ही यह भी स्पष्ट कर दिया कि ये खुलासों का वह हाइड्रोजन बम नहीं है, जिसका उन्होंने वादा किया था और ये जल्द ही सामने आएगा। राहुल गांधी ने 2023 में कर्नाटक के अलंद निर्वाचन क्षेत्र से वोट हटाने के कथित प्रयासों का विवरण दिया। उन्होंने महाराष्ट्र के राजुरा निर्वाचन क्षेत्र का भी उदाहरण दिया, जहां उन्होंने दावा किया कि स्वचालित सॉफ्टवेयर का उपयोग करके धोखाधड़ी से मतदाताओं को जोड़ा गया था। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने आरोप लगाया, मैं ज्ञानेश कुमार के बारे में एक गंभीर दावा करने जा रहा हूं। मैं इसे हल्के में नहीं कह रहा। मुख्य चुनाव आयुक्त वोट चोरों और भारतीय लोकतंत्र को नष्ट करने वाले लोगों को बचा रहे हैं। राहुल ने कहा, आइए जानते हैं कि मैं ज्ञानेश कुमार पर इतना सीधा आरोप क्यों लगा रहा हूं। कर्नाटक में इस मामले की जांच चल रही है।

## ‘वोट ऑनलाइन डिलीट नहीं किए जा सकते, सभी आरोप बेबुनियाद’




- राहुल को चुनाव आयोग का जवाब

**नई दिल्ली।** हाल ही में संपन्न प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगाए गए मतदाताओं के नाम हटाने के आरोपों को गलत और निराधार बताया है। चुनाव आयोग ने आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए सिरे से खारिज कर दिया है। साथ ही आयोग ने इस बात पर जोर दिया है कि जनता की ओर से ऑनलाइन कोई भी वोट नहीं हटाया जा सकता।

हालांकि, चुनाव आयोग ने स्वीकार किया कि कर्नाटक के अलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के नाम हटाने के कुछ असफल प्रयास किए गए थे और मामले की जांच के लिए चुनाव आयोग ने खुद एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी। भारत के चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट कर भी राहुल के आरोपों का खंडन किया। निर्वाचन आयोग ने लिखा, लोकसभा के नेता राहुल गांधी की ओर से लगाए गए आरोप गलत और निराधार हैं। किसी भी वोट को जनता द्वारा ऑनलाइन नहीं हटाया जा सकता है, जैसा कि राहुल गांधी ने गलत धारणा बनाई है। प्रभावित व्यक्ति को सुनवाई का अवसर दिए बिना कोई भी बदलाव या विलोपन नहीं हो सकता है। 2023 में अलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं को हटाने के कुछ असफल प्रयास किए गए थे। मामले की जांच के लिए ईसीआई के प्राधिकारी की ओर से स्वयं एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। रिकॉर्ड के अनुसार, अलंद विधानसभा क्षेत्र 2018 में सुभाध गुट्टेदार (भाजपा) और 2023 में बीआर पाटिल (कांग्रेस) ने जीता था।

## हाईकोर्ट पहुंचे मालेगांव विस्फोट के पीड़ित परिजन

- बरी सातों लोगों और एनआईए को नोटिस जारी

**मुंबई।** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने गुरुवार को साल 2008 के मालेगांव विस्फोट के पीड़ित परिजनों की याचिका पर एनआईए और इस मामले में बरी किए गए सातों लोगों को नोटिस जारी किया है। मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और जस्टिस गौतम अंखड़ की पीठ ने अभियोजन पक्ष राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और महाराष्ट्र सरकार को भी नोटिस जारी किए। अपील पर सुनवाई छह सप्ताह बाद निर्धारित की गई है।

मालेगांव विस्फोट में मारे गए छह लोगों के परिजनों ने आरोपियों को बरी किए जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की। याचिका में पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद राजपुरोहित सहित मामले के सात आरोपियों को बरी किए जाने के अदालत के फैसले को चुनौती दी गई है। पिछले सप्ताह दायर की गई याचिका में दावा किया गया है कि दोषपूर्ण जांच या जांच में



खामियां आरोपियों को बरी करने का आधार नहीं हो सकतीं। याचिका में यह भी तर्क दिया गया है कि साजिश गुप्त रूप से रची गई थी और इसलिए इसका प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं हो सकता।

याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि विशेष एनआईए अदालत द्वारा 31 जुलाई को पारित आदेश, जिसमें सातों आरोपियों को बरी कर दिया गया, वह गलत और कानून की दृष्टि से भी गलत था और इसलिए इसे रद्द किया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि 29 सितंबर, 2008 को, महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव शहर में एक मस्जिद के पास एक मोटरसाइकिल में विस्फोट हुआ, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई और 101 अन्य घायल हो गए थे। अपील में कहा गया है कि निचली अदालत के न्यायाधीश को आपराधिक मुकदमे में डाकिया या मूकदर्शक की भूमिका नहीं निभानी चाहिए। जब अभियोजन पक्ष तथ्य उजागर करने में विफल रहता है, तो निचली अदालत प्रश्न पूछ सकती है और गवाहों को बुला सकती है।

## ‘सिख विवाह का भी हो पंजीकरण’

- सुप्रीम कोर्ट का राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आनंद कारज विवाह या सिख विवाह के पंजीकरण के लिए प्रक्रिया शुरू करने के लिए कहा है। शीर्ष अदालत ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वह चार महीने में विवाह पंजीकरण नियमों को अधिसूचित करें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि धर्मनिरपेक्ष ढांचे में जो धार्मिक पहचान का सम्मान करता है और नागरिक समानता सुनिश्चित करता है। कानून को एक तटस्थ और व्यावहारिक मार्ग प्रदान करना चाहिए। इसलिए आनंद कारज से होने वाले विवाह को अन्य विवाहों के समान ही दर्ज और प्रमाणित किया जाए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि किसी सांविधानिक वादे की सत्यनिष्ठा न केवल उसके द्वारा घोषित



अधिकारों से मापी जाती है, बल्कि उन संस्थाओं से भी मापी जाती है जो उन अधिकारों को उपयोगी बनाती हैं। एक धर्मनिरपेक्ष गणराज्य में राज्य को किसी नागरिक की आस्था को विशेषाधिकार या बाधा में नहीं बदलना चाहिए। पीठ ने कहा कि जब कानून आनंद कारज को विवाह के वैध रूप के रूप में मान्यता देता है, फिर भी इसे पंजीकृत करने के लिए कोई तंत्र नहीं है, तो साफ है कि वादा केवल आधा ही निभाया गया। अब यह तय करना बाकी है कि अनुष्ठान से लेकर अभिलेख तक का मार्ग खुला, एकरूप और निष्पक्ष हो।

## सभी धर्मों का सम्मान करता हूं : सीजेआई

- मंदिर मामले में बयान के विरोध पर बोले चीफ जस्टिस

**नई दिल्ली।** खजुराहो के जवारी मंदिर में भगवान विष्णु की मूर्ति स्थापित करने वाली याचिका खारिज करने और सुनवाई के दौरान दिए गए बयानों के विरोध पर सीजेआई बीआर गवई ने जवाब दिया है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने याचिका खारिज करते हुए कहा था कि याचिका में प्रचार हित से ज्यादा कुछ नहीं है। सीजेआई बीआर गवई ने कहा कि किसी ने मुझे बताया कि मैंने जो टिप्पणियां की थीं, उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है। मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं।

राकेश दलाल ने सुप्रीम कोर्ट में



दायर याचिका में छतरपुर जिले के जावरी मंदिर में भगवान विष्णु की सात फुट ऊंची क्षतिग्रस्त मूर्ति को बदलने और उसकी प्राण प्रतिष्ठा करने की मांग की थी। सीजेआई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने 16 मई को मध्य प्रदेश में यूनेस्को विश्व धरोहर खजुराहो मंदिर परिसर के हिस्से जावरी मंदिर में भगवान विष्णु की सात फुट की मूर्ति के पुनर्निर्माण और पुनः स्थापित करने के निर्देश देने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया था। मुख्य न्यायाधीश ने कहा था कि यह विशुद्ध रूप से प्रचार हित याचिका है...जाइए और स्वयं देवता से कुछ करने के लिए कहिए। यदि आप कह रहे हैं कि आप भगवान विष्णु के प्रबल भक्त हैं तो आप प्रार्थना करें और कुछ ध्यान करें। इस बीच अगर आपको शैव धर्म से कोई आपत्ति नहीं है तो आप वहां जाकर पूजा कर सकते हैं... वहां एक बहुत बड़ा शिवलिंग है, जो खजुराहो के सबसे बड़े शिवलिंगों में से एक है।

## आजम खां को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत


- क्वालिटी बार पर कब्जा मामले में जमानत मंजूर

**प्रयागराज।** रामपुर के चर्चित क्वालिटी बार पर कब्जे के मामला में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जेल में बंद सपा नेता व पूर्व मंत्री आजम खां की जमानत मंजूर कर ली है। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस समीर जैन की सिंगल बेंच ने फैसला सुनाया। जमानत अर्जी पर वरिष्ठ अधिवक्ता इमरान उल्ला और मोहम्मद खालिद ने बहस की थी। रामपुर के चर्चित क्वालिटी बार पर कब्जे के मामले में आजम खान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। 21 अगस्त को हाईकोर्ट ने सभी पक्षों की बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। 21 नवंबर 2019 को क्वालिटी बार के मालिक गगन अरोड़ा की शिकायत पर तत्कालीन राजस्व निरीक्षक ने एफआईआर दर्ज कराई थी।

## सबरीमाला मंदिर की मूर्तियों से चार किलो सोना चोरी

- केरल उच्च न्यायालय ने दिए जांच के आदेश

**तिरुवनंतपुरम।** केरल उच्च न्यायालय ने सबरीमाला मंदिर की मूर्तियों पर सोने की परत चढ़ाने में हुई धांधली की जांच के आदेश दिए हैं। न्यायालय ने पाया है कि साल 2019 में जब मंदिर की मूर्तियां सोने की परत चढ़ाने के बाद वापस मंदिर आईं तो उनके वजन में चार किलो सोना कम था। न्यायालय ने मंदिर के मुख्य सतर्कता एवं सुरक्षा अधिकारी, जो त्रावणकोर देवासम बोर्ड के पुलिस अधीक्षक भी हैं, को सबरीमाला मंदिर में मूर्तियों से कथित रूप से सोने के नुकसान की विस्तार से जांच करने का निर्देश दिया है। सोने की यह धांधली मंदिर के द्वारपालक (संरक्षक देवता) की मूर्तियों में हुई है। जस्टिस राजा विजयराघवन वी और जस्टिस केवी



जयकुमार की पीठ ने कहा कि जब 2019 में नए सिरे से सोना चढ़ाने के लिए द्वारपालकों की मूर्तियों से प्लेटों को हटाया गया था, तो उनका वजन 42.8 किलोग्राम था, लेकिन चेन्नई स्थित जिस फर्म को सोने की परत चढ़ाने का काम सौंपा गया था, उसके यहां वजन करने पर मूर्तियों के वजन में करीब 4.54 किलोग्राम की कमी थी।

## यूपी की ब्यूरोक्रेसी में बड़ा बदलाव, 14 आईएएस ट्रांसफर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की शीर्ष नौकरशाही में बृहस्पतिवार को बड़ा बदलाव कर दिया। मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल के पास से सभी विभाग हटा लिए गए हैं। माना जा रहा है कि स्वास्थ्य कारणों के चलते उन्होंने स्वयं ये दायित्व छोड़े हैं। कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार का कद बढ़ाते हुए उन्हें अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त (आईआईडीसी) भी बना दिया गया है। साथ ही बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार के पास से हटाकर पार्थसारथी सेन शर्मा को दे दिए गए हैं। प्रमुख सचिव पार्थसारथी के पास अभी तक चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग थे। कुल 14 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों की जिम्मेदारियां बदली गई हैं। शीर्ष नौकरशाही में हुए इस बदलाव में जहां अमित कुमार घोष, पी गुरुप्रसाद और रणवीर प्रसाद का कद बढ़ाया गया है, वहीं मुकेश कुमार मेश्राम और अमृत अभिजात को अपेक्षाकृत कम महत्व के माने जाने वाले विभाग मिले हैं। दीपक कुमार को कृषि उत्पादन आयुक्त व अपर मुख्य सचिव के साथ अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, अध्यक्ष पिकप, मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीडा, नागरिक उड्डयन एवं समन्वय विभाग और परियोजना निदेशक यूपीडास्प का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। नागरिक उड्डयन को छोड़कर ये सभी पद अभी तक मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल के पास थे। दीपक कुमार को माध्यमिक व बेसिक शिक्षा की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया गया है।पार्थसारथी सेन शर्मा को प्रमुख सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग से प्रमुख सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा बनाया गया है। अमित घोष को प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन, पशुपालन, दुग्ध विकास एवं मत्स्य से प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग, मुकेश कुमार मेश्राम प्रमुख सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य से पशुपालन, दुग्ध एवं मत्स्य विभाग, अमृत अभिजात को नगर विकास विभाग, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग से पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग भेजा गया है।

### 16 आईपीएस के तबादले

यूपी सरकार ने 10 जिलों के कप्तान समेत 16 अफसरों के तबादले कर दिए हैं। आजमगढ़ एसएसपी हेमराज मीणा, कुशीनगर एसपी संतोष मिश्रा और देवरिया पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर को पुलिस मुख्यालय से अटैच किया गया है। जानकारी के मुताबिक अभिषेक वर्मा की लंबे समय बाद फील्ड में वापसी के बाद उन्हें सोनभद्र जिले की कमान शौंपी गई है। उनको अभिषेक को हापुड़ से एक अस्पताल में कार्रवाई के वजह से हटाया गया था। हरदोई पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन को अलीगढ़ का एसपी बनाया गया है। सोनभद्र जिले के एसपी रहे अशोक कुमार मीणा को हरदोई की कमान सौंपी गई है। जयप्रकाश सिंह को उन्नाव जिले का कप्तालन बनाया गया है। होंगे। अलीगढ़ के संजीव सुमन को देवरिया जिले का मुखिया बनाया गया है जिन जिलों के कप्तान बदले गए है। उनमें आजमगढ़, कुशीनगर, अलीगढ़, देवरिया, हरदोई, सोनभद्र, उन्नाव, प्रतापगढ़, अंबेडकरनगर और औरैया शामिल हैं। प्रयागराज में 04 वाहिनी पीएसी में सेनानायक मनीष कुमार शांडिल्य को प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त की जिम्मेदारी मिली है। पुलिस अधीक्षक/अपर पुलिस अधीक्षक, बलिया के रूप में तैनात अनिल कुमार झा को पुलिस अधीक्षक, रेलवे आगरा बनाया गया है।

## उत्तराखंड के चमोली में बादल फटा 14 लोग लापता

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में दो दिन में दूसरी बार बादल फटा है। 17 सितंबर की रात चमोली जिले के नंदानगर घाट में बादल फटा। यहां कुंटरी लंगाफली वार्ड में छह घर मलबे में दब गए। 14 लोग लापता हैं और 20 लोग घायल हैं। अब तक 2 लोग रेस्क्यू किए गए। इससे पहले 16 सितंबर को देहरादून में बादल फटा था। देहरादून से मसूरी का 35 किलोमीटर का रास्ता कई जगह क्षतिग्रस्त है। इसके कारण मसूरी में 2500 टूरिस्ट्स लगातार तीसरे दिन फंसे हुए हैं। हिमाचल में इस सीजन बारिश, बाढ़, लैंडस्लाइड और अचानक आई बाढ़ से अब तक 419 लोगों की मौत हो चुकी है। मौसम विभाग ने दोनों ही राज्यों उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश को अगले 48 घंटे हाई अलर्ट पर रखा है।

## ‘बांग्लादेश-नेपाल जैसे हालात पैदा करना चाहते हैं राहुल’

- अनुराग ठाकुर का कांग्रेस नेता पर पलटवार

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए पलटवार किया। अनुराग ठाकुर ने केंद्र और चुनाव आयोग के खिलाफ राहुल गांधी के वोट चोरी आरोप की आलोचना करते हुए कहा कि राहुल गांधी भारत में बांग्लादेश और नेपाल जैसी स्थिति पैदा करना चाहते हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा, भारत का चुनाव आयोग बिना किसी पूर्वाग्रह के काम कर रहा है। राहुल गांधी लोकतंत्र को कमजोर करने, नागरिकों को गुमराह करने और बांग्लादेश और नेपाल जैसी स्थिति पैदा करने की कोशिश में व्यस्त हैं।



पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि घुसपैठिए की राजनीति पहले ही राहुल गांधी का एकमात्र एजेंडा है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस के अवैध मतदाताओं को संरक्षण देने के कथित एजेंडे को अनुमति दी गई तो अनुसूचित जातियों, जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के हितों को सबसे ज्यादा नुकसान होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की बार-बार आलोचना किए जाने के बाद चुनाव आयोग का बचाव करते हुए भाजपा नेता ने पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों एमएस गिल, जो यूपीए सरकार में मंत्री बने थे और टीएन शेषन, जिन्होंने कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ा था, जैसे पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों के संबंधों का हवाला देते हुए पलटवार किया।

## लश्कर और जैश संगठनों पर वैश्विक कार्रवाई जरूरी

- यूएन में बोला भारत

**वॉशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद पर बड़ा हमला बोला है। भारत ने साफ कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय यह सुनिश्चित करे कि ये संगठन और उनके मददगार अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद फैलाने के लिए अब और न कर सकें। यह संदेश भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने सुरक्षा परिषद की अफगानिस्तान पर बैठक में दिया। हरीश ने कहा कि भारत लगातार अफगानिस्तान की स्थिति पर नजर रख रहा है। अफगानिस्तान और भारत के बीच गहरा सभ्यतागत रिश्ता है और इसी कारण शांति और स्थिरता भारत के लिए बेहद अहम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आतंकियों के लिए किसी भी तरह की जगह छोड़ना दुनिया और खासकर इस क्षेत्र के लिए खतरनाक




है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक मंचों पर इस बात पर जोर दिया है कि आतंकवाद का मुकाबला करने में सभी देशों की साझा जिम्मेदारी है। हरीश ने कहा कि यूएनएससी द्वारा घोषित आतंकी संगठन, चाहे वह आईएसआईएस हो, अल-कायदा हो या फिर पाकिस्तान समर्थित लश्कर और जैश, इन पर सख्त कार्रवाई जरूरी है। हरीश ने कहा कि भारत अफगानिस्तान के मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय सहमति का पक्षधर है। भारत ने दोहा और अन्य क्षेत्रीय बैठकों में भी सक्रिय भागीदारी की है ताकि शांति, स्थिरता और विकास को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने बताया कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर दो बार अफगान कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी से बात कर चुके हैं। भारत ने अफगानिस्तान की ओर से 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा का भी स्वागत किया। भारत का कहना है कि केवल दंडात्मक कदमों से समस्या हल नहीं होगी। हरीश ने कहा कि अफगानिस्तान के लिए नई और व्यावहारिक नीति की जरूरत है। सिर्फ प्रतिबंध या पुराने तरीकों से आगे नहीं बढ़ा जा सकता। उन्होंने कहा कि जैसा चल रहा है वैसा ही चलता रहे वाली नीति से कोई फायदा नहीं होगा। जरूरत है कि सकारात्मक रवैये को प्रोत्साहित किया जाए और नकारात्मक गतिविधियों को हतोत्साहित किया जाए।

## ‘सैन्य अफसरों को आतंकियों के जनाजे में शामिल होने के मुनीर ने दिए थे आदेश’

- जैश कमांडर का कबूलनामा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सेना और आतंकवादी संगठनों के बीच सांठगांठ की बड़ी पोल खुली है। जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर इलियास कश्मीरी ने एक वीडियो में दावा किया है कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने खुद आदेश दिया था कि ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकियों के अंतिम संस्कार में शीर्ष सैन्य अधिकारी शामिल हों। इस खुलासे ने न केवल पाकिस्तान की नीतियों पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि भारत पर लगातार हो रहे हमलों के पीछे की सच्चाई भी उजागर की है।

वीडियो में कश्मीरी ने कहा कि पाकिस्तान सेना के जीएचक्यू (जनरल हेडक्वार्टर) से आदेश मिला था कि मारे गए आतंकियों को



‘शहीद’ का दर्जा देकर सलामी दी जाए। यही नहीं, कोर कमांडरों को बाकायदा वर्दी में उनके जनाजे में शामिल होने और सुरक्षा देने के निर्देश भी दिए गए। यह सीधे तौर पर पाकिस्तान की सेना और आतंकवादी संगठनों की मिलीभगत को दर्शाता है। कश्मीरी ने आगे यह भी स्वीकार किया कि उसका मुखिया मौलाना मसूद अजहर भारत में कई हमलों के लिए जिम्मेदार रहा है। उसने खुलासा किया कि आईसी-814 विमान अपहरण के बाद जब अजहर तिहाड़ जेल से रिहा होकर पाकिस्तान पहुंचा, तो बालाकोट उसकी गतिविधियों का मुख्य ठिकाना बना। वहीं से उसने दिल्ली और मुंबई में आतंकी हमलों की साजिशों को आगे बढ़ाया। इसी बीच लश्कर-ए-तैयबा के डिप्टी चीफ सैफुल्लाह कसूरी का एक और वीडियो सामने आया है। इसमें वह न केवल 22 अप्रैल को पहलगाम हमले की जिम्मेदारी लेने वाले मास्टरमाइंड के रूप में सामने आया, बल्कि भारत को खुली धमकी भी दी। कसूरी ने कहा कि भारत के बांध, नदियां और जम्मू-कश्मीर की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की जाएगी।

कसूरी ने यह भी खुलासा किया कि पाकिस्तान सरकार और सेना खुद लश्कर को फंडिंग कर रहे हैं ताकि उसका मुख्यालय मुरिदके में दोबारा बनाया जा सके। यह वही ठिकाना है जिसे भारत ने ऑपरेशन सिंदूर में ध्वस्त कर दिया था। उसने दावा किया कि मुश्किल हालात के बावजूद लश्कर की ताकत कम नहीं हुई और पाकिस्तान की जनता से भी खुला समर्थन मांगा।



स्वतंत्र भारत

epaper : epaper.swatantrabharat.net web portal : epaper.swatantrabharat.net

# युवाओं की नशे से दूरी जरूरी

## पीएम विजन- 2047 की सफलता युवाओं पर केंद्रित



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में 'सेवा पखवाड़ा अभियान' और 'नशा मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत मद्यनिषेध विभाग द्वारा नशा विरोधी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। एपी सेन सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री का विजन-2047 युवाओं पर केंद्रित है और विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि युवाओं का नशा मुक्त होना इस दिशा में सबसे बड़ी आवश्यकता है, क्योंकि युवा ही तय करेंगे कि भविष्य का भारत कैसा होगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने घर, परिवार और समाज को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करें, तभी देश को आगे बढ़ाया जा सकेगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि वह प्रदेश की सभी विश्वविद्यालयों में जाकर नशा मुक्ति के लिए युवाओं से संवाद करेंगे और इसकी शुरुआत लखनऊ विश्वविद्यालय से की गई है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित राज्य मद्यनिषेध परिषद के उपाध्यक्ष बृजेश शुक्ला ने नशे की बुराइयों पर अपने विचार रखे। अपर मुख्य सचिव एल. वेंकटेश्वर लू ने मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों और इसके बचाव के तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नशे का सेवन व्यक्ति को प्रमाद और अधोगति की ओर ले जाता है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने भी नशे को समाज के लिए एक गंभीर समस्या बताते हुए इसे रोकने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम से पूर्व 17 सितंबर को विश्वविद्यालय में पोस्टर, वाद-विवाद और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें लगभग 200 छात्रों ने भाग लिया। विजयी प्रतिभागियों को संगोष्ठी में पुरस्कृत किया गया। अंत में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत उपस्थित सभी लोगों को नशा विरोधी शपथ भी दिलाई गई।

# पांचवीं जीबीसी नवम्बर में 5 लाख करोड़ का लक्ष्य

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 5 लाख करोड़ से अधिक की निजी निवेश परियोजनाओं के साथ पांचवें ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के आयोजन की तैयारी के निर्देश दिए हैं। साढ़े 8 वर्षों में अब तक चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी आयोजित की जा चुकी है। इसके माध्यम से 15 लाख करोड़ से अधिक की औद्योगिक परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं तथा 60 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी एवं रोजगार की गारंटी मिली।

औद्योगिक विकास विभाग की गरुवार को आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने विभिन्न निजी औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन के प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए कहाकि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया सामंजस्य के साथ ही होनी चाहिए। प्रदेश हित में उनकी भूमि का अधिग्रहण आवश्यक है तो उन्हें अच्छा मुआवजा मिलना चाहिए। कहीं से भी उत्पीड़न की शिकायत नहीं आनी चाहिए। संवाद और समन्वय से यह काम आसानी से हो सकता है। भूमि अधिग्रहण के लिए वर्तमान मुआवजे की दर में बढ़ोतरी पर विचार करें। उन्होंने कहा कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना अथॉरिटी में से किसी एक क्षेत्र में फिनटेक हब विकसित किया जाए। भूमि आवंटन के उपरांत भूमि का समुचित उपयोग न करने वाली औद्योगिक इकाइयों के लिए भूमि आवंटन अधिकतम तीन वर्षों के उपरांत रद कर दिया जाए। मुख्यमंत्री ने निवेश मित्र और निवेश सारथी पोर्टलों को और अधिक सहज व सरल बनाये जाने की आवश्यकता बताई। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों में सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित विशेष रोजगार के विकास की कार्ययोजना पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025-26 के लिए विनिर्माण क्षेत्र का ?5 लाख करोड़ का लक्ष्य रखा गया है। अभी तक 1,354 इकाइयों का पंजीकरण हो चुका है। मुख्यमंत्री ने श्रम सुधारों की प्रक्रिया को और तेज करने और अप्रयुक्त औद्योगिक भूखंडों को सक्रिय करने के निर्देश दिए।

## एक अक्टूबर से होगी मोटे अनाज की खरीद

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** डबल इंजन सरकार एक तरफ जहां श्रीअन्न के फायदों के प्रति प्रदेशवासियों को प्रेरित कर रही है तो वहीं किसानों को भी इसकी खेती के फायदे से जोड़ रही है। इस वर्ष के लिए मोटे अनाजों की खरीद पहली अक्टूबर से प्रारंभ होगी, जो 31 दिसंबर तक चलेगी। मोटे अनाज% में शामिल मक्का, बाजरा व ज्वार की खरीद के लिए किसानों का पंजीकरण व नवीनीकरण चल रहा है। खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक इसके लिए किसानों को ऐप पर पंजीकरण एवं नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। इसके अलावा वे जिला खाद्य विपणन अधिकारी, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, विपणन निरीक्षक से भी संपर्क साध सकते हैं। किसानों के आधार लिंक्ड बैंक खाते में सीधे भुगतान किया जाएगा। वहीं बिचौलियों को रोकने व पारदर्शिता बरतते हुए क्रय केंद्रों पर मोटे अनाज की खरीद ई-पॉप डिवाइस के माध्यम से पहले की भांति किसानों का बायोमीट्रिक सत्यापन के जरिए ही होगी। श्रीअन्न को बढ़ावा देने के साथ ही सरकार ने इसका न्यूनतम समर्थन मूल्य भी बढ़ाया है।

# टीईटी विरोध के लिए बीजेपी अध्यक्ष को ज्ञापन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** टीईटी अनिवार्यता के मुद्दे पर देशभर के शिक्षक अब आर-पार की लड़ाई के मूड में दिखाई दे रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद शिक्षक संगठनों ने सरकार से ठोस पहल की मांग तेज कर दी है। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे के आह्वान पर प्रदेश के विभिन्न जिलों बाराबंकी, लखनऊ, रायबरेली, गाजियाबाद सहित अनेक स्थानों पर ज्ञापन कार्यक्रम लगातार चल रहे हैं। संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील पांडे ने बताया कि यह कार्यक्रम पूर्व निर्धारित है और 20 सितम्बर तक चलेगा। ज्ञापन के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार से सुप्रीम कोर्ट में मजबूत पैरवी करने और प्रधानमंत्री भारत सरकार से शिक्षक हित में ठोस कदम उठाने की मांग की जा रही है। इसी क्रम में लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विजय मौर्य को प्रधानमंत्री भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। इसमें 03 अगस्त 2017 को शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 में संसद में हुए संशोधन के पुनरीक्षण की मांग की गई है। ज्ञापन के जरिए स्पष्ट किया गया है कि शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता उन शिक्षकों पर लागू न की जाए जो शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 लागू होने से पूर्व ही सेवा में कार्यरत हैं।

## खबर एक नज़र

### एसआरएमयू में रक्तदान शिविर



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर श्री रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर एसजीपीजीआई, एनसीसी, एनएसएस और 1090 क्लब के सहयोग से विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन में संपन्न हुआ।शिविर का समन्वयन विश्वविद्यालय क्लब की डॉ. वीना सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रो. बी.एन. दीक्षित, प्रो. अभिषेक सक्सेना और वित्त अधिकारी राकेश जायसवाल की मौजूदगी में लगभग 100 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। चांसलर इंजीनियर पंकज अग्रवाल और प्रो-चांसलर इंजीनियर पूजा अग्रवाल ने अपने संदेश में कहा कि रक्तदान निस्वार्थ सेवा का प्रतीक है और यह शिविर प्रधानमंत्री के सेवा व समर्पण भाव को समर्पित है। कुलपति प्रो. विकास मिश्र ने कहा कि यह आयोजन विश्वविद्यालय परिवार की एकता और सामाजिक दायित्व का प्रतीक है।

### स्पेलिंग प्रतियोगिता में सीएमएस छात्रा अव्वल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस की मेधावी छात्रा रुद्राशी सिंह ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित स्पेलिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर लखनऊ का नाम रोशन किया है। रुद्राशी ने विज इण्टरनेशनल स्पेल बी कम्प्टीशन के नेशनल मेगा फइनल राउण्ड में आल इण्डिया 7वीं रैंक अर्जित कर अपने मेधावत्व का परचम लहराया है। इस उपलब्धि हेतु रुद्राशी को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### मलिहाबाद में निकली स्वच्छता रैली

**स्वतंत्र भारत, मलिहाबाद।** नगर पंचायत मलिहाबाद में मनाये जा रहे 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वच्छता रैली निकाली गयी। जिसमें निकाय के स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्य, व्यापार मण्डल के सदस्य, अधिवक्ता व स्टेक होल्डर्स आदि ने प्रतिभाग कर साफ-सफाई व कूड़े के पृथक्कीकरण के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस दौरान नगर पंचायत द्वारा रैली के माध्यम से सड़कों के किनारे प्लास्टिक के कूड़े को साफ किया गया। वहीं चिन्हित किये गये सीटीयू की सफाई करते हुए वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर निकाय की अध्यक्ष असमत आरा खां, निदेशालय से नामित अधिकारी रिचा कालरा, अधिशासी अधिकारी राजकुमार चौधरी सहित अन्य स्टाफव सफाई कर्मचारी आदि लोग उपस्थित रहे।

### आयुष्मान नगरीय आरोग्य मंदिरों का निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत सरोजनीनगर।** राजधानी लखनऊ के सरोजनीनगर क्षेत्र में वार्ड की पार्षद गीता देवी गुप्ता ने अपने क्षेत्र में स्थित दो आरोग्य मंदिरों का औचक निरीक्षण कर वहां की स्वास्थ्य सेवाओं, संसाधनों और साफ-सफाई की स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पार्षद गीता देवी गुप्ता पहले प्रथम आरोग्य मंदिर गौरी बिहार पहुँचीं, जहां पर मौजूद चिकित्सक डॉ. चित्रांशी अलका पांडे, स्टाफ नर्स सचिन प्रताप सपोर्टिंग स्टाफ और स्वास्थ्य कर्मी सोनी गौतम ने उन्हें मौजूदा व्यवस्थाओं से अवगत कराया। इसके उपरांत पार्षद ने द्वितीय आरोग्य मंदिर दरोगा खेड़ा गहरू का दौरा किया, जहाँ डॉ. संदीप, प्रशांत सपोर्टिंग स्टाफ और काजल सूर्या से चर्चा की गई। उन्होंने भी संसाधनों की सीमित उपलब्धता और मूलभूत सुविधाओं में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। पार्षद ने दोनों केंद्रों की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं हर नागरिक का मूल अधिकार हैं। पार्षद गीता देवी गुप्ता ने कहा कि वार्ड के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले समय में अस्पताल को और सुसज्जित करने की योजना है ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की सुविधा का सामना न करना पड़े।

### दरगाह पर चढ़ाई चादर



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** माल एवेन्यू स्थित हजरत मोहम्मद नबी शाह बाबा के 118 वां उर्स मुबारक बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मुबारक मौके पर दरगाह पर समाजसेवियों और उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के ओर से अकीदत की चादर पेश की और मुल्क में आपसी भाईचारा, अमन चैन, सुख शांति, प्रदेश की खुशहाली और बाढ़ में फंसे देशवासियों के लिए इज्तिमाई शक्ल में विशेष दुआएं की तथा समाज के सभी वर्गों और पत्रकारों की खुशहाली के लिए भी दुआएं की गई। इस अवसर पर नवाब मसूद अब्दुल्ला, विधायक रविदास मेहरोत्रा, उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के महामंत्री अब्दुल वहीद, सचिव जुबैर अहमद इत्यादि मौजूद रहे।

# बाल श्रम अब संज्ञेय अपराध, उन्मूलन पर कार्यशाला



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** बाल श्रम उन्मूलन पर मंडलीय कार्यशाला का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन के नेतृत्व में श्रम विभाग द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य बाल श्रम की पहचान, रोकथाम और उन्मूलन के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करना था। मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन ने कहा कि बाल श्रम से प्रभावित बच्चों और उनके परिवारों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ना अनिवार्य है। उन्होंने प्रायोजन योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और विधवा पेंशन जैसी योजनाओं का बेहतर कवरेज सुनिश्चित करने पर बल दिया। साथ ही श्रम, महिला कल्याण, पुलिस, बाल कल्याण समिति और एनजीओ के साथ मिलकर संयुक्त बचाव अभियानों की योजना बनाने का सुझाव भी दिया। कार्यशाला में राज्य संसाधन प्रकोष्ठ के सैयद रिजवान अली ने बताया कि बाल और किशोर श्रम अधिनियम 2016 के तहत बाल श्रम अब संज्ञेय अपराध है। यूनिसेफ के बाल संरक्षण विशेषज्ञ सैयद मंसूर कादरी ने कहा कि बाल श्रम का उन्मूलन माता-पिता, समुदाय और सरकार की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रवासी बच्चों की सटीक जानकारी जुटाने और डेटा प्रबंधन की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला के दौरान वी.वी. गिरी राष्ट्रीय श्रम संस्थान की पूर्व वरिष्ठ फेलो डॉ. हेलेन आर. सेकर ने पीतल, ताला, कालीन और कांच उद्योगों में बाल श्रम की स्थिति का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करते हुए कानूनी और संवैधानिक प्रावधानों पर प्रकाश डाला। महिला कल्याण विभाग के उपनिदेशक प्रवीण त्रिपाठी ने बाल श्रम के उन्मूलन के लिए एकीकृत दृष्टिकोण और व्यवहार परिवर्तन पर जोर दिया। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट की एसीपी सौम्या पांडे ने मुक्त कराए गए बाल श्रमिकों के पुनर्वास में विभागीय समन्वय और महिला बीट प्रणाली को शामिल करने का सुझाव दिया।

# देश का प्रत्येक दिव्यांग बने सशक्त और आत्मनिर्भर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा राज्य निधि के अंतर्गत एवं कामता प्रसाद सेवार्थ ट्रस्ट के सहयोग से उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज में आयोजित त्रिदिवसीय ÷दिव्यांग कौशल प्रदर्शनी एवं दिव्य शक्ति प्रदर्शन÷ के दूसरे दिन प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मंत्री कश्यप ने प्रदर्शनी के सभी स्टॉल का अवलोकन कर दिव्यांगजनों की प्रतिभा, उत्पादों और कलाकृतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रस्तुत योग, नृत्य, गायन और श्लोक सामान्य बच्चों से किसी भी दृष्टि से कम नहीं है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस तरह के आयोजन प्रदेश के अन्य जिलों में भी कराए जाएंगे, ताकि दिव्यांगजन आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ सकें।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि देश का प्रत्येक दिव्यांग सशक्त और आत्मनिर्भर बने। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, ट्राई साइकिल, कृत्रिम अंग, स्मार्ट केन, ब्रेल किट आदि निःशुल्क उपलब्ध करा रही है। साथ ही निःशुल्क शिक्षा, उच्च शिक्षा की सुविधा और भरण-पोषण हेतु प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये की सहायता राशि भी दी जा रही है। मंत्री कश्यप ने बताया कि प्रदर्शनी में 50 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें दिव्यांगजन और उनसे जुड़ी संस्थाओं ने साड़ियां, कपड़े, मिट्टी के बर्तन, घरेलू सामान और हस्तशिल्प का प्रदर्शन किया है। इससे उनके हुनर को पहचान मिलेगी और आय के नए स्रोत भी खुलेंगे। उन्होंने इस प्रदर्शनी को प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर आयोजित सेवा पखवाड़ा का हिस्सा बताते हुए इसे दिव्यांगजनों की ओर से प्रधानमंत्री को समर्पित बताया।

## जल शक्ति मंत्री ने गर्रा नदी तटबंध का किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, सितम्बर।** जल शक्ति विभाग मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सदर तहसील में गर्रा नदी के दायें तट पर स्थित अजीजगंज मोहल्ला की सुरक्षा हेतु बांध का स्थलीय निरीक्षण किया एवं सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस में जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।निरीक्षण के समय उपस्थित स्थानीय लोगों द्वारा कराये गये परियोजना के कार्यो की सराहना की गयी। मंत्री जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने अवगत कराया कि ककरा पुल को 80 सेमी ऊपर उठाया जा सकता। साथ ही मंत्री ने बाईपास जिला अस्पताल से निकट स्थित नहर को भी देखा। इस अवसर पर तज शक्ति मंत्री बैठक के समय विधायक ददरौल अरविन्द कुमार सिंह, माननीय जिलाध्यक्ष भाजपा के0सी0 मिश्रा, महानगर अध्यक्ष भाजपा शिल्पी गुप्ता, श्री एच0एन0 सिंह मुख्य अभियन्ता (शारदा) सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# एलडीए ने 150 करोड़ रूपये की अर्जित भूमि से हटाये अवैध कब्जे

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने गुरूवार को गोमती नगर विस्तार में अभियान चलाकर अपनी 10,500 वर्गमीटर अर्जित भूमि से अवैध कब्जे हटाये। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर की गयी इस कार्रवाई में लगभग डेढ़ दर्जन अवैध निर्माणों को जमींदोज किया गया। खाली करायी गयी इस जमीन की कीमत लगभग 150 करोड़ रूपये है। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा अमर शहीद पथ गोमती नगर विस्तार योजना के अंतर्गत वर्ष 2000 में ग्राम-मलेशेमऊ की जमीन का अधिग्रहण किया गया था। इसमें गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-6 में स्थित खसरा संख्या-406, 407, 408 एवं 409 की अर्जित भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अनाधिकृत रूप से कब्जा करते हुए अवैध निर्माण करा लिये गये थे। उपाध्यक्ष महोदय के आदेश पर हाल ही में कराये गये सर्वे में इन अवैध कब्जों को चिन्हित किया गया था। जिस पर उपाध्यक्ष ने जमीन को कब्जामुक्त कराकर स्थल पर आवासीय व व्यावसायिक भूखण्ड नियोजित करने के निर्देश दिये थे। इसके अनुपालन में गुरूवार को अर्जन व प्रवर्तन अनुभाग की संयुक्त टीम ने स्थल पर अभियान चलाया। इस दौरान अवैध कब्जेदारों ने विरोध करते हुए कार्रवाई बाधित करने का प्रयास किया। लेकिन, प्राधिकरण की टीम मौके पर डटी रही और पुलिस बल के सहयोग से सभी अवैध निर्माणों को ढ़हाकर जमीन को खाली करा लिया गया। अपर सचिव ने बताया कि अभियान में लगभग 10,500 वर्गमीटर अर्जित भूमि कब्जामुक्त करायी गयी है। जिसकी वर्तमान कीमत 150 करोड़ रूपये से अधिक है। इस कार्रवाई में नजूल अधिकारी प्रभाकर सिंह, एसडीएम संगीता राघव एवं विराग करवरिया, विशेष कार्याधिकारी देवांश त्रिवेदी, तहसीलदार कुमकुम मिश्रा व अधिशासी अभियंता मनोज सागर उपस्थित रहे।

# रालोद के महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक संपन्न



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल (महिला प्रकोष्ठ) उत्तर प्रदेश द्वारा गुरूवार को विशाल खण्ड गोमती नगर में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश भर से आई महिला कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की और राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों, विचारधारा तथा संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि त्रिलोक त्यागी (राष्ट्रीय महासचिव संगठन राष्ट्रीय लोकदल ) ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के बिना राजनीति अधूरी है। रालोद ने हमेशा महिलाओं को नेतृत्व की मुख्यधारा में लाने का काम किया है। आज समय की आवश्यकता है कि महिलाएं पंचायत से लेकर संसद तक अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराएं। राष्ट्रीय लोकदल महिला प्रकोष्ठ पूरे देश में संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाएगा। त्रिलोक त्यागी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने हमेशा किसानों, मजदूरों और महिलाओं के सम्मान की राजनीति की। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए रालोद महिला प्रकोष्ठ समाज में बदलाव की धुरी बनेगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार (कैबिनेट मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार) ने अपने संबोधन में कहा कि आज रालोद कार्यकर्ताओं का यह सम्मेलन इस बात का प्रमाण है कि पार्टी की जड़ें जनता के बीच गहरी हैं। महिलाओं की यह सक्रियता प्रदेश की राजनीति में सकारात्मक बदलाव लाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही कपिलावे इंदिरा (राष्ट्रीय अध्यक्ष ,राष्ट्रीय लोकदल महिला प्रकोष्ठ) ने कहा कि उत्तर प्रदेश में महिला प्रकोष्ठ का यह आयोजन ऐतिहासिक है। महिलाओं की शक्ति जब संगठन से जुड़ती है तो पार्टी को नई ऊर्जा और दिशा मिलती है। कार्यक्रम मे उपस्थित परिणीता सिंह (प्रदेश अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ, उत्तर प्रदेश) ने कहा कि महिलाएं केवल समाज की धुरी ही नहीं बल्कि राजनीति की भी नींव हैं। राष्ट्रीय लोकदल महिला प्रकोष्ठ आने वाले समय में हर गांव और कस्बे में महिलाओं को संगठित करेगा। कार्यक्रम में उपस्थित तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष कपिलावे दिलीप कुमार ने लोगो से चौधरी चरण सिंह की नीतियों पर चलने की अपील की और महिलाओं से राजनीति में आगे आने को कहा। सम्मेलन मे रालोद महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय सचिव नम्रता शुक्ला , प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य विक्रम सिंह, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी रमावती तिवारी मुख्य रूप से मौजूद रहीं।

## सड़कों को करें गड्ढा मुक्त : राजभर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** पंचायतीराज तथा अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने विकास योजनाओं एवं कानून व्यवस्था की सीएम डैश बोर्ड के माध्यम से समीक्षा बैठक में कहा कि माह अगस्त में प्रदेश में सुल्तानपुर की रैंक 35वीं है। प्रभारी मंत्री ने जिलाधिकारी के माध्यम से अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि बारिश समाप्त होने के पश्चात सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त करने अभियान चलाया जाय। जल जीवन मिशन (ग्रामीण) को हर घर नल जल योजना के अन्तर्गत पाइप लाइन बिछाने के दौरान खोदी गई सड़कों के रेस्टोरेशन का कार्य तेज कराने के निर्देश दिये गये। विधायक सदर द्वारा विद्युत आपूर्ति बाधित होने के सम्बन्ध में नाराजगी जाहिर करते हुए प्रभावी कदम उठाने की मांग की गयी। कुसुम योजना के अन्तर्गत मिलने वाले सोलर पंप का लाभ जनता को अधिक से अधिक मिले, जिसके लिए प्रचार प्रसार में तेजी लायी जाए। एक्सईएन पी0डब्लू0डी0 ने बताया कि फर्नीचर, टी.वी., ए.सी. आदि स्थापना हेतु आगणन शासन को प्रेषित किया जा चुका है। मंत्री द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# निष्प्रयोज्य सामग्री भण्डार गृहों में जमा करें : डा.आशीष

## क्षमता विकास के लिये कार्मिकों को दिया जाये रेग्यूलर प्रशिक्षण



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** विद्युत वितरण व्यवस्था को और बेहतर बनाने हेतु जो ढांचागत विकास कार्य बिजनेस प्लान के अन्तर्गत कराये जा रहे हैं, उसमें निकलने वाले निष्प्रयोज्य पुरानी सामग्री को विभागीय भण्डार गृहों में वापस जमा करायें। वापस की जा रही सामग्री का आडिट भी कराया जाये। इसके साथ जहां सामग्री मानक के अनुरूप वापस नहीं हुई है, वहां जिम्मेदारी तय करते हुये कड़ी विभागीय कार्रवाई तथा वसूली की जाये। यह निर्देश उ0प्र0 पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डा.आशीष गोयल ने गुरूवार को विद्युत वितरण के कार्यों की समीक्षा करते हुये दिये।

ज्ञातव्य है कि विद्युत व्यवस्था के सुधार के लिये जो कार्य किये जाते हैं, उसमें बड़ी संख्या में विद्युत सामग्री बदल कर नयी लगायी जाती है। पुरानी सामग्री का दुरूपयोग तथा इसका अनुचित लाभ कोई भी न लें सकें। इसके लिये यह सख्त कदम उठाया गया है। अध्यक्ष ने कहा कि बिजली के ढ़ाचागत विकास के लिये जो कार्य आरडीएसएस एवं बिजनेस प्लान आदि के अन्तर्गत हो रहे हैं। इसमें गुणवत्ता एवं मानक का ध्यान रखा जाये, साथ ही समय पर कार्य पूर्ण हों। प्रदेश में किसानों को नलकूप कनेक्शन आसानी से प्राप्त हो इसके लिये उन्होंने कहाकि भण्डार गृहों का प्रबंधन ठीक रहे, जिससे विद्युत सामग्री को देने में विलंब न हो। उन्होंने झटपट एवं निवेश मित्र पोर्टल की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इन पर भी कोई आवेदन लंबित न रहे निर्धारित समय के अन्तर्गत सबको संयोजन दिये जायें। अध्यक्ष ने कार्यो की गुणवत्ता को और बेहतर करने के लिये उन्होंने थर्ड पार्टी निरीक्षण के लिए प्रशिक्षण भी शुरू कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विभागीय कार्मिकों और ठेकेदारों की क्षमता और योग्यता के विकास के लिये प्रशिक्षण के लिए सुनियोजित व्यवस्था बनायी जाये। उन्होंने कहा कि थर्ड पार्टी निरीक्षण से क्या परिणाम आ रहे है, क्या लाभ हो रहें हैं इसका अध्ययन किया जाये। ट्रांसफार्मर की क्षतिग्रस्ता रोकने के लिये उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्ता में कमी नहीं आयी है वहॉ के अधीक्षण अभियन्ताओं को नियम 10 के तहत नोटिस दिया जाये और उनसे पूंछा जाये कि आपके यहॉ ट्रांसफार्मर क्यों फुंक रहे हैं, इसके लिये क्या कार्यवाई की। उन्होंने कहा कि बिजनेस प्लान के तहत नोएडा तथा कानपुर में हो रहे अन्डरग्राउण्ड कार्यो का थर्ड पार्टी निरीक्षण कराएं। शक्ति भवन में सम्पन्न इस बैठक में प्रबंध निदेशक पंकज कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## एग्रीफूड में नवाचार विकास पर जोर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** एग्रीफूड 2025 कृषि एवं खाद्य विकास में प्रगति, सुधार और नवाचार का शुभारंभ लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान ने किया। यह आयोजन एमिटी खाद्य एवं कृषि फाउंडेशन द्वारा एमएसएमई के सहयोग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर राकेश सचान ने कहा कि सरकार एक जनपद एक उत्पाद जैसी योजनाओं से कृषि और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में उद्यमिता एवं नवाचार को प्रोत्साहित कर रही है। युवाओं को नवउद्यम से जोड़कर आत्मनिर्भर लक्ष्य को साकार किया जा रहा है। एग्रीफूड जैसे आयोजनों को प्रदेश की कृषि और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। इस दौरान संगोष्ठी की स्मारिका का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, आचार्य मनीष , उद्योग एवं शिक्षाविदों ने खाद्य सुरक्षा, आयुर्वेद की भूमिका, कृषि अपशिष्ट प्रबंधन, सुपरफूड और सतत विकास जैसे विषयों पर विचार रखे। संगोष्ठी का आयोजन निदेशक, एमिटी खाद्य एवं कृषि फाउंडेशन डॉ. शालिनी सिंह विसेन के मार्गदर्शन में हुआ।

# नवरात्रि में महिला सुरक्षा के लिए मिशन-शक्ति अभियान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान के लिए विशेष अभियान मिशन-शक्ति संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर 22 सितंबर से एक अक्टूबर तक मां दुर्गा के नव स्वरूपों की पूजा की जाती है। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मिशन-शक्ति के रूप में देवी मंदिरों एवं शक्तिपीठों में महिलाओं एवं बालिकाओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए इनके सुरक्षा के लिए अभियान संचालित किया जाएगा। इसे लेकर सभी जिलाधिकारियों एवं मण्डलायुक्तों को आवश्यक निर्देश दे दिये गए है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों हेतु चयनित प्रति मंडली एवं प्रति स्थल मानदेय के रूप में 05 हजार रूपये की धनराशि तथा साउंड, लाइट, बैनर, बैकड्राफ, तख्त, दरी बिछावन, भोजन, प्रचार-प्रसार आदि पर 5 हजार रूपये की धनराशि व्यय की जाएगी। मंदिरों में सामाजिक एवं राष्ट्रीय मूल्यों से जन सम्मान को जोड़ते हुए अखण्ड रामायण पाठ, सुंदरकाण्ड पाठ, दुर्गा सप्सती पाठ के आयोजन के निर्देश दिए गए है। प्रत्येक जनपद ‸स्तरीय, तहसील स्तरीय एवं विकासखण्ड स्तरीय समितियों का गठन करते हुए कार्यक्रम संपन्न कराए जाए। समस्त जिलाधिकारियों द्वारा अपने-अपने जनपद में राम मंदिरों, हनुमान, वाल्मिकी तथा दुर्गा मंदिरों में कार्यक्रमों के लिए लोक कलाकारों, भजन मंडली, कीर्तन मंडली का चयन अपने अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा।



स्वतंत्र भारत

# देशवासियों को जीएसटी रिफॉर्म का दिवाली गिफ्ट : योगी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह निर्णय देशवासियों को महंगाई से राहत और व्यापार को गति देने वाला है। यह केवल टैक्स सुधार नहीं बल्कि हर

- रोजगार सृजन की दिशा में होगा अहम कदम

नागरिक के जीवन को सरल बनाने वाला दीपावली का उपहार है। उपभोक्ताओं, किसानों, कारोबारियों और आम परिवारों तक सभी को राहत देने वाले इन सुधारों का लाभ 22 सितम्बर यानी शारदीय नवरात्रि के पहले दिन से मिलने लगेगा।

मुख्यमंत्री ने गुरवार को प्रेस वार्ता में कहा कि यह केवल एक टैक्स सुधार नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई देने वाला व्यापक अभियान है। जुलाई 2017 में जीएसटी लागू होने से पहले देश में अलग-अलग कर लागू थे जिनमें वैट, सेल टैक्स, सेवा कर, उत्पाद शुल्क, एंट्री टैक्स और मनोरंजन कर जैसे जटिल कर उपभोक्ताओं और कारोबारियों पर भारी पड़ते थे। जीएसटी ने इन्हें समाहित कर देश को वन नेशन, वन टैक्स की व्यवस्था दी। जीएसटी में सबसे बड़ा सुधार किया गया है। पहले चार स्लैब थे, लेकिन अब सिर्फ दो स्लैब 5 और 18 पतिशत को रखा गया है। 12 और 28 फीसदी की दरें समाप्त कर दी गई हैं। कुछ विलासिता की वस्तुओं पर 40 प्रतिशत टैक्स यथावत रहेगा। इससे आम उपभोक्ता को सीधी राहत मिलेगी। रसोई से लेकर कृषि, मकान निर्माण से लेकर बड़े हाईवे और प्रोजेक्ट्स, उद्योग और व्यापार सहित हर क्षेत्र को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि एक सामान्य गृहस्थ परिवार को अब घरेलू खर्चों में सीधी राहत मिलेगी। दूध, दही, पनीर, शैम्पू, टूथपेस्ट, साबुन, साइकिल और बच्चों से जुड़े सामान पर केवल 5 प्रतिशत टैक्स लगेगा। इससे न सिर्फ रोज़मर्रा के खर्च कम होंगे बल्कि उपभोक्ता की क्रय क्षमता भी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुधार किसानों और ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था के लिए भी ऐतिहासिक है। ट्रैक्टर, टायर, कीटनाशक और सिंचाई उपकरणों पर टैक्स घटाकर 5 फीसदी कर दिया गया है। इससे खेती की लागत घटेगी और उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इसके अलावा दवाइयों, ऑक्सीजन और जांच किट पर भी टैक्स घटाया गया है। इससे इलाज सस्ता होगा और हर सामान्य नागरिक को राहत मिलेगी। सरकार ने वाहनों की खरीद-फरोख्त पर भी राहत दी है। इस निर्णय से न केवल आम नागरिक की गाड़ी खरीदने की क्षमता बढ़ेगी, बल्कि ऑटोमोबाइल सेक्टर को भी बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि नोटबुक, पेंसिल और अन्य शिक्षण सामग्री पर टैक्स पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। जहां एक ओर आम उपभोक्ताओं और विद्यार्थियों को छूट दी गयी है, वहीं तंबाकू और पान मसाला जैसे उत्पादों पर टैक्स दर बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जीएसटी से पहले देश का टैक्स संग्रह केवल 7 लाख करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 22.8 लाख करोड़ रुपये हो गया है। टैक्स पेयर्स की संख्या भी 65 लाख से बढ़कर 1.51 करोड़ हो गई है। देश के हाईवे, रेलवे, एयरपोर्ट और रक्षा उत्पादन में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं। इसी तरह रक्षा उत्पादन 46,000 करोड़ से बढ़कर 1,27,000 करोड़ रुपये हो गया। रक्षा निर्यात 686 करोड़ से बढ़कर 23,600 करोड़ रुपये तक पहुंचा। 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना से 4 करोड़ परिवारों को घर मिले हैं। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन मिल रहा है। उन्होंने बताया कि पहले यूपी में वैट और सेल टैक्स से केवल 49,000 करोड़ रुपये का राजस्व आता था। 2017 के बाद यह बढ़कर 1.15 लाख करोड़ रुपये हो गया। केंद्र से जो शेयर मिलता है वो अलग। मुख्यमंत्री ने बताया कि व्यापारी कल्याण बोर्ड के माध्यम से प्रदेश सरकार ने रजिस्ट्रेशन को प्रोत्साहित किया है और टैक्स देने वाले व्यापारियों को एक लाख का सुरक्षा बीमा कवर भी उपलब्ध कराया है। अब तक 1063 परिवारों को 152 करोड़ से अधिक की बीमा राशि वितरित की जा चुकी है।

# तथ्य के साथ सत्य को लेकर घर- घर जाएं : धर्मपाल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने शक्ति केन्द्र संयोजको की बैठक में कहा कि शक्ति केन्द्र की मजबूत संरचना ही विजय का फार्मूला है। शक्ति केन्द्र ही मंडल और बूथ के बीच मजबूत सेतु है। शक्ति केन्द्र की जिम्मेदारी परिश्रमी, ऊर्जावान और निष्ठावान कार्यकर्ताओं को सौंपी जाय। तथ्य के साथ सत्य को लेकर हर घर तक पहुंचना है और विपक्ष के द्वारा फैलाए जा रहे झूठ का सफाया करना है।

धर्मपाल सिंह ने सेवा पखवाड़ा के तहत सेवा कार्यों के सभी कार्यक्रमों को बूथ स्तर पर प्रभावी रूप में आयोजित करने के लिए बैठक में चर्चा की। हमें ऐसे युवाओं को संगठन में जिम्मेदारी सौंपने का काम करना है, जो ऊर्जावान और अनुशासित है। भाजपा सरकारों के सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण को समर्पित कार्यों को लेकर बार-बार, हर बार जनता के बीच चर्चा करने का स्वभाव विकसित करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल, शक्ति केन्द्र तथा बूथ के बीच मजबूत तंत्र विकसित करने से पार्टी के सभी अभियान व कार्यक्रमों के साथ ही केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाएं जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। नियमित बूथों पर बैठक एवं बूथ समितियों, पन्ना प्रमुखों, बूथ पर रहने वाले पार्टी पदाधिकारियों, प्राथमिक सदस्य, पूर्व पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चत की जाए। प्रत्येक बूथ पर सक्रिय कार्यकर्ताओं को पन्ना प्रमुख बनाने का काम करना है। मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं को मतदाता बनाना तथा दिवगंत या क्षेत्र छोडकर अन्यत्र चले गए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटवाने का काम करना है। मुस्लिम तुष्टीकरण की नीति पर कांग्रेस व सपा की सरकारों में गुण्डों, अपराधियों, माफियाओं तथा भ्रष्टाचारियों को राजनैतिक संरक्षण दिया गया। सपा सरकार में बहन-बेटियों का शौहदों की डर से स्कूल जाना बंद हो गया था। आज योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के भयमुक्त वातावरण में खेत, खलिहान, दुकान, मकान तथा मां, बहन, बेटी का सम्मान सुरक्षित है। हमें तथ्य के साथ सत्य को लेकर जनता के बीच पहुंचना है और विपक्ष के झूठ और फरेब का सफाया करना है।

# परिवहन निगम की दो सौ नई एसी बसें सड़कों पर दौड़ेंगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** नवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम प्रदेशवासियों को विशेष उपहार देने जा रहा है। निगम द्वारा 200 नई एसी

- नवरात्रि पर प्रदेशवासियों को मंत्री का तोहफा

बसों को सेवा में शामिल किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)दयाशंकर सिंह ने बताया कि उक्त सभी बसें अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित हैं द्य इन बसों की विशेषता यह है कि इनमें 2म2 सीटर आरामदायक रीक्लाइन सीटें उपलब्ध कराई गई हैं।जिससे यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा में भी पूर्ण सुविधा और आराम मिलेगा।

परिवहन मंत्री ने बताया कि बहुत जल्द ये सभी बसें प्रदेश की विभिन्न सड़कों पर दौड़ती नज़र आएंगी। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और आधुनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने मुख्यमंत्री का धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रदेश की जनता को यह सौगात दी जा रही है। प्रदेश सरकार की मंशा लोगों को बेहतर सरल आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा मुहैया कराना है।



## पांच हजार से अधिक बसें निगम बेड़े में शामिल

परिवहन मंत्री ने बताया कि 2022 से उनके कार्यभार ग्रहण करने से लेकर अब तक 5000 से अधिक बसें उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के बेड़े में शामिल हो चुकी हैं। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम का बेड़ा वर्तमान में देश में सबसे युवा बेड़ा बन गया है,क्योंकि परिवहन निगम की बसों की वर्तमान औसत आयु देश के अन्य राज्य परिवहन निगम की बसों की तुलना में सबसे कम है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का हृदय से धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

# लेखपाल डैशबोर्ड का शुभारंभ, जवाबदेही तय



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश की राजस्व व्यवस्था को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए राजस्व परिषद अध्यक्ष अनिल कुमार

- अब एक क्लिक पर दिखेगा हर काम

ने सरोजनीनगर तहसील में ÷लेखपाल डैशबोर्ड÷ का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अब लेखपालों के सभी कार्य एक ही प्लेटफार्म पर दिखाई देंगे और सिंगल लॉगइन से उनका निस्तारण किया जा सकेगा। प्रदेश के 22 हजार से अधिक लेखपाल अब भूमि अभिलेख संशोधन, आय-जाति-निवास प्रमाणपत्र की स्थिति, हल्का मैपिंग, धारा 34, 80, 89 व 98 की कार्यवाही और अवकाश स्वीकृति की प्रक्रिया एक डैशबोर्ड पर करेंगे। उच्चाधिकारियों को भी किसी भी स्तर पर कर्मचारियों के काम की वास्तविक समय में मॉनिटरिंग का मौका मिलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि अब राजस्व सेवाओं को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने का संकल्प लिया गया है। आने वाले समय में 'राजस्व निरीक्षक डैशबोर्ड', 'तहसीलदार डैशबोर्ड' और 'उपजिलाधिकारी डैशबोर्ड' भी विकसित किए जाएंगे, जिससे प्रशासनिक कामकाज में और तेजी व पारदर्शिता आएगी। अध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा कि यह पहल तकनीक के साथ-साथ राजस्व परिवार के हजारों कर्मचारियों की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने एनआईसी की तकनीकी टीम और परिषद से जुड़े सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। इस मौके पर जिलाधिकारी लखनऊ विशाख जी, सरोजनी नगर एसडीएम अंकित, वरिष्ठ आईएएस अधिकारी गंगाराव और अनिल यादव, तहसीलदार सुखबीर सहित विभिन्न तहसीलों के अधिकारी मौजूद रहे।

## आम जनता के लिए क्या बदलेगा?

पहले - लोगों को आय, जाति, निवास प्रमाणपत्र या भूमि अभिलेख में संशोधन के लिए बार-बार तहसील चक्कर लगाने पड़ते थे। काम किस स्थिति में है, इसकी सही जानकारी समय पर नहीं मिलती थी। अधिकारी और कर्मचारी के काम की निगरानी सीमित स्तर तक ही हो पाती थी। अब - सभी सेवाओं की स्थिति ऑनलाइन एक क्लिक में देखी जा सकेगी। भूमि अभिलेख संशोधन, प्रमाणपत्र सत्यापन और अन्य राजस्व कार्यों की रियल टाइम ट्रैकिंग जनता और अधिकारियों दोनों को मिलेगी। पारदर्शिता बढ़ेगी, समय की बचत होगी और फालतू चक्कर खत्म होंगे। अधिकारी सीधे डैशबोर्ड से काम की प्रगति देख सकेंगे, जिससे शिकायतों पर भी तुरंत कार्रवाई संभव होगी। अब जनता के राजस्व संबंधी काम होंगे सरल, तेज़ और पारदर्शी।

# 150 साल पुराने ऐतिहासिक गेट का सपना अधूरा

**स्वतंत्र भारत, मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज कस्बे की पहचान रहा 150 वर्ष पुराना ऐतिहासिक गेट आज सिर्फयादों तक सिमट कर रह गया है। रायबरेली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कभी शान से खड़ा यह

- मोहनलालगंज की पहचान अब धुंधली

गेट अब अतीत की कहानी बन चुका है। टूटने के बाद लोगों को गेट के पुनर्निर्माण के सिर्फ आश्वासन मिले, लेकिन सालों बीत जाने के बाद भी नई संरचना खड़ी नहीं हो सकी।

यह गेट सिसेंडी स्टेट से जुड़ा हुआ था और मोहनलालगंज की पहचान बन गया था। स्थानीय बुजुर्ग बताते हैं कि कस्बे में आने-जाने वाले हर यात्री का स्वागत इसी गेट से होता था।

जब 2012 में रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण हुआ था, तब इस गेट को दोबारा बनाने की मांग को लेकर कस्बावासियों ने धरना-प्रदर्शन भी किया था। गंभीरता को देखते हुए तत्कालीन एसडीएम ने लोगों को आश्वस्त किया था कि गेट का निर्माण अवश्य होगा लेकिन अफ्सोस है कि इसके बाद काम ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। गेट की नींव वहीं अधूरी पड़ी रह गई और लोगों का सपना टूटकर बिखर गया।

# सीएम युवा योजना में 90 हजार से अधिक युवाओं को आर्थिक सहायता

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में चल रहे

- टूलकिट योजना के अंतर्गत 75 हजार लोगों को दिया जा चुका प्रशिक्षण
- विश्वकर्मा एक्सपो के दूसरे दिन एमएसएमई मंत्री पहुंचे

विश्वकर्मा एक्सपो 2025 के दूसरे दिन का आयोजन बेहद उत्साह और उमंग के साथ सम्पन्न हुआ। तीन दिवसीय इस भव्य आयोजन की शुरुआत 17 सितम्बर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्वकर्मा पूजा के पावन अवसर पर की थी, जहां उन्होंने नई आधुनिक व्यापारिक गतिविधियों को विश्वकर्मा योजना में शामिल करने की घोषणा की थी। गुरूवार को एक्सपो में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान (एमएसएमई, खादी, ग्रामोद्योग, रेशम एवं वस्त्र विभाग) मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और कारीगरों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की सराहना की। मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य परंपरागत कारीगरों को आधुनिक व्यापारिक अवसरों से जोड़ना है, ताकि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ स्वरोज़गार के नए मार्ग प्रशस्त किए जा सकें। मंत्री राकेश सचान ने मौके पर दर्जी ट्रेड की लाभार्थी महिलाओं राजकुमारी, प्रीती, पूजा और शज़िआ को टूलकिट वितरित किए। इसी प्रकार धोबी ट्रेड के लाभार्थी हेमंत कनौजिया और रंजीत कनौजिया को ब्रांडेड वॉशिंग मशीन सहित टूलकिट प्रदान किए गए। इसके साथ ही सीएम युवा योजना के अंतर्गत आकाश कनौजिया को 5 लाख रुपये और अमित कुमार को 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता के चेक दिए गए। अपने संबोधन में मंत्री ने बताया कि 24 जनवरी से प्रारंभ हुई सीएम युवा योजना के तहत अब तक 90 हजार से अधिक युवाओं को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा चुकी है और शीघ्र ही एक लाख का लक्ष्य पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अब योजना में मोबाइल रिपेयर, सोलर पैनल इंस्टॉलेशन, कम्प्यूटर रिपेयर, डिजिटल फोटोग्राफी, ब्यूटी एवं वेलनेस जैसे नए ट्रेड्स जोड़े जाने से युवाओं को बाजार की मांग के अनुरूप अवसर मिलेंगे और उनकी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ेगी। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले वर्ष टूलकिट योजना के अंतर्गत 75 हजार लोगों को प्रशिक्षण दिया गया था और अब सभी को उन्नत टूलकिट उपलब्ध कराने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। इस वित्तीय वर्ष में मुख्यमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिए पंजीकरण भी जल्द शुरू होगा।



# सौरभ हत्याकांड खुलने लगे राज

**तफ्तीश**



**लखनऊ।** मेरठ के बहुचर्चित सौरभ राजपूत हत्याकांड की सुनवाई पिछले दिनों जिला जज संजय पांडे की अदालत में हुई। इस दौरान अदालत ने साक्ष्यों की पड़ताल के सिलसिले में एक मेडिकल स्टोर संचालक अमित जोशी की गवाही दर्ज की। अमित जोशी ने अदालत को बताया कि हत्या से पहले 3 मार्च को मुस्कान रस्तोगी उसकी दुकान पर नींद की दवा लेने आई थी। उस वक्त वह अकेली नहीं थी, बल्कि एक बुजुर्ग स्कूटी से साथ लाया था। अदालत में जब उससे मुस्कान की पहचान कराई गई तो उसने पुष्टि की कि वही महिला उसकी दुकान पर दवा लेने आई थी। बचाव पक्ष ने सवाल उठाया कि बिना पूरी जांच के नींद की दवा कैसे दे दी गई। इस पर जोशी ने स्पष्ट किया कि मुस्कान ने मोबाइल फोन पर डॉक्टर का लिखा हुआ पर्चा दिखाया था, उसी आधार पर दवा दी गई। कोर्ट में मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल शुक्ला की पेशी जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये कराई गई। अदालत ने दोनों की मौजूदगी में गवाही दर्ज की। आज नीला ड्रम काटने वाले अशोक कुमार को गवाही के लिए तलब किया गया है। ट्रायल के तहत अभी तक मृतक सौरभ के भाई बबलू, हेडमोर्हरिर बृजेश कुमार, सौरभ की मां रेणु, दोस्त सौरभ कुमार, चाकू-छुरी विक्रेता राकेश, नीला ड्रम विक्रेता सैफुद्दीन, बिल्डिंग मटेरियल कारोबारी आशु, दवा लिखने वाले डॉक्टर अरविंद देशवाल और अब दवा देने वाले दुकानदार अमित जोशी की गवाही हो चुकी है। बता दें कि लंदन के एक मॉल में कार्यरत और पूर्व में नेवी मर्चेंट में नौकरी कर चुके सौरभ राजपूत 24 फरवरी को मेरठ लौटे थे। उन्होंने 25 फरवरी को बेटी पीहू का जन्मदिन और 27 फरवरी को पत्नी मुस्कान का जन्मदिन मनाया। लेकिन 3 मार्च की रात पत्नी मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल शुक्ला के साथ मिलकर सौरभ की सीने में चाकू घोंपकर हत्या कर दी। बाद में दोनों ने शव के टुकड़े कर प्लास्टिक के नीले ड्रम में सीमेंट के घोल से सील कर दिए थे। इस तफ्तीश से यह साफ हो रहा है कि अदालत की कार्रवाई में एक-एक कर साजिश की कड़ियां जुड़ रही हैं और गवाहियों से घटनाक्रम की तस्वीर और स्पष्ट हो रही है।

**- विनीत कुमार**

# सात जनपदों के बीएसए बदले

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** बेसिक शिक्षा विभाग ने सात जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों का तबादला कर दिया। विभागीय आदेश के अनुसार कई ज़िलों में नए बीएसए की नियुक्ति की गई है और कुछ अधिकारियों को नई ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। जारी आदेश के मुताबिक़ अनुराग श्रीवास्तव को वाराणसी का नया बीएसए बनाया गया है। वहीं रतन कीर्ति को मथुरा और सचिन कसाना को बिजनौर भेजा गया है। लालचंद्र को अयोध्या का बीएसए नियुक्त किया गया है, जबकि संगीता सिंह को गोरखपुर में नई जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा योगेंद्र कुमार, हेमंत राव और शिवेंद्र प्रताप सिंह के कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन किया गया है।

# नक्शा पास कराना अब आसान, ऐप पर मिलेगी एनओसी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** शहर में भवन बनाने के लिए मानचित्र पास कराना अब और भी

- लविप्रा की पहल पर डिजिटल व्यवस्था लागू

आसान होगा। इसके लिए विभिन्न विभागों से ली जाने वाली एनओसी के लिए लोगों को न तो विभागों के चक्कर लगाने पड़ेंगे और न ही महीनों तक इंतजार करना होगा। सभी एनओसी लोगों को सीधे उनके व्हाट्स एप नंबर पर मिलेगी। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार की पहल पर प्राधिकरण में एनओसी के लिए डिजिटल व्यवस्था लागू कर दी गयी है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि शहर में आवासीय एवं व्यावसायिक आदि भवनों का मानचित्र स्वीकृत कराने के लिए लोगों को विभिन्न विभागों से एनओसी लेनी होती है। इसमें नजूल, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट, सीलिंग, अर्जन, लैंड यूज की एनओसी प्राधिकरण के अनुभागों से जारी होती है। इसके अलावा सम्बंधित तहसील व जलकल विभाग की एनओसी की जरूरत पड़ती है। पूर्व प्रचलित व्यवस्था के तहत जब भी कोई एलडीए में मानचित्र के लिए आवेदन करता था तो उसे सम्बंधित विभागों की एन0ओ0सी0 जमा कराने के लिए पत्र जारी कर दिया जाता था।



# पूर्वांचल व दक्षिणांचल के साथ पांच शहरों के निजीकरण की तैयारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने आरोप लगाया है कि पांच शहरों की वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग कर पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत

- निजीकरण के विरोध में प्रांत व्यापी आंदोलन जारी

वितरण निगमों के समानांतर इन शहरों के निजीकरण की भी तैयारी चल रही है। निजीकरण के विरोध में लगातार चल रहे आंदोलन के 295 वें दिन गुरूवार को बिजली कर्मियों ने प्रदेश के समस्त जनपदों में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने यहां कहा कि विदित हुआ है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के आरएफपी डॉक्यूमेंट पर विद्युत नियामक आयोग द्वारा लगाई गई आपत्तियों का जवाब तैयार कर लिया गया है और आरएफपी डॉक्यूमेंट के अनुमोदन के लिए पावर कॉरपोरेशन किसी भी समय विद्युत नियामक आयोग में जा सकता है, जिससे निजीकरण की प्रक्रिया तीव्र गति से आगे बढ़ाई जा सके।

संघर्ष समिति ने विद्युत नियम आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार से अपील की है कि यदि पावर कारपोरेशन का निजीकरण का आरएफपी डॉक्यूमेंट अनुदान के लिए आता है तो पहले उसे अस्वीकृत कर दिया जाए और अगर उस पर चर्चा भी की जाती है तो उसके पहले विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों से चर्चा की जाए, क्योंकि निजीकरण से बिजली कर्मचारियों का भविष्य अंधकारमय होने जा रहा है। संघर्ष समिति ने आरोप लगाया है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के समानांतर उत्तर प्रदेश के पांच अन्य शहरों के निजीकरण की तैयारी भी अंदर-अंदर की जा रही है। संघर्ष समिति ने कहा कि कानपुर, मेरठ, अलीगढ़, बरेली और लखनऊ शहर की बिजली व्यवस्था का ऊर्ध्वाधर पुनर्गठन (वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग) करने के पीछे मुख्य उद्देश्य इन शहरों की बिजली व्यवस्था का निजीकरण किया जाना है। संघर्ष समिति ने कहा कि पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉक्टर आशीष गोयल जो ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोशिएशन के महामंत्री के रूप में काम करने में अधिक रुचि ले रहे हैं। उन्होंने आल इंडिया डिस्कॉम एसोशिएशन की वेबसाइट पर निजीकरण पर अपनी उपलब्धियां गिनाने के क्रम में स्वयं एक नया पॉइंट जोड़ा है, जिसमें इस बात को लिखा है कि पूर्वांचल विद्युत निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के साथ सुधार के लिए कानपुर, मेरठ, अलीगढ़, बरेली और लखनऊ की बिजली व्यवस्था की वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग की जा रही है। इससे बिल्कुल साफ हो जाता है कि इन शहरों के निजीकरण की साथ-साथ तैयारी चल रही है। संघर्ष समिति ने कहा कि सरकारी क्षेत्र में रहते हुए देश के जिन शहरों में भी बिजली व्यवस्था में सर्वाधिक सुधार किया गया, उनमें से किसी भी शहर में इस प्रकार तुगलकी फरमान जारी कर वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग जैसी विचित्र व्यवस्था नहीं लागू की गई। बिजली के निजीकरण का विरोध में लगातार चल रहे आंदोलन के 295 वें दिन आज बिजली कर्मियों ने वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिर्जापुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, नोएडा, गाजियाबाद, मुरादाबाद में बड़ी सभाएं कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।





## ऊर्जा मंत्री ने सुनी जनता की समस्याएं

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अपने सरकारी आवास पर जनसुनवाई की। इस दौरान विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों ने सीवर लाइन, सड़क निर्माण, विद्युत बिल सुधार, पोल शिफ्टिंग एवं स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया। जनसुनवाई में आये शिकायतकर्ताओं का बात सुनकर उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनता की समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विद्युत विभाग से संबंधित शिकायतों पर विशेष रूप से निर्देश देते हुए अधिकारियों को कहा कि तार एवं पोल लगाने अथवा शिफ्टिंग से पूर्व आस-पास के जमीन मालिकों की सहमति लेना अनिवार्य है। यदि पहले से सहमति ली जाए तो इस प्रकार की विवादित समस्याओं से बचा जा सकता है।

## नानपारा-नेपालगंज रेल लाइन का संरक्षा परीक्षण किया गया



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल द्वारा यात्री सुविधाओं के उन्नयन एवं परिचालनिक सुगमता के लिए मूलभूत ढांचे में विस्तार के क्रम में नानपारा नेपालगंज रोड स्टेशनों के मध्य (19.33 किमी.) का 25,000 वोल्ट एसी क्षमता के नई विद्युतीकृत लाइन युक्त रेल लाइन के संरक्षा परीक्षण के पहले दिन गुरुवार को रेल संरक्षा आयुक्त, पूर्वोत्तर परिमंडल प्रणजीव सक्सेना द्वारा पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) अभय कुमार गुप्ता, मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण ओपी सिंह, मुख्य विद्युत वितरण इंजीनियर सुरेश कुमार, मुख्य इंजीनियर/निर्माण आरके सिंह, मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/प्लानिंग निलाभ महेश, मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/निर्माण आरके चौधरी, उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/।। विनोद कुमार तथा लखनऊ के मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल समेत मंडल व निर्माण संगठन के अधिकारियों की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रेल संरक्षा आयुक्त ने नानपारा रेलवे स्टेशन पर नई विद्युतीकृत रेल लाइन के मानक के अनुरूप सेफ्टी अभिलेखों, यार्ड प्लान, स्टेशन वर्किंग रूल, प्लेटफार्म क्लियरेंस, यार्ड पॉइंट क्रासिंग, सिगनलिंग, बर्थिंग ट्रैक बैलास्ट, फाउलिंग मार्क, पैनल इंटरलॉकिंग, बैटरी रूम, रिले रूम आदि का संरक्षा के दृष्टिगत निरीक्षण किया तथा स्टेशन मास्टर से पैनल रूम में परिचालनिक संरक्षा संबंधी प्रश्न पूछकर संरक्षा कार्य कुशलता परखी। इसके बाद रेल संरक्षा आयुक्त ने अन्य अधिकारियों के साथ मोटर ट्राली से नानपारा-बाबागंज हॉल्ट के मध्य नई विद्युतीकृत लाइन के संरक्षा निरीक्षण के लिए रवाना हुए। इस दौरान सक्सेना ने माइनर ब्रिज संख्या-01, एलएचएस संख्या 01बी एवं कर्व संख्या-01, मेजर ब्रिज संख्या-01ए, माइनर ब्रिज संख्या-02, बैलास्ट कुशन एवं माइनर ब्रिज संख्या-04 का संरक्षा निरीक्षण किया तथा बाबागंज हॉल्ट स्टेशन पहुंचने पर मानकों के अनुरूप स्टेशन अपडेशन का व्यापक निरीक्षण किया। इसी क्रम में कल बाबागंज हाल्ट-नेपालगंज रोड के मध्य रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा संरक्षा निरीक्षण किया जाएगा। साथ ही निरीक्षण के उपरांत नेपालगंज रोड-नानपारा के मध्य स्पेशल ट्रेन से नई विद्युतीकृत रेलवे लाइन पर स्पीड ट्रायल भी किया जाएगा। इस परिवर्तन का कार्य पूरा हो जाने से तराई का यह क्षेत्र देश के ब्राड गेज नेटवर्क से जुड़ जायेगा तथा क्षेत्र के लोगों को महानगरों में जाने की सुविधा उपलब्ध हो जायेगी, ट्रांशिपमेंट से छुटकारा मिल जायेगा, क्षेत्र के कृषि उत्पादों को महानगरों में भेजना आसान होगा। फलस्वरूप क्षेत्र की आर्थिक विकास को गति मिलेगी। नानपारा-नेपालगंज रोड खण्ड पर 01 बड़ा पुल, 10 छोटा पुल, 03 समपारों पर सीमित ऊंचाई का सब-वे बनाया गया है। इस अवसर पर लखनऊ मण्डल के वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक प्रसन्न कात्यायन, वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी डा. शिल्पी कन्नौजिया, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर/।। अश्विनी कुमार तिवारी, वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर वैभव श्रीवास्तव, वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर (टीआरडी) धनन्जय मिश्रा, मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर रविन्द्र सिंह एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** स्वच्छ उत्सव थीम के अन्तर्गत सम्पूर्ण भारतीय रेल पर बुधवार से 2 अक्टूबर 2025 तक 'स्वच्छता ही सेवा-2025' स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में लखनऊ मण्डल में मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में मंडल के चिकित्सालयों एवं स्टेशनों पर सफाई मित्र सुरक्षा एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसी क्रम में ऐशबाग पॉलीक्लिनिक पर अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. दीक्षा चौधरी के नेतृत्व में अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. संजय तिवारी, वरिष्ठ परामर्शदाता डा. कुमार उमेश एवं अंशकालीन दंत सर्जन डा. रुचिका किशोर द्वारा 30 सफाईमित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण, दन्त परीक्षण एवं टिटनस का टीकाकरण किया गया तथा सभी को उचित सलाह एवं दवाईयां दी गयीं। इसके उपरान्त 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान के अन्तर्गत महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक भी किया गया।

## इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए निजी ऑपरेटरों को अवसर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने शहरी परिवहन को अधिक स्वच्छ, सुरक्षित और हरित बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। अब प्रदेश की दो प्रमुख नगर निगम इकाइयों–कानपुर नगर और लखनऊ नगर–में निजी संचालकों एवं संस्थाओं के माध्यम से इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाएगा। इस पहल के तहत नेट कॉन्ट्रैक्ट मोड पर निजी कंपनियों को संचालन की जिम्मेदारी दी जाएगी, ताकि आम नागरिकों को बेहतर, किफायती और आरामदायक सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सके। हर शहर में 10 विशेष मार्गों पर इलेक्ट्रिक बसें इस परियोजना के अंतर्गत कानपुर नगर और लखनऊ नगर में 10-10 मार्गों पर इलेक्ट्रिक बसों की आपूर्ति, संचालन और रख-रखाव हेतु निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। प्रत्येक मार्ग पर न्यूनतम 10 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन अनिवार्य होगा। **कानपुर और लखनऊ के लिए चयनित मार्ग :** कानपुर में चुने गए मार्गों में रामादेवी-जाजमऊ, फजलगंज-रूमा, गोविंद नगर-अनवरगंज, कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन-नवीन मार्केट, कानपुर रेलवे स्टेशन-बर्रा वर्ल्ड बैंक, कानपुर रेलवे स्टेशन-किदवई नगर, कानपुर सेंट्रल स्टेशन-रावतपुर, कानपुर शहर-सुजाता नगर और कानपुर शहर-चकेरी जैसे महत्वपूर्ण रूट शामिल हैं। लखनऊ में चारबाग-बाराबंकी, कानपुर-एयरपोर्ट, आलमबाग-मोहनलालगंज, चौक-इंदिरानगर, हजरतगंज-मोहन रोड, चारबाग-माल एवेन्यू, चारबाग-दुर्गा मंदिर, हजरतगंज-अमौसी, इटौंजा-मलिहाबाद और चारबाग-काकौरी जैसे प्रमुख मार्गों पर इलेक्ट्रिक बसें दौड़ेंगी।

## बहुजन मुक्ति पार्टी का तीसरा राष्ट्रीय अधिवेशन ४ अक्टूबर को

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** बहुजन मुक्ति पार्टी (बीएमपी) का तीसरा राष्ट्रीय अधिवेशन 4 अक्टूबर 2025, शनिवार को मुंबई के लोकमान्य तिलक क्रीड़ांगण, तिलक नगर, चेंबूर में आयोजित किया जाएगा। यह अधिवेशन शाम 3 बजे से रात 10 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक शिवसेना, बाबूराव माने करेंगे। मुख्य अतिथियों में प्रवेंद्र प्रताप सिंह (राष्ट्रीय अध्यक्ष, बीएमपी), दाराशराम नायक (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, बीएमपी), डॉ. अजीत माने (राष्ट्रीय महासचिव, बीएमपी), चौधरी विक्रम एडवोकेट (राष्ट्रीय अध्यक्ष, आरपीवीएम), डॉ. मनु नवघरे (राष्ट्रीय महासचिव, आईएमपीए) और डॉ. रोहित मुखर्जी (राष्ट्रीय महासचिव, आरएमएम) शामिल होंगे। अधिवेशन का मुख्य मार्गदर्शन राष्ट्रीय अध्यक्ष बहुजन मुक्ति मोर्चा एवं राष्ट्रीय संयोजक आरपीएम, वामन मेश्राम करेंगे। अधिवेशन में ईवीएम हटाओ देश बचाओ आंदोलन, ओबीसी जनगणना, सामाजिक न्याय, शिक्षा, रोजगार और किसानों-मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा होगी। इस मौके पर देशभर से बड़ी संख्या में बहुजन समाज के प्रतिनिधि और कार्यकर्ता भाग लेंगे।

## हेल्थ विजिटर्स संघ का अधिवेशन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** उत्तर प्रदेश टीबी मेल हेल्थ विजिटर्स संघ का अधिवेशन तथा कार्यकारिणी गठन की बैठक जिला क्षय रोग केंद्र राजेंद्र नगर लखनऊ में संपन्न हुई जिसमें संवर्ग की विभिन्न मांगों पर संघ स्तर से हरसंभव प्रयास करने का संकल्प लिया गया संघ की प्रमुख मांगों में शैक्षिक योग्यता का निर्धारण तथा पदनाम परिवर्तन और प्रोन्नति के पद का सृजन किया जानाशामिल है संघ की नई कार्यकारिणी का गठन चुनाव प्रक्रिया द्वारा करने हेतु राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के प्रांतीय संप्रेक्षक नागेंद्र भूषण पांडे को चुनाव अधिकारी नामित कर चुनाव संपन्न कराया गया।

## युवाओं को रोजगार के साथ पर्यटन को मिलेगी नई पहचान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष (व्यापार) रोहित अग्रवाल के नवनिर्मित इमेजिन रिज़ॉर्ट का उद्घाटन आज कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, विधायक अशरफ अली, गुड्डू चौधरी, योगेश नवहार, प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय, राष्ट्रीय सचिव त्रिलोक त्यागी और अनिल दुबे समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** आयुर्वेदिक ज्ञान से करें दिन की शुरुआत विषय पर पैनल चर्चा अल्मंड बोर्ड ऑफ कैलिफ़ोर्निया के द्वारा हुई। डॉ. मधुमिता कृष्णन, ऋतिका समद्दार और अभिनेत्री रोशनी चोपड़ा ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने सुबह योग, ध्यान और बादाम सेवन को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताया।

## कचरे पर किया जागरूक



**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** नई डॉक्यूमेंट्री द डर्टी स्काई रिलीज़ की। निर्देशन वरिष्ठ फिल्मकार ओ.पी. श्रीवास्तव ने किया है। फिल्म अंतरिक्ष मलबे और ऑर्बिटल कचरे से बढ़ते संकट को उजागर करती है निर्माताओं का कहना है कि यह विश्व समुदाय के लिए चेतावनी है


**उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड**

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना सं0– 12/अनु0ई0/श0भ0वि0/2025–26**

कार्य का नाम : शक्ति भवन मुख्यालय, शक्ति भवन विस्तार एवं विभागीय कालोनियों में स्थापित पंखों के वार्षिक अनुरक्षण हेतु।

ई–प्रपत्र शुल्क : रु0 1180.00 धरोहर धनराशि रु0 6000.00

निविदा की अन्तिम तिथि 03.10.2025 14.00 बजे तक

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

**अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण इकाई, प्रथम तल, शक्ति भवन विस्तार, 14–अशोक मार्ग, लखनऊ**

("राष्ट्रहित में बिजली बचायें")

पत्रांक–2047/अनु0इ0/श0भ0वि0/ दिनांक:– 18.09.2025



**लखनऊ नगर निगम, लखनऊ**
3 त्रिलोकनाथ मार्ग, लालबाग, लखनऊ
ई-टेण्डर पोर्टल– https://etender.up.nic.in

ई–निविदा सू0सं0: 142/मु0अ0/2025–26 दिनांक 18.09.2025

**ई–निविदा प्रणाली के अन्तर्गत अल्पकालिक निविदा सूचना**

लखनऊ नगर निगम द्वारा संचालित विद्यालयों एवं डिग्री कालेज में जीर्णोद्वार, निर्माण एवं नवीनीकरण आदि के सम्बन्ध में वास्तुकार सेवायें प्रदान किये जाने हेतु किसी समर्पित वास्तुकार संस्था/वास्तुविद के चयन हेतु दिनांक 04.10.2025, प्रातः 12:00 बजे से द्वि–लिफाफा पद्धति पर ई–निविदाएं, ई–निविदा पोर्टल https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है, पोर्टल https://etender.up.nic.in पर निविदा के साथ निविदा प्रपत्र एवं जमानत की धनराशि आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0/इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल https://induscollect.indusind.com/pay/index.php पर लॉगिन करके जमा किया जायेगा। ई–निविदा दिनांक 04.10.2025 को अपराह्न 03:00 बजे तक ई–निविदा पोर्टल पर प्राप्त की जायेगी जिन्हें दिनांक 04.10.2025 को 16:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। किसी भी ई–निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | जमानत धनराशि | निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|
| 01 | नगर निगम द्वारा संचालित विद्यालायों व डिग्री कालेज में जीर्णोद्वार, निर्माण एवं नवीनीकरण आदि के सम्बन्ध में वास्तुकार सेवायें प्रदान किये जाने हेतु किसी समर्पित वास्तुकार संस्था /वास्तुविद् के चयन के सम्बन्ध में | 40,000.00 | 5900.00 |

मुख्य अभियन्ता
लखनऊ नगर निगम


## स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

### सूचना
मेरा पासपोर्ट न0 G 6999417 है, जिसमे मेरे का नाम अब्दुल रशीद खान दर्ज है जबकि सही नाम अब्दुल रशीद है इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। अब्दुल रशीद पुत्र मकबूल अहमद, ग्रा0 सींगनाथ,पो0-जैतापुर, तुलसीपुर, बलरामपुर।
**सी.आर.-1328/D-29**

### सम्बंध विच्छेद
मैने अपने पुत्र जसपाल को दुर्व्यवहार के कारण चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। तेज इन्द्र सिंह पुत्र करतार सिंह निवासी बजीरपुर हाल निवासी संडाखास थाना निगोही, शाहजहांपुर।
**सी.आर.-1329/D-35**

### सूचना
मैं काव्या पाण्डेय पुत्री सुभाष पाण्डेय माता प्रीति पाण्डेय निवासिनी ग्राम बड़ा चाका नैनी प्रयागराज। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम गलती से वासु पाण्डेय हो गया हैं। जबकि मेरा सही नाम काव्या पाण्डेय पुत्री सुभाष पाण्डेय माता प्रीति पाण्डेय हैं।भविष्य में मुझे इसी नाम जाना पहचाना जाए।
**सी.आर.-1330/D-42**

### सूचना
मेरा इंटरमीडिएट वर्ष 2021 रोल नंबर 215733901 का अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। अंशुल गंगवार पुत्र रामऔतार ग्राम भुढ़िया पोस्ट कमलापुर मीरानपुर कटरा, तिलहर-शाहजहांपुर।
**सी.आर.-1329/D-25**

### सूचना
मैं नुपुर मिश्रा ने अपनी पुत्री शाम्भवी के नाम के आगे अपना उपनाम मिश्रा जोड़ दिया है। साथ ही यह उपनाम उसके आधार कार्ड में भी दर्ज करा दिया है। भविष्य में उसे शाम्भवी मिश्रा नाम से ही जाना व पहचाना जाये। नुपुर मिश्रा पुत्री श्री ज्ञानेन्द्र कुमार मिश्रा, निवासी-3/468, सेक्टर-3, विकास नगर, लखनऊ।
**सी.आर.-1335/L-41**

### सूचना
सर्वविदित हो कि भूखंड संख्या 12 A/400 वृंदावन योजना लखनऊ के आवंटन पत्र की मूल प्रति वास्तव में खो गई है। किसी व्यक्ति द्वारा इसका उपयोग किया जाना गैरकानूनी है। राजपाल पुत्र रामजी लाल निवासी- अतरामपुर उर्फ नवाबगंज, प्रयागराज, उ. प्र.-229412 LAR No-20250000689664, PH. No-7355930077
**सी.आर.-1334/L-33**

### NAME CHANGE
I PRIYA GAUTAM KHADE DAUGHTER OF GAUTAM KHADE MARRIED TO MR.BHAGAT SATYASHIL WAGAJI RESIDING AT RUI DIST. WASHIM (MH) HAVE CHANGED MY NAME FROM PRIYA GAUTAM KHADE TO PRIYA SATYASHIL BHAGAT AND HERE AFTER BE KNOWN AS PRIYA SATYASHIL BHAGAT.
**सी.आर.-1331/D**

अदालती सूचना ता. पेशी 22.09.2025 सम्मन तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय सिविल जज सी.डि.शाहजहांपुर मूल वाद सं. 394 वर्ष 2021 देवराज उर्फ ध्रुवराज सिंह आदि बनामः-श्यामवीर सिंह आदि बनामः-1-श्यामवीर सिंह पुत्र हरनाम सिंह 2-अम्बकेश्वर दयाल मिश्रा पुत्र श्री श्रीराम मिश्रा निवासीगण ग्राम व पोस्ट बारा कला पर.व तह.व थाना कलान जिला शाहजहांपुर प्रतिवादी सं. 1 व 4 हरगाह देवराज उर्फ ध्रुवराज सिंह आदि वादीगण उक्त ने आपके नाम एकनालिश वावत स्थायी निषेधाज्ञा के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि बतारीख 22 माह 09 सन् 2025 ई.बवक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमे की करवाई से वाकिफ किया गया हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही इस्तदलाल करना चाहते हों आपको इत्तिला दी जाती हैं कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मुसामत फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से आज बतरीख 16 माह 09 के सन् 2025 ई. में जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार मुंसरिम सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर।
**सी.आर.-1329/D-CN**

### अदालती नोटिस
**धारा–144 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अधीन प्रस्तुत प्रार्थना पत्र की नोटिस, परिवार न्यायालय, देवरिया**
**मुकदमा नंबर– 1590/24**
रेशमा बनाम श्री आफताब

धारा-144 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, थाना-गौरीबाजार, जिला- देवरिया

नोटिस बनाम आफताब आलम पुत्र नरुददीन नि.म.न.ए 40/40 एन.एस. 3 मोहल्ला-अमरपुर वटलोहिया, थाना-जैतपुरा, जिला-वाराणसी।

आप के विरुद्ध धारा 144 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता प्रार्थना पत्र आवेदिका ने दाखिल किया है उसने प्रार्थना की है कि उसे मु0----- तथा पुत्र/पुत्री ---- के पढ़ाई-लिखाई व अन्य खर्च के लिए मु0----- प्रतिमाह यानी कुलमु0 प्रतिमाह गुजारा दिलाया जाय। अतः आप को सूचित किया जाता है कि दिनांक 5.11.2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर (स्वमं) कारण बतायें कि गुजारा क्यों न प्रार्थनी का गुजारा दिया जाए, उपस्थित नहीं होते है आप के विरुद्ध एक तरफा कार्यवाही की जायेगी।

**प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, देवरिया**
**सी.आर.-1332/D-CN**

अदालती सूचना ता. पेशी 23.10.2025 सम्मन तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय मोटर दुर्घटना प्रतिकर प्राधिकरण/न्यायाधिकरण जनपद शाहजहांपुर एम.ए.सी.पी.नं. 101 वर्ष 2020 श्रीमती मीरा देवी आदि बनाम नितेश आदि बनामः-नितेश पुत्र रमेश चन्द्र निवासी ग्राम घुसगवां तह.सदर थाना निगोही जिला शाहजहांपुर, स्वामी,...प्रतिवादी सं. 1 हरगाह श्रीमती मीरा देवी आदि वादीगण उक्त ने आपके नाम एकनालिश वावत मोटर एक्सीडेन्ट क्लेम, प्रतिकर, के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि बतारीख 23 माह 10 सन् 2025 ई.बवक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमे की करवाई से वाकिफ किया गया हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही इस्तदलाल करना चाहते हों आपको इत्तिला दी जाती हैं कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मुसामत फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से आज बतरीख 17 माह 09 के सन् 2025 ई. में जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार लेखाकार मोटर दुर्घटना प्रतिकर प्राधिकरण/न्यायाधिकरण शाहजहांपुर।
**सी.आर.-1329/D-CN**

**तारीख पेशी–14.10.2025**
**सम्मन वास्ते करारदाद उमूर तनकीह तलब**
**( आर्डर 5 कायदा 1 से 5 )**
**सामान्य वाद संख्या..595/2024.....तलब**
**न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश/परिवार न्यायालय महोदय बलरामपुर जिला बलरामपुर**
**अंकित शुक्ला ...वादी**
**प्रति**
**उमा मिश्रा... प्रतिवादी**
**बनाम**
1. श्रीमती उमा मिश्रा पुत्री समयदीन हालपता ग्राम हिन्दूनगर पोस्ट-इटियाथोक, परगना, तहसील व जनपद गोण्डा उ0प्र0।
2. सुनील कुमार तिवारी पुत्र स्वामीनाथ तिवारी निवासी ग्राम जनकौरा पोस्ट जानकीनगर परगना तहसील व जनपद गोण्डा उ0प्र0।

हरगाह ... ने आपके नाम एक नालिश बाबत .... के दायर की है लिहाजा हुक्म होता है कि आप दिनांक 14....माह...10...सन्...2025...ई0 वक्त 10 बजे दिन के असालतन मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात के करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात मुतअल्लिक मुकदमा का जबाब दे सके हाजिर हो और जबाब देही दावा को करे और आप को लाजिम हो कि उस रोज जुमला दस्तावेज पेश करे जिन पर आप वताईद अपनी जबाब देही के इस्त दलाल करना चाहते हो।आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

**इत्तिला**
1. अगर आपको यह आदेश है कि गवाह अपनी मर्जी से हाजिर न होगेतो आप व अदालत हाजा सममन बई मुराद करा सकते है कि जो गवाह हाजिर न हो जबरन हाजिर कराया जाय और जिन दस्तावेज को किसी गवाह पेश करने का आप इस्तेहाक रखते है।वह उससे पेश करायी जाय बशर्ते आप खर्चा अदालत में दाखिल करके इस अवधि को दरख्वास्त गुजारे।
2. अगर आप मुतालिय मुद्दई को तस्लीम करते है तो आपको लाजिम है रूपया मय खर्चा नालिश अदालत में दाखिल करे ताकि कार्यवाही इजराय डिग्री की आपको न या दोनों पर ही करना पड़े।

**न्यायालय**
**सी.आर.-1328/D-CN**

**हेतु संदर्शित करने की सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**सिविल जज वरिष्ठ श्रेणी**
**इलाहाबाद**
**वाद संख्या –794/23**
संगीता देवी बनाम सुमित्रा देवी आदि श्रीमती संगीता देवी उम्र 35 वर्ष पत्नी अरविंद कुमार निवासिनी ग्राम रामपुर पोस्ट मुंगरा बादशाहपुर तहसील मछली शहर जौनपुर
**बनाम**
7.श्रीमती पुष्पा देवी उम्र 55 वर्ष पत्नी अजय कुमार निवासी मोहल्ला बाग अरव अचला देवीघाट रोड़सिपाह पोस्ट सदर जौनपुर उ0 प्र0
9.श्रीमती आशा देवी उम्र 45 वर्ष पत्नी श्री कृष्णा निवासिनी ग्राम रमदेइया प्रेम का पूरा जौनपुर उत्तर प्रदेश।
चूँकि .. ऊपर ऊपर नामांकित ने इस न्यायालय से आवेदन किया है आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सदर्शित करने के लिए 2025 के10 के 31 दिवस को बजे पूर्व में स्वयं या सम्यक रूपेण अनादिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल होने पर उक्त आवेदन एक पक्षी रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर सहित आज के दिवस को निकाला गया।
**नियत तिथि–31.10.2025**
**न्यायाधीश**
**सी.आर.-1330/D-CN**

**हेतु संदर्शित करने की सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**सिविल जज वरिष्ठ श्रेणी**
**इलाहाबाद**
**वाद संख्या– 794/23**
संगीता देवी बनाम सुमित्रा देवी आदि श्रीमती संगीता देवी उम्र 35 वर्ष पत्नी अरविंद कुमार निवासिनी ग्राम रामपुर पोस्ट मुंगरा बादशाहपुर तहसील मछली शहर जौनपुर
**बनाम**
5.विजय कुमार यादव उम्र 38 वर्ष पुत्र स्व0 राम प्रताप सिंह
6.मुलायम सिंह यादव उम्र 35 वर्ष पुत्र स्व0 राम प्रताप सिंह निवासीगण ग्राम रतौरा पोस्ट सराय इनायत परगना झूसी तहसील फूलपुर जनपद प्रयागराज।
8.श्रीमती नेहा पटेल उम्र 44 वर्ष पत्नी फूलचंद्र पटेल निवासिनी ग्राम बेलवारा पोस्ट बेलवारा तहसील मछलीशहर जौनपुर हाल मुकाम मकान न0 631/71 बी सोहबतियाबाग शहर प्रयागराज
चूँकि .. ऊपर ऊपर नामांकित ने इस न्यायालय से आवेदन किया है आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सदर्शित करने के लिए 2025 के10 के 31 दिवस को बजे पूर्व में स्वयं या सम्यक रूपेण अनादिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल होने पर उक्त आवेदन एक पक्षी रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर सहित आज के दिवस को निकाला गया।
**नियत तिथि–31.10.2025**
**न्यायाधीश**
**सी.आर.-1330/D-CN**


**उत्तर रेलवे**
**शुद्धिपत्र सूचना**

संदर्भ :– निविदा सूचना सं: 106–सिग–टेन्डर–25–2025–26 दिनांक: 09.09.2025 के लिये शुद्धिपत्र। उपरोक्त सन्दर्भित निविदा सूचना जो कि पूर्व में प्रकाशित की गयी है में निम्नलिखित परिवर्तन पढे जाय।
1. IREPS पर कार्य का नाम "इंटरलॉकिंग ऑफ लेवल क्रासिंग गेट्स इन दा सेक्शन ऑफ ऐ० डी० इस० टी० /एस० एल० एन० ऑफ लखनऊ डिवीज़न।" के स्थान पर 'इंटरलॉकिंग ऑफ लेवल क्रासिंग गेट्स इन दा सेक्शन ऑफ ऐ० डी० इस० टी० /एस० एल० एन० ऑफ लखनऊ डिवीज़न ऑफ नॉर्थर्न रेलवेज । "पढ़ा जाए।
2. अनुसूची मद सं0 24 में कंसाइनी इन्स्पेक्शन के स्थान पर राइट्स इन्स्पेक्शन पढ़ा जाए।
अन्य शर्तें पूर्ववत ही रहेंगी। नं0: 106–सिग–टेन्डर–25–2025–26 शुद्धिपत्र दिनांक: 15.09.2025 2875/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**रूद्र–बिलास किसान सहकारी चीनी मिल्स लि0, बिलासपुर (रामपुर)**

**ई–निविदा सूचना**

पत्रांक: 722/ई-निविदा/सिविल/2025-26 दिनांक 18/09/2025

इस मिल समिति द्वारा ई-निविदा के माध्यम से सिविल कार्यो- रिपेयर आफ ड्रेन इन्जेक्शन टू ई0टी0पी0, रिपेयर आफ ड्रेन ब्यायलि हाउस टू फैक्ट्री बाउण्ड्री वाल, मार्डिफिकेशन आफ गेस्ट हाउस, रिपेयर आफ लैगून (ई0टी0पी0), इन्जेक्शन चैनल के दोनों तरफ प्लास्टर, केन कैरियर की फ्लोरिंग पर दोनों साईड प्लास्टर, स्प्रे-पॉण्ड के लिए नाली मरम्मत एवं मिल हाउस के नाली निर्माण कार्य हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्तें, निविदा तथा धरोहर धनराशि एवं निविदा की वैधता से सम्बन्धित पूर्ण विवरण www.etender.up.nic.in तथा www.upsugarfed.org से डाउनलोड किये जा सकते हैं। प्रधान प्रबन्धक को निविदा की शर्तों में परिवर्तन करने एवं बिना किसी कारण बताये एक या समस्त ई-निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

**प्रधान प्रबन्धक**



**उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमीशन कारपोरेशन लिमिटेड**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत प्रेषण मण्डल द्वितीय, 57-जार्ज टाउन, प्रयागराज।**

ई-निविदा सूचना, दिनांक 18.09.2025

ई-निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण

**1. अल्पकालीन ई-निविदा संख्या-36/ई0टी0सी0द्वि0प्र0/2025-2026:-** विद्युत प्रेषण खण्ड चतुर्थ प्रयागराज के अन्तर्गत 220 तथा 132 के0वी0 उपकेन्द्रों पर लगे परिवर्तक की OLTC सिस्टम की ओवरहालिंग एवं अन्य सम्बंधित कार्य। निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 590.00 एवं धनरोहर धनराशि 4000.00

**2. अल्पकालीन ई-निविदा संख्या-37/ई0टी0सी0द्वि0प्र0/2025-2026:-** विद्युत प्रेषण खण्ड द्वितीय प्रयागराज के अन्तर्गत 400, 220 तथा 132 के0वी0 उपकेन्द्रों पर लगे परिवर्तक की OLTC सिस्टम की ओवरहालिंग एवं अन्य सम्बंधित कार्य। निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 590.00 एवं धनरोहर धनराशि 9500.00

**3. अल्पकालीन ई-निविदा संख्या-38/ई0टी0सी0द्वि0प्र0/2025-2026:-** 220 के0वी0 उपकेन्द्र रीवा रोड पर 33 के0वी0 'बे' के निर्माण का कार्य एवं अन्य सम्बंधित कार्य। निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 590.00 एवं धनरोहर धनरिाश 3000.00

**4. अल्पकालीन ई-निविदा संख्या-39/ई0टी0सी0द्वि0प्र0/2025-2026:-** 220 के0वी0 उपकेन्द्र रीवा रोड पर 33 के0वी0 वी0सी0बी की ओवरहालिंग एवं अन्य सम्बंधित कार्य। निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 590.00 एवं धनरोहर धनरिाश 2200.00

**अल्पकालीन ई-निविदा संख्या 36-39 की अन्तिम तिथि 11.10.2025 समय 17.00 बजे।**

**5. ई-निविदा संख्या-40/ई0टी0सी0द्वि0प्र0/2025-2026:-** विद्युत प्रेषण खण्ड-तृतीय प्रयागराज के अन्तर्गत विभिन्न विद्युत उपकेन्द्रों पर पुराने 33 के0वी0 ट्रिपल फीडर पैनल को हटाकर नये पैनल की स्थापना एवं कमिशनिंग एवं अन्य सम्बंधित कार्य। निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 590.00 एवं धनरोहर धनराशि 3300.00

**6. ई-निविदा संख्या-41/ई0टी0सी0द्वि0प्र0/2025-2026:-** विद्युत प्रेषण खण्ड-तृतीय प्रयागराज के अन्तर्गत 132 के0वी0 उपकेन्द्रों पर लगे परिवर्तक की OLTC सिस्टम की ओवरहालिंग एवं अन्य सम्बंधित कार्य। निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 590.00 एवं धनरोहर धनराशि 4300.00

**ई-निविदा संख्या 40-41 की अन्तिम तिथि 17.10.2025 समय 17.00 बजे।**

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट http//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर की प्रदर्शित की जायेंगी। **राष्ट्रहित में बिजली बचायें।**

**अधीक्षण अभियन्ता**
**विद्युत प्रेषण मण्डल-।।**
**उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0, प्रयागराज।**

पत्रांक-1942-वि0प्रे0मं0द्वि0 IIप्र I/टेण्डर नोटिस दिनांक-18.09.2025



**कार्यालय नगर पंचायत, नगरा (बलिया)**

पत्रांकः– 252(ii)/नं0पं0नगरा/2025–26 दिनांक 17.09.2025

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना/ई–टेंडरिंग**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 **आकांक्षी नगर योजना (ANY) एवं मुख्ममंत्री नगर सृजन योजना** के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत नगरा में कराये जाने वाले कार्यों हेतु समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओं/फर्म/निर्माताओं जिनका आयकर/जी०एस०टी० में पंजीकृत हो तो प्रतिशत दरों में अधोलिखित विवरण के अनुसार ऑनलाईन ई–निविदा आमंत्रित किया जाता है। कार्य से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की शर्त आदि जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस को 10:00 बजे से 5:00 बजे तक कार्यालय में उपस्थित होकर देखा जा सकता है। यदि उक्त टेण्डर तिथि को आवकाश घोषित होता है तो अगले कार्य दिवस को समस्त कार्यवाही की जायेगी। निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. स. | कार्य का विवरण | निविदाओं की ऑन–लाईन उपलब्धता | ऑन–लाईन निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि | मूल अभिलेख (निविदा सूचना के अनुसार) जमा करने की अन्तिम तिथि समय व स्थान | वित्तीय ई–टेण्डरिंग निविदा खोलने की तिथि व स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ई–निविदा पोर्टल www.etender.up.nic.in पर अपलोडेड कुल 05 अद्द लाटों की निविदा विवरण www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। | दिनांक– 19.09.2025 से | दिनांक– 10.10.2025 तक | दिनांक– 11.10.2025 समय 11.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत नगरा, बलिया | दिनांक– 11.10.2025 अपरान्ह 12.00 बजे कार्यालय नगर पंचायत नगरा, बलिया में खोला जायेगा। |

**नोट–** निविदा आमंत्रणकर्ता को आई.टी.बी. के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धिपत्र जारी किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा, सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी के लिए कृपया ई–निविदा वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर लॉगिन करें तथा बिड डाक्यूमेंट को डाउनलोड करें। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत नगरा**
**बलिया**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत नगरा**
**बलिया**

# कई घंटे रेस्क्यू के बाद नाले में बच्चे का शव बरामद



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** हुसैनगंज सदर इलाके में बुधवार की शाम को एक सात साल का मासूम बच्चा नाले में गिर गया था। उसके शव को 20 घंटे लंबी खोजबीन के बाद गुरुवार को ढूंढ लिया गया है। बता दे कि बुधवार की शाम करीब 6 बजे एक बच्चा वीरू (7) खेलते-खेलते अचानक नाले में गिर गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और प्रशासन को सूचना दी। सूचना मिलते ही नगर निगम, गोताखोर, पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं और तुरंत बचाव अभियान शुरू किया था।इस खोज अभियान के दौरान में टीम ने रात को सर्च ऑपरेशन के दौरान इमरजेंसी लाइट, जाल और जेसीबी मशीनों का इस्तेमाल था। पूरी रात खोजबीन जारी रही, लेकिन बच्चे का कोई सुराग नहीं मिला था। रात भर बारिश और नाले में तेज बहाव के कारण बचाव कार्य में काफी दिक्कतें आईं। गुरुवार को करीब 20 घंटे के अथक प्रयास के बाद रेस्क्यू टीम को 1090 चौराहे के पास नाले में बच्चे का शव मिला है। शव मिलने के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।शव मिलने की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई। प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस और नगर निगम के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बच्चे के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इसी सीजन खुले नाले में डूबने की तीसरी घटना है। जो नगर निगम प्रशासन की लापरवाही को उजागर कर रही है। ही शहर में एक ओर हादसे के बाद नगर निगम प्रशासन पर नाले की सफाई और सुरक्षित बनाने का दबाव बढ़ गया है।

**■ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

## कप्तान की मां हुई बीमार, डाक्टर को उठा ले गये पुलिसकर्मी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** सूबे के इटावा जिले में बुधवार रात एक ऐसी घटना सामने आई जिसने स्वास्थ्यकर्मियों को आंदोलित कर दिया। आरोप है कि चार पुलिसकर्मी देर रात जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में पहुंचे और ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर राहुल बाबू को जबरन एसएसपी आवास ले गए।बताया गया कि उस समय एसएसपी की मां की तबीयत खराब थी और इलाज के लिए डॉक्टर को बुलाया गया। डॉक्टर के मना करने पर कथित तौर पर उनसे अभद्रता भी की गई, जिसकी तस्वीरें अस्पताल के सीसीटीवी कैमरों में कैद हुईं। इस घटना ने पुलिस और चिकित्सा समुदाय के बीच तनाव पैदा कर दिया।घटना की जानकारी होते ही गुरुवार सुबह अस्पताल के डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों ने विरोधस्वरूप ओपीडी सेवाएं बंद कर दीं। करीब दो घंटे तक कामकाज ठप रहा, जिससे मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यूनियनों ने दोषी पुलिसकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई और एफआईआर दर्ज करने की मांग की।चेतावनी दी गई कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस बीच, मौके पर पहुंचे सीएमओ ने बातचीत कर डॉक्टरों को शांत कराया और उन्हें आश्वासन दिया कि दोषियों पर कार्रवाई होगी, जिसके बाद ओपीडी सेवाएं दोबारा शुरू हो सकीं। इटावा एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने मामले में सफाई देते हुए कहा कि डॉक्टर को बुलाने के लिए उन्होंने किसी को नहीं भेजा था। उन्होंने माना कि कुछ गलतफहमी की वजह से स्थिति बिगड़ी। एसएसपी ने खुद डॉक्टर से खेद जताया और चाय पिलाकर सम्मानपूर्वक उन्हें वापस अस्पताल भेजा।पुलिसकर्मियों ने भी रात में ही डॉक्टर से माफी मांगी थी। इसके बावजूद, डॉक्टर ने सुबह आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। एसएसपी का कहना है कि यदि डॉक्टर की कोई शिकायत है तो मामले की निष्पक्ष जांच कराकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जमीन दिलाने के नाम पर सैनिक की पत्नी से 14 लाख ठगे




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** प्रापर्टी डीलरों ने लाखों रुपये डकारने के बाद जब प्लाट नहीं देते है, तो क्रेता धन हड़पे जाने के साथ ही जमीन से भी हाथ धो बैठता है। एकबार रुपये डीलरों के हाथ लगने के बाद क्रेता लगातार उनके घर या आफिस के चक्कर ही लगाता रहता है। भारतीय सेना में जनपद सुल्तानपुर निवासी सधांशु यादव सैनिक के पद पर कार्यरत है। पीड़िता के पति जय प्रकाश से मित्रवत व्यवहार था। जिनका घर पर भी आना जाना होने के कारण उनके परिवार पर विश्वास था । जय प्रकाश के पुत्र विनय सिंह ने अपने पिता के पारिवारिक विश्वास का भरपूर फायदा उठाते हुए, पीड़िता को प्लाट खरीदने का प्रलोभन दिया। उक्त प्लाट क्रय हेतु विनय सिंह को 14 लाख रुपये का भुगतान भी कर दिया । विनय सिंह ने जमीन पर कभी लेकर नहीं गया और टालमटोल कर झांसा देता रहा । पीड़िता को उसके हावभाव व चतुराई समझकर अपने दिये गये भुगतान को जब वापस माँगा तो वह बहाने बनाते हुए परेशान करने लगा। विनय सिंह के पिता जयप्रकाश ने विवश होकर पीड़िता को 03 लाख रुपये वापस कर दिया । विगत मार्च माह में 4-4 लाख के दो चेक भी दिया। जिसे बैंक में जमा करने के उपरान्त चेकें बाउंस हो गयी। पीड़िता के मध्य हुए समझौते को भी इन लोगों ने मानने से मना कर दिया। विनय सिंह अपने पिता जय प्रकाश के साथ जिस किराये के मकान में रहते थे। उस मकान को भी छोड़कर अन्यत्र कहीं चले गये। वह लोग न तो पीड़िता का फोन उठाते हैं और न ही रुपये वापस कर रहे हैं। पिता पुत्र द्वारा धोखाधड़ी करके ठगी का शिकार बनाकर लाखों रुपये हड़प लिये जाने पर पीड़िता ने थाना सरोजनी नगर में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया।

## खबर एक नजर

### युवक ने की आत्महत्या

**स्वतंत्र भारत गोसाईगंज।**गोसाईगंज क्षेत्र में सठवारा गांव निवासी एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर गोसाईगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गुरुवार को सठवारा गांव के रहने वाले शिवाकांत द्विवेदी उर्फ मुन्ना द्विवेदी के पुत्र योगेन्द्र द्विवेदी उर्फ छोटू (26 )ने कमरे में फांसी लगा ली।जिसकी जानकारी होने पर परिजन उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### खाते से साइबर ठगों ने उड़ाये 1.89 लाख रुपये

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** साइबर जालसाजों ने एक युवक के खाते से एक लाख नवासी हजार रुपये उड़ा दिए। पीड़ित को जब जानकारी हुई तो साइबर सेल से शिकायत के साथ गोसाईंगंज थाने पर तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित शिवम् वर्मा निवासी ग्राम रामपुर मजरा महुरा कलां, गोसाईंगंज ने बताया कि उसका खाता बैंक ऑफ इण्डिया, शाखा गोसाईंगंज, लखनऊ में है। दिनांक 14 व 15 सितंबर को खाते से कई बार ट्रांजेक्शन करके अज्ञात व्यक्ति के द्वारा कुल रुपया 1,89,000/- एक लाख नवासी हजार निकाल लिया गया है। जिसकी शिकायत पीड़ित ने साईबर सेल में किया। तथा स्थानीय थाने पर मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस जांच में जुटी है।

### रास्ते में रोक कर पीटा, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** गोसाईगंज के काजी खेडा गांव के रहने वाले आजाद ने कुछ लोगो पर रास्ते मे जबरन रोक कर पिटाई करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह बुधवार की देर शाम अपनी मोटरसाइकिल पर पीछे सूरज निवासी ग्राम सुखलाल खेडा थाना नगराम जनपद लखनऊ को बैठा कर ढकवा गांव से अपने घर वापस आ रहे थे रास्ते मे काजीखेडा का पुरवा मे कोतवाली गोसाईगंज जनपद लखनऊ मे सामने से आ रही चार पहिया गाडी देख कर अपनी गाडी रोड के नीचे उतार लिया फिर भी चार पहिया में बैठे व्यक्तियो ने पीड़ित व साथी सूरज को हिमांशु वर्मा, बल्लू शर्मा निवासी ग्राम निजामपुर कोतवाली गोसाईगंज जनपद लखनऊ ने दोनो व्यक्तियो को जाति के पासी कहते हुए जाति सूचक गन्दी-2 गालिया देते हुए लात घूसो व लाठी डन्डो आदि से मारा पीटा। गोसाईगंज पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### बाइक निकालने के विवाद में युवक को पीटा

**स्वतंत्र भारत नगराम।** नगराम के कुबहरा गांव में दरवाजे से बाइक निकालने पर पहले से नाराज चल रहे दंपति ने मजदूर की पिटाई कर दिया। मजदूर द्वारा गुरुवार के दिन दी गई तहरीर पर नगराम पुलिस आरोपी दंपति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। नगराम के कुबहरा गांव निवासी महादेव द्वारा नगराम थाने पर दी गई तहरीर के अनुसार मंगलवार रात करीब नौ बजे वह मजदूरी कर घर वापस आ रहा था गांव के रास्ते में पानी भरा होने की वजह से वह गांव के ही बब्लू के दरवाजे से मोटरसाइकिल निकालने लगा। पुरानी रंजिश की वजह से बब्लू कीचड़ फैलाने का बहाना लेकर गंदी गंदी गालियां देने लगे गालियां देने का विरोध करने पर अपनी पत्नी के साथ मिलकर जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी-डंडों से पिटाई कर दिया। मारपीट से उसके सिर व शरीर में काफी चोटें आई हैं। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि पीड़ित द्वारा गुरुवार के दिन दी गई तहरीर पर आरोपी दंपति के विरुद्ध मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### सड़क हादसे में चार युवकों की गई जान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में शिवकुटी थाना क्षेत्र के मजार चौराहे के समीप सड़क हादसे में बुधवार की देर रात मोटरसाइकिल सवार चार युवकों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त नगर अभिषेक भारती ने बताया कि प्रयागराज के मऊआइमा थाना क्षेत्र के गमिरहटा गांव निवासी आशुतोष गौतम 22 वर्ष पुत्र तुलसीराम गौतम तेलियरगंज में कमरा लेकर रहता था। वह बुधवार की रात शिवकुटी थाना क्षेत्र के तेलियरगंज निवासी आदर्श कुमार 15 वर्ष पुत्र अनिल कुमार, शिवकुटी अम्बेडकर शनि गौतम 16 वर्ष पुत्र संजय गौतम एवं कार्तिक 18 वर्ष पुत्र सुदामा के साथ मोटरसाइकिल से बुधवार की रात कहीं जा रहे थे। रास्ते में शिवकुटी थाना क्षेत्र में स्थित मजार चौराहे के समीप किसी वाहन की टक्कर से चारों लड़के घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने चारों को तत्काल स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने आशुतोष, आदर्श कुमार,शनि कुमार गौतम को मृत घोषित कर दिया और कार्तिक का उपचार शुरू कर दिया। लेकिन उसकी भी उपचार के दौरान गुरुवार भोर में मौत हो गई। चिकित्सकों ने चारों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस की सूचना पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे।

### थार ने अध्यापिका को मारी टक्कर, घायल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** गाजियाबाद के सिहानी गेट थान क्षेत्र में गुरुवार को एक अध्यापिका पैदल अपने घर जा रही थी उसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार से थार ने टक्कर मार दी। ठोकर लगने से वह उछलकर करीब 15 फीट दूर सड़क पर जा गिरी इससे रीढ़ की हड्डी टूट गई वहीं चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया घटना सीसीटीवी कैद हो गई। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है वहीं पीड़िता की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। घटनास्थल पर पहुंचे एडीसीपी व एसीपी ने सीसीटीवी फुटेज भी चेक कराकर गाड़ी नंबर से वाहन स्वामी का पता लागया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक सिहानी क्षेत्र के लोहिया नगर निवासी पारुल एक निजी स्कूल में अध्यापक है वह बाजार कुछ सामान लेने गई थीं। सुबह करीब 10 बजे बाजार से घर लौटते समय सिहानी गेट के पास एक तेज रफ्तार थार ने उनको टक्कर मार दी। आसपास के लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े। गनीमत रही कि महिला को केवल चोटें आई हैं। यह पूरी वारदात पास लगे सीसीटीवी में साफ दिखाई दे रही है। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से शेयर हो रहा है।

# प्रिंसिपल को हटाने पर स्कूल प्रबंधन व छात्रों में मारपीट

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** गुडम्बा थाना क्षेत्र के जानकीपुरम सेक्टर जी स्थित नारायणा ई टेक्नो स्कूल में बृहस्पतिवार को स्कूल की प्रिंसिपल को हटाने को लेकर छात्र छात्राओं व स्कूल प्रबंधन के बीच विवाद हो गया। सूचना पर गुडम्बा थाना प्रभारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। आरोप है कि पुलिस ने अभिभावकों और छात्र छात्राओं के साथ मारपीट की। नारायणा ई टेक्नो स्कूल सेक्टर जी जानकीपुरम के प्रबंधन ने स्कूल की प्रिंसिपल सुप्रिया पांडेय को बिना किसी पूर्व नोटिस के निकाल दिया। प्रिंसिपल पर कार्यवाही के बाद गुरुवार को बड़ी संख्या में अभिभावक और छात्र स्कूल पहुंच गए। जहां वह प्रिंसिपल को स्कूल बुलाने और उन्हें पद से क्यों हटाया गया इस बात को लेकर हंगामा करने लगे। ऐसे में स्कूल प्रशासन ने मामले शांत कराने के बजाए बच्चों और प्रिंसिपल को ही गलत ठहराने लगा। इस दौरान स्कूल के कर्मचारियों ने अभिवावकों और बच्चों को स्कूल से जबरन बाहर निकालना और गेट बंद करना शुरू कर दिया। ऐसे में दोनों पक्षों में धक्का-मुक्की और नोंक झोक शुरू हो गई. इसमें कई छात्र घायल हो गए। देखते ही देखते हंगामा इतना बढ़ गया कि पुलिस बुलानी पड़ गई।

गुडम्बा पुलिस ने उपद्रव की दशा में 12वीं के 4 छात्रों और उनके अभिवावकों को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया। पुलिस के बच्चों को थाने ले जाने से नाराज वड़ी संख्या में अभिवावक और बच्चे थाने पहुंच गए। ऐसे में मामला विगड़ता देख थाना प्रभारी ने दोनों पक्षों को थाने बुलाकर मामले को हल कराने की कोशिश शुरू की। अभिवावकों ने बताया कि स्कूल ने बीच सत्र में प्रिंसिपल को पद से हटा दिया ऐसे मैं अब उनके बच्चों का परिणाम खराब होता है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। आरोप है की पुलिस ने बच्चों और अभिभावक के साथ मारपीट की। सुप्रिया पांडेय ने गुडंबा पुलिस पर अभद्रता का आरोप लगाया है।

## अनियंत्रित कार कुकरैल नाले में गिरी, चालक घायल



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के गाजीपुर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कर अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए कुकरैल नाले में जा गिरी। कार सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना गुरुवार सुबह करीब 9 बजे की बताई जा रही है। गाड़ी टर्न करने के दौरान अचानक चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और 50 फीट गहरे नाले में कार सहित गिर गया। कार सवार गोमतीनगर की तरफ से विकास नगर की कार चालक जा था। मेरीडियन स्कूल के आगे पहुंचा था तभी टर्निंग पॉइंट पर उसका संतुलन बिगड़ गया और रेलिंग तोड़ते हुए नीचे जा गिरा। घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मौके से पहुंची ने रेस्क्यू करके उसको बाहर निकाला और अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने बताया कि गोमतीनगर निवासी आयुष सिंह (28) यस बैंक में कार्यरत हैं। जानकीपुरम ब्रांच में तैनाती है। गुरुवार को अपनी मामा की इयोन कार से ऑफिस जा रहा था। तभी अचानक से अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए नीचे गिर गया। इसके बाद पिता अभय को सूचना दी गई थी। वह इलाज के बाद आयुष को घर ले गए। मामूली चोट आई थी।

# घरेलू समानों के बीच अरुणाचल प्रदेश से यूपी लाया गया गांजा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** यूपी एसटीएफ ने अवैध मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले गिरोह के दो तस्करों को गाजीपुर जिले के नरही थाना क्षेत्र के चौकी कोरण्टाडीह से पहले भरौली-गाजीपुर रोड पर गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 08.26 क्विंटल गाँजा बरामद किया है। बरामद गांजा की अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 02 करोड़ रूपये बताई गई है। पकड़े गये विष्णु खरवार पुत्र इन्द्रासन खरवार, निवासी मुर्कीकला, थाना मोहम्मदाबाद,गाजीपुर व सुकुर अली पुत्र इसहाक अली, निवासी लामाबारी, थाना मजबत, उदलगुरी, असम के पास से टीम नें गाजा के अलावा एक ट्रक व तीन मोबाइल व एक एटीएम कॉर्ड व एक आधार कॉर्ड और एक डी0एल0 व सात हजार रूपये नकद बरामद किया है। यूपी एसटीएफ के मुताबिक विष्णु खरवार ने बताया कि वाहन उसका स्वंय का है। असम के मजबट मार्केट में मिले विनोद झा द्वारा अरूणाचल प्रदेश से घरेलू सामानों के बीच में गॉजा लोड कराया गया था, जिसे गाजीपुर व आस-पास के जनपदों में सप्लाई करने हेतु ला रहा था। गॉजा को बेचने के बाद विनोद झॉ को पैसा देना था। दूसरे अभियुक्त सुकुर अली ने बताया कि वह भी गाड़ी चलाने का काम करता है। मजबत मार्केट मे ही विष्णु खरवार से मुलाकात हुई थी। विष्णु खरवार ने वाहन चलाने के एवज में 20 हजार रूपये देने के लिए कहा था।इस मामले में बलिया के थाना नरही धारा 20/25/29/60 एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को दाखिल किया गया है।

**■ बरामद गांजा की अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 02 करोड़**

# पॉश इलाके में लावारिस बैग मिलने से हड़कंप



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के हजरतगंज इलाके में एक लावारिस बैग सड़क के किनारे मिलने से हड़कंप मच गया। अनहोनी की आशंका से लोगों में हड़कंप मच गया। गुरुवार को लखनऊ के हजरतगंज इलाके में एक लावारिस बैग सड़क के किनारे रखा हुआ मिला। बैग को देखकर आसपास से गुजर रहे लोगों में अफरातफरी मच गई। आनन फानन में इसकी सूचना डायल 112 व स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बैग की जांच कर उसे अपने कब्जे में ले लिया। हजरतगंज जैसे संवेदनशील इलाके में लावारिस बैग मिलने की सूचना आते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आनन फानन में बताए गए स्थान पर पहुंची पुलिस टीम ने ट्रैफिक में तैनात पुलिसकर्मियों की मदद से बैग को बड़ी ही सावधानीपूर्वक खोला। बताया जाता है कि बैग में एक काले रंग का लैपटॉप, चश्मा व कुछ कपड़े रखे हुए थे। अभी अंदाजा लगाया जा रहा है कि शायद ये बैग किसी यात्री का छूटा हुआ है। पुलिस ने मौके से बैग को कब्जे में ले लिया है हालांकि, पुलिस टीम घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच कर रही है कि ये बैग इस स्थान पर किसी शख्स ने जानबूझ कर छोड़ा है या गलती से छूटा है। पुलिस बैग मालिक का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## पूर्व आईजी से 4.32 लाख की साइबर ठगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राधा बनकर पूरे देश में चर्चा में आए पूर्व आईजी डीके पंडा से 4.32 लाख की साइबर ठगी का मामला प्रकाश में आया है। उन्होंने रिपोर्ट धूमनगंज थाने में तहरीर भेजकर मामला दर्ज कराया है। पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है मूल रूप से उड़ीसा के रहने वाले डीके पंडा 1971 बैच के आईपीएस अफसर रहे हैं। 2015 में दूसरी राधा का रूप त्याग कर कृष्णानंद बन गए थे। वह काफी समय से प्रयागराज में धूमनगंज थाना क्षेत्र के प्रीतमनगर में रहते हैं। उन्होंने थाने में तहरीर देकर साइबर ठगी की शिकायत की। उनका आरोप है कि कुछ लोगों ने उनके खाते चार लाख 32 हजार रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए हैं। घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कर ली गई है। बता दें कि पिछले साल अक्तूबर में भी डीके पंडा ने 381 करोड़ रुपये की ठगी का मुकदमा दर्ज कराया था। 2005 में दिया था इस्तीफा 1971 बैच के आईपीएस अफसर पूर्व आईजी डीके पंडा मूल रूप से उड़ीसा के रहने वाले हैं। 2005 में उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। तब उनकी तैनाती लखनऊ में आईजी रूल्स एंड मैनुअल के पद पर थी। 2005 में तब वह सुर्खियों में आए, जब उन्होंने महिला का रूप धरकर खुद को दूसरी राधा घोषित कर दिया था। वह महिलाओं की तरह सोलह श्रृंगार करने लगे थे। मांग में सिंदूर व माथे पर बिंदी लगाने के साथ ही कानों में बाली, नाक में नथ, पैरों में घुंघरू पहनने लगे थे।

# कुलपति के कार्यालय में तोड़-फोड़ मामले में मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में गुरुवार को छात्रों के दो गुटों के बीच हुए विवाद और मारपीट के मामले में कुलसचिव डॉ. अश्वनी कुमार सिंह ने थाना आशियाना में मुकदमा दर्ज करवा दिया है। विश्वविद्यालय में विश्वकर्मा पूजा को लेकर शुरू हुई बहस देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। इस दौरान 2 छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद नाराज छात्रों ने प्रशासनिक भवन के बाहर धरना शुरू कर दिया। छात्रों की मांग थी कि कुलपति खुद आकर उनकी शिकायत सुनें और दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करें। इसको लेकर छात्रों ने नारेबाजी भी की। इंतजार के बाद भी जब कुलपति नहीं आए तो छात्र जबरन उनके चैंबर में घुस गए। इस दौरान कुलपति ऑफिस में अफरा-तफरी का माहौल रहा। मौके पर मौजूद सिक्योरिटी के जवानों ने किसी तरह कुलपति को उनके चैंबर से सुरक्षित बाहर निकाला। जानकारी के मुताबिक, यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग फैकल्टी में बुधवार को विश्वकर्मा पूजन का आयोजन हुआ। इस दौरान दलित छात्रों का एक गुट धार्मिक आयोजन को लेकर विरोध करने लगा। जबकि एबीपी समर्थित छात्रों का दूसरा गुट आयोजन के पक्ष में उतर आया। इसी बात को लेकर दोनों पक्ष आमने सामने आ गए और गेट नंबर एक पर धरना देने लगे। इस बीच विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से प्रॉक्टर डॉ. एमपी सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने छात्रों के दोनों गुटों की तरफ से ज्ञापन लेकर समझा बुझाकर छात्रों को भेज दिया। बताया गया कि इसके बाद जब दोनों गुट के छात्र जाने लगे तो अचानक किसी बात को लेकर भिड़ंत हो गई। इस दौरान दलित गुट के 2 छात्रों को गंभीर चोटें आई। घटना के बाद नाराज घायल छात्रों ने फिर से धरना देना शुरू कर दिया। छात्र दोषी स्टूडेंट्स पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# 574 लाख के गबन का आरोपी गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) उत्तर प्रदेश की टीम ने 14 साल पुराने बहुचर्चित गबन मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने ठेकेदार और दुधवा फूड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रोपराइटर हर्ष अग्रवाल को बिहार के पटना से गिरफ्तार कर लिया।

अभियुक्त पर आरोप है कि उसने वर्ष 2011 में बाढ़ निरोधक कार्यों में उपयोग होने वाले जीईओ टेक्सटाइल बैग की जगह अधोमानक/डुप्लीकेट बैग सप्लाई कर सरकार के करीब 5 करोड़ 74 लाख 78 हजार रुपये का गबन किया था। वर्ष 2011 में केन्द्र सरकार की सहायता से लखीमपुर खीरी जनपद के बाढ़ खंड शारदा नगर में बाढ़ कटाव निरोधक कार्यों के लिए जीईओ टेक्सटाइल बैग सप्लाई करने का कार्य कई ठेकेदारों और फर्मों को दिया गया था। इनमें ठेकेदार हर्ष अग्रवाल सहित सैफ जहीर और अबरार अहमद के नाम सामने आए।

इन तीनों ठेकेदारों ने मिलकर लगभग 5,15,500 अधोमानक बैग की आपूर्ति की और इसके एवज में शासकीय धन का गबन कर लिया। इस मामले में थाना कोतवाली सदर, लखीमपुर खीरी में मुकदमा दर्ज किया गया था। बाद में विवेचना ईओडब्ल्यू को सौंप दी गई। ईओडब्ल्यू की जांच में यह साफ हो गया कि ठेकेदारों ने जानबूझकर घटिया क्वालिटी के बैग सप्लाई किए, जिससे बाढ़ निरोधक कार्य प्रभावित हुआ और सरकारी खजाने को करोड़ों का नुकसान हुआ। इस मामले में अभियुक्त सैफ जहीर और अबरार अहमद के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया जा चुका है। मुख्य आरोपी हर्ष अग्रवाल लगातार फरार चल रहा था। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह लखनऊ से दिल्ली, फिर मुंबई और अंत में पटना में छिपकर रह रहा था। ईओडब्ल्यू क्रैक टीम को विशेष सूचना मिली कि हर्ष अग्रवाल इस समय बिहार के पटना में रह रहा है। टीम ने 17 सितम्बर को पटना जिले के थाना श्रीकृष्णपुरी क्षेत्र स्थित गांधीनगर, वेस्ट बोरिंग कैनाल रोड पर दबिश दी और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को स्थानीय थाने में दाखिल कराकर कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद उसे उत्तर प्रदेश लाकर जनपद लखीमपुर खीरी की अदालत में पेश किया गया।

# पुलिस स्कूलों में सुधार के निर्देश



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** एडीजी पीएसी डॉ.रामकृष्ण स्वर्णकार ने प्रदेश की सभी 31 पुलिस मॉडर्न स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था को नई शिक्षा नीति के अनुरूप सुदृढ़ करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। इसमें संबंधित आईजी/डीआईजी परिक्षेत्र, अनुभाग तथा स्कूलों के प्रधानाचार्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में उन्होंने कहा कि पुलिस मॉडर्न स्कूलों का उद्देश्य पुलिसकर्मियों के बच्चों सहित अन्य विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देना है। इसके लिए आवश्यक है कि कक्षाओं की पढ़ाई की गुणवत्ता में सुधार किया जाए और नई शिक्षा नीति के अनुरूप आधुनिक तकनीक को अपनाया जाए। एडीजी ने कंप्यूटर प्रशिक्षण को और प्रभावी बनाने तथा विद्यालयों में संसाधनों की वृद्धि करने पर जोर दिया। उन्होंने सभी विद्यालयों में समय-समय पर ऑडिट कराने और बजट का पारदर्शी व समुचित उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही साफ-सफाई की व्यवस्था को और मजबूत करने तथा भवन निर्माण व मरम्मत संबंधी कार्यों की नियमित निगरानी करने पर भी बल दिया।

उन्होंने कहा कि पुलिस मॉडर्न स्कूलों में सुधार से शिक्षा का स्तर बेहतर होगा और विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धी माहौल मिलेगा। बैठक में भाग लेने वाले अधिकारियों और प्रधानाचार्यों से अपेक्षा की गई कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर सुधारात्मक कदम उठाकर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

**■ शिक्षा का स्तर बेहतर होगाः एडीजी पीएसी**

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## अब हिमनद झीलें

जलवायु परिवर्तन का असर समुद्र और अंतरिक्ष तक पहुंचने के दावे तो हो ही रहे हैं, इससे धरती पर भी तबाही के एक के बाद एक कारण निकलते आ रहे हैं। देश के पहाड़ी इलाकों में भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन लाखों लोगों के जीवन को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है, मौतों, घर, खेत, सड़कें बह जाने की घटनाएं भी बढ़ गई हैं जिनके फिलहाल थमने के आसार नहीं हैं। अब हिमनद झीलों के विस्तार ने गंभीर चिंता पैदा कर दी है। सेंट्रल वाटर कमीशन ने चेतावनी दी है कि देश भर में चार सौ से अधिक हिमनद झीलें अपने विस्तार के चिंताजनक रुझान दिखा रही हैं और आपदाओं को देखते हुए इनकी गहन निगरानी की आवश्यकता है। इसके अनुसार लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में फैली छह सौ इक्यासी में से चार सौ बत्तीस हिमनद झीलों को अचानक और विनाशकारी बाढ़ लाने की क्षमता के कारण गहन निगरानी के लिए चिन्हित किया गया है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि देश में हिमनद झीलों का कुल क्षेत्रफल 2011 में 1,917 हेक्टेयर था जो 2025 में बढ़ कर 2,508 हेक्टेयर हो गया। यानी इनका क्षेत्रफल करीब इकतीस प्रतिशत बढ़ गया है। अब इस रिपोर्ट के मद्देनजर देखा जाए तो इस समय हिमालय क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभाव एक के बाद एक गंभीर स्थितियां पैदा कर रहे हैं। जम्मू कश्मीर, हिमाचल व उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्य बर्बादी के इसी दौर से गुजर रहे हैं। पंजाब भी इसी की चपेट में आ गया है। इसी तथ्य को पुष्ट करते हुए आयोग का कहना है कि पहाड़ी हिमनदों का सिकुड़ना और हिमनद झीलों का विस्तार होना वातावरण की जलवायु के गर्म होने के सबसे ज्यादा पहचाने योग्य और गतिशील दुष्प्रभावों में शामिल हैं। एक और जहां लंबे समय से आगाह किया जा रहा है कि जलवायु परिवर्तन के साथ पर्वतीय क्षेत्रों में अंधाधुंध निर्माण एवं अन्य परियोजनाएं यहां के पारिस्थितिकी संतुलन के लिए संकट पैदा कर रहे हैं तो दूसरी ओर अब हिमनदों के आकार में असंतुलित बदलाव ताजा तबाहियों को किसी न किसी रूप में आगे बढ़ाने का ही काम करेगा। यह खतरा इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से ज्यादा राज्य और केंद्र सरकारों के लिए बेहद गंभीर चेतावनी है जो विकास के नाम पर परियोजनाओं को मंजूरी देकर क्षेत्र का पर्यावरण असंतुलित करने को साफ तौर पर बढ़ावा दे रही हैं।

## यह कैसा प्रयोग

बच्चों के शिक्षा कल में शैक्षिक वातावरण और परीक्षा का विशेष महत्व है। इसमें साल भर के दौरान अर्जित ज्ञान का मूल्यांकन तो होता ही है, उत्तीर्ण होने की सफलता उनका आत्मविश्वास भी बढ़ती है। इसीलिए हर घर और स्कूल में उन्हें ऐसा माहौल देने की कोशिशें होती है कि वे स्वाभाविक रूप से किसी न किसी तरह अध्ययन के साथ अपना जुड़ाव महसूस करते रहें इसीलिए शिक्षा के एकदम शुरुआती स्तर पर कुछ स्कूलों और घरों में शिक्षण एवं अध्ययन कक्षों को महान पुरुषों प्राकृतिक दृश्यों पशु पक्षियों रोजाना इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं आदि के चित्रों से युक्त रखा जाता है ताकि उनमें उनके लिए उत्सुकता हो माना जाता है कि इसके बाद पढ़ाई में उनकी रुचि और बढ़ेगी स्कूली शिक्षा को और सरल तथा व्यावहारिक रूप देने के मकसद से एक शिक्षा बोर्ड ने किताबें रखकर परीक्षा देने की प्रक्रिया निर्धारित की है यह शुरू से ही अटपटी लगी थी अब शिक्षण कार्य से सीधे तौर पर जुड़े लोग इसके विभिन्न पक्षों को भी उठा रहे हैं इनका मानना है कि इस नई पहल से भविष्य में बड़ा नुकसान हो सकता है क्योंकि पुस्तक देखकर परीक्षा तो पास की जा सकती है लेकिन अनुशासन और नैतिकता के लिए पढ़ाई जरूरी है ही यह भी ध्यान देने की बात है कि किसी परीक्षा में छात्र संबंधित विषय का उत्तर हु नहीं देता बल्कि उसमें वर्ष भर की मेहनत और तैयारियां भी शामिल होती हैं तब कहीं उसकी कामयाबी की नई पड़ती है परीक्षा अगर इस पर आधारित न होकर पुस्तक देखकर ही देनी है तो बच्चे की पढ़ाई में प्रगतिया कमी का वास्तविक मूल्यांकन कैसे हो पाएगा परीक्षा केवल स्व के ज्ञान, समझ की परख करती है इसमें किसी तरह की मदद से इसका उद्देश्य ही खत्म हो जाएगा। स्कूली शिक्षा का एक और पक्ष जो आजकल विवाद का विषय बनता जा रहा है, किसी गलती पर शिक्षक द्वारा बच्चों को डांटना भी है। शिक्षक का कार्य अपने छात्र का व्यक्तित्व करना है जिसमें जोर जबरदस्ती का तो सवाल ही नहीं उठाता। हालांकि कुछ चंचल बच्चों को पढ़ाई के प्रति एकाग्र करने के लिए हल्की-फुल्की प्रताड़ना देनी ही पड़ती है। कुछ वर्षों से इस प्रताड़ना का स्वरूप बच्चों को गंभीर रूप से मारने पीटने अपमानित करने आदि कार्यों में सामने आते रहने से अभिभावकों में चिंता स्वाभाविक रूप से बढ़ी है।

## काँव-काँव

♦♦♦

**अब ईवीएम में दिखेगी प्रत्याशी की रंगीन फोटो**
हमारे नेताओं की रंगीनमिज़ाजी रंग ले आयी!

**लखनऊ में घंटे भर की बारिश,सड़कें बनीं तालाब**
जहां कुदरती तालाब था वहां हाईकोर्ट खड़ा है!

**परमाणु धमकियों से नहीं डरता नया भारत-मोदी**
अलबत्ता पुलवामा, पहलगाम नहीं रोक पाता!

**बढ़ते वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट की फटकार**
कार्यपालिका के काम न्यायपालिका के हवाले!

**बीजेपी फर्जी आधार कार्ड बनाती है-अखिलेश**
मतलब सपा असली आधार कार्ड बनाती है!

**कोर्ट में जीते तो अमेरिकी होंगे सबसे अमीर-ट्रंप**
सामान सौ बरस का है, पल की खबर नहीं!

♦♦♦

# राजनीति में परिवारवाद हमेशा रहा है और रहेगा

**- अजय दीक्षित**

राजनीति में परिवारवाद हमेशा से जटिल विषय रहा है। जवाहरलाल नेहरू, श्रीमती इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, तमिलनाडु में करुणानिधि के पुत्र एम के स्टालिन, कर्नाटक में यदुरप्पा के पुत्र भाजपा अध्यक्ष हैं, डॉ चिन्ना रेड्डी के रेवंत रेड्डी, जगन मोहन रेड्डी, मोरोशिली मारन के दयानिधि मारन, कनिमोझी, चंद्रशेखर राव की कविता राव, एन टी रामाराव के चंद्रबाबू नायडू, एस पुरुंदरई, पश्चिमी बंगाल में ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी, ओडिशा में बीजू पटनायक के नवीन पटनायक, शिबू सोरेन के पुत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, लालू प्रसाद यादव के तेजस्वी यादव, मीसा भारती, हिमाचल प्रदेश में प्रेम कुमार धूमल के अनुराग ठाकुर , दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे साहिब सिंह वर्मा ने अपने पुत्र प्रवेश वर्मा , राजस्थान में राजेश पायलट,के पुत्र सचिन पायलट, वसुंधरा राजे के पुत्रदुष्यंत सिंह सांसद, राजमाता विजयराजे सिंधिया के ज्योतिरादित्य सिंधिया ,स्व माधवराव सिंधिया, नरेंद्र सिंह तोमर के पुत्र देवेंद्र प्रताप सिंह,भेरूलाल पाटीदार की कविता पाटीदार, नागर सिंह चौहान के पत्नी मप्र में अनीता चौहान सांसद हैं, महाराष्ट्र में बालासाहब ठाकरे के पुत्र उद्धव ठाकरे,राज ठाकरे, सहित अन्य सभी नेताओं के पुत्र पुत्रियां, दामाद,अब नाती पंती ऐसे नाम हैं जो परिवारवाद के प्रतीक हैं। जिसमें चंद्रबाबू नायडू, तेजस्वी यादव, उद्धव ठाकरे, राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव,नवीन पटनायक, अभिषेक बनर्जी, हेमंत सोरेन, स्टालिन, सुखविंदर सिंह बादल, दुष्यंत चौटाला, उमर अब्दुला,सुप्रिया सुले, अजीत पंवार, डी कुमारस्वामी , गौरव गोगोई, तो बकायदा प्रजा तंत्र में पार्टियों के मालिक है। मायावती ने अपने भतीजे आनंद को पार्टी का अगला मुखिया बना दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस परिवारवाद के बहुत खिलाफ हैं और उन्होंने भारतीय जनता पार्टी में इस परिवारवाद के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। उनकी ही ताकत है कि बसुधरा राजे के पुत्र सांसद होकर केंद्रीय मंत्री नहीं हैं। अनुराग ठाकुर, पंकज सिंह, मंत्री नहीं बने हैं। मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस,असम के मुख्यमंत्री हेमंत शर्मा, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, साधारण परिवारों से है ।

भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अगर परिवारवाद का जीता जगता उदाहरण है तो वह नेहरू, गांधी परिवार, स्व. मुलायम सिंह यादव का परिवार पीछे नहीं है। नेहरू गांधी परिवार में से तीन प्रधानमंत्री, अनगिनत केंदीय मंत्री, सांसद,रहे हैं। जय प्रकाश नारायण, चंद्रशेखर, वी पी सिंह, कर्पूरी ठाकुर, के कामराज, सरदार पटेल, निजलिगप्पा, एस नंबूदरीपाद, जयललिता, गोविंद बल्लभ पंत, मदनलाल खुराना, अटल बिहारी वाजपेई, लालकृष्ण आडवाणी, दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, शांताकुमार, कुशाभाऊ ठाकरे, सुंदर सिंह भंडारी, प्रताप सिंह काइरो, बेनीप्रसाद वर्मा, जनेश्वर मिश्र, आदि ऐसे राजनीतिक नेता रहे जिन्होंने अपने परिवार को राजनीत से बाहर रखा है। लेकिन ललित नारायण मिश्र,ने जगन्नाथ मिश्र, हेमबतिनंदन बहुगुणा ने अपनी पुत्री रीता बहुगुणा जोशी, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री हरदेव जोशी ने सी पी जोशी , जम्मू कश्मीर में शेख अब्दुल्ला ने फारुख अब्दुला और अब उमर अब्दुला मुख्यमंत्री है। इसी प्रकार मप्र के मुख्यमंत्री कैलाश जोशी ने दीपक जोशी, और सुंदरलाल पटवा ने सुरेंद्र पटवा,कैलाश सारंग ने विश्वास सारंग को आगे बढ़ाया। भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था में इतने बड़े देश में परिवारवाद के कारण कई राजनीतिक दलों में कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर दी जाती है। स्व मुलायम सिंह यादव के परिवार में बताया जाता है कि 16 सांसद परिवार या रिश्तेदारों के है। बताया जाता है कि देश के 4500 विधायकों में से 1553 विधायक राजनीतिक परिवारों के है ।यह भी एक अध्ययन में कहा गया है कि देश के 30 फीसदी सांसद परिवारवाद से जुड़े हैं। सैकड़ों आईएएस, आईपीएस, राज्य सेवा के अधिकारी, राजदूत, आईएफएस, इन परिवारों के है या उनके दामाद है।इन परिवारों के कई गोरख धंधे हैं, कारे, लाइफ स्टाइल आला दर्जे की होती है।इस कारण आम जनता को चिढ़ होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस परिवार बाद को राजनीतिक बुराई मानते हैं और उन्होंने परिवारवाद पर अंकुश लगाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का परिवार से कोई सरोकार नहीं है। शायद मां के निधन के बाद वे अहमदाबाद अपने भाई के घर भी नहीं गए। जिसमें वह 25 वर्षों से मुख्यमंत्री फिर प्रधानमंत्री है। पहले गांधीनगर में मुख्यमंत्री आवास में परिजनों का प्रवेश वर्जित था और अब प्रधानमंत्री आवास सात रेस कोर्स रोड नई दिल्ली में भी नरेंद्र मोदी का कोई परिजन नहीं आता है बताया जाता है एक बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी मां को आवास पर लाए थे।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस परिवारवाद के बहुत खिलाफ हैं और उन्होंने भारतीय जनता पार्टी में इस परिवारवाद के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। उनकी ही ताकत है कि बसुधरा राजे के पुत्र सांसद होकर केंद्रीय मंत्री नहीं हैं। अनुराग ठाकुर, पंकज सिंह, मंत्री नहीं बने हैं। मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, असम के मुख्यमंत्री हेमंत शर्मा, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, साधारण परिवारों से है। भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अगर परिवारवाद का जीता जगता उदाहरण है तो वह नेहरू,गांधी परिवार, स्व मुलायम सिंह यादव का परिवार पीछे नहीं है। नेहरू गांधी परिवार में से तीन प्रधानमंत्री, अनगिनत केंदीय मंत्री, सांसद, रहे हैं।**



## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### प्रथम अध्याय

(गतांक से आगे)

तान्समीक्ष्य स कौन्तेयः सर्वान्बन्धूनवस्थितान्।। 27।।
कृपया परयाविष्टो विषीदन्निदमब्रवीत्।

इस प्रकार खड़े हुए उन सम्पूर्ण बन्धुओं को देखकर अत्यन्त करुणा से आवृत्त वह कुन्तीपुत्र अर्जुन शोक करता हुआ बोला। अर्जुन शोक करने लगा; क्योंकि उसने देखा कि यह सब तो अपना परिवार ही है, अतः बोला-

अर्जुन उवाच
दृष्ट्वेमं स्वजनं कृष्ण युयुत्सुं समुपस्थितम् ।।28।।
कणाधीन सीदन्ति मम गात्राणि मुखं च परिशुष्यति। वेपथुश्च शरीरे मे रोमहर्षश्च जायते ।। 29।।

हे कृष्ण ! युद्ध की इच्छावाले खड़े हुए इस स्वजन-समुदाय को देखकर मेरे अंग शिथिल हुए जाते हैं, मुख सूखा जाता है और मेरे शरीर में कम्प तथा रोमाञ्च हो रहा है। इतना ही नहीं- गाण्डीवं त्रंसते हस्तात्त्वक्कैव परिदह्यते। न च शक्नोम्यवस्थातुं भ्रमतीव च मे मनः ।। 30 ।।

हाथ से गाण्डीव गिरता है, त्वचा भी जल रही है। अर्जुन को ज्वर-सा हो आया। संतप्त हो उठा कि यह कैसा युद्ध है जिसमें स्वजन ही खड़े हैं? अर्जुन को भ्रम हो गया। वह कहता है- अब मैं खड़ा रह पाने में भी अपने को असमर्थ पा रहा हूँ, अब आगे देखने की सामर्थ्य नहीं है।

निमित्तानि च पश्यामि विपरीतानि केशव। न च श्रेयोऽनुपश्यामि हत्वा स्वजनमाहवे ।। 31 ।।

हे केशव ! इस युद्ध का लक्षण भी विपरीत ही देखता हूँ। युद्ध में अपने कुल को मारकर परमकल्याण भी नहीं देखता हूँ। कुल को मारने से कल्याण
गिन काङ्क्षे विजयं कृष्ण न च राज्यं सुखानि च। म किं नो राज्येन गोविन्द किं भोगैर्जीवितेन वा ।। 32 ।।
सम्पूर्ण परिवार युद्ध के मुहाने पर है। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**दानशक्ति प्रिय बोलिबो, धीरज उचित विचार ।**
**ये गुण सीखे ना मिलैं, स्वाभाविक हैं चार ।।**

मनुष्य के अंदर कुछ गुण स्वंय से उत्पन्न होते हैं। जैसे दान करना, मीठी बातें करना, लोगों की सेवा करना, समय पर सही-गलत का निर्णय लेना। इसे कहीं और से नहीं सिखा जा सकता।

♦♦♦

# गंभीर अपराध के लिए हल्के शब्दों का प्रयोग क्यों?



**- क्षमा शर्मा**

मनचले ने लड़की पर तेजाब फेंका, सिरफिरे आशिक ने महिला पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किया. मनचला करता था पीछा, मनचले ने की लड़की के पति की पिटाई. मनचला लड़की के ससुराल जा पहुंचा. सिरफिरा आशिक बच्चा उठा ले गया. सिरफिरे आशिक ने लड़की की मां को घायल किया. सिरफिरे आशिक ने दूल्हे पर गोली चलायी. सिरफिरे ने लड़की के कपड़े फाड़े। ये दो शब्द हम लगातार चैनलों और अखबारों में देखते हैं। स्त्रियों के प्रति गंभीर अपराध करने वालों के लिए ये शब्द क्यों गढ़े गये हैं, समझ में नहीं आता. मनचले का अर्थ है, किसी पर किसी का मन आ गया. यानी, मन मचल उठा. हमारी तरफ ब्रज प्रदेश में इस शब्द को खाने-पीने के अर्थों में भी इस्तेमाल करते हैं कि आज अमुक चीज खाने के लिए मन चल रहा है। स्त्री के संदर्भ में इस शब्द के उपयोग का अर्थ भी इसी तरह तो निकाला जायेगा कि किसी स्त्री पर मन आ गया. यानी कि वह स्त्री को पसंद करने लगा। पसंद करने लगा तो उसका पीछा करने लगा. तेजाब फेंकने लगा, हत्या करने लगा. इसका क्या अर्थ. एक तरह से यह शब्द जैसे स्त्री के प्रति किये गये अपराध को कम करके आंकता है. यही नहीं, अपराध करने वाले को वैधता प्रदान करता है, क्योंकि उसका तो मन चल गया, क्या करता बेचारा. जैसे कि इसमें स्त्री का ही कोई दोष हो. इसी तरह का शब्द है, सिरफिरा आशिक. सिरफिरे का मतलब यही तो होता है न कि जिसका सिर फिरा हुआ है। जो होशो-हवास में नहीं है. आशिक सिरफिरा था, इसलिए वह स्त्रियों के प्रति तरह-तरह के अपराध करने लगा. उन्हें ब्लैकमेल करने लगा. जैसे ही किसी आशिक को सिरफिरा कहा, उसके अपराध की गंभीरता जैसे मासूमियत में बदलने लगी. सिरफिरा, यानी कि उसे कुछ दिमागी समस्या है. और दिमागी रोगों से परेशान लोगों को सहानुभूति से देखा जाना चाहिए, न कि एक अपराधी की तरह. इसलिए यदि वे स्त्रियों को परेशान कर रहे हैं, तो भी कोई बात नहीं. इन लोगों ने जिन स्त्रियों को सताया, उन्हें तरह-तरह से परेशान किया, क्या इस तरह के शब्द लिखने वालों ने कभी उन स्त्रियों से पूछा है कि जब ऐसे लोगों ने उन्हें तंग किया, तब उनकी जिंदगी कैसे नर्क बन गयी. बहुत के संबंध टूट गये. बहुत की जान चली गयी। कई अपंग हो गयीं. और ऐसा नहीं है कि ये दोनों शब्द आज की खोज हों. ये अरसे से चलन में हैं. पीढ़ियां बदल गयीं, स्त्रियों के प्रति सोच बदल गयी, लेकिन ये शब्द न बदले. इन दिनों एक और शब्द बहुतायत से प्रयोग होता है- दबंग. कोई भी लड़ाई-झगड़ा हो, मार-पीट करने वालों, हत्या करने वालों को दबंग कह दिया जाता है। उदाहरण के तौर पर- दबंगों ने दलितों को सताया. दबंगों ने फसल काट ली. जानवर खोल ले गये. दबंग चढ़ दौड़े. आखिर ये दबंग कौन होते हैं. क्या ये मनुष्य नहीं, या कि किसी विशेष प्रजाति के हैं. यह शब्द जानबूझकर जाति वैमनस्य पैदा करता है. क्योंकि किसी की तो जाति बतायी जाती है, और किसी की छिपा ली जाती है. यदि बता रहे हैं, तो दोनों पक्षों की जाति बताइए. न बतानी हो, तो किसी की भी मत बताइए। कम से कम समाज को जाति के जहर में तो मत झोंकिए. वैसे ही इस समाज में अन्य परेशानियां कोई कम नहीं हैं. पुरुषों की तरह स्त्रियों से संबंधित भी दो शब्द हैं, जो मीडिया में अक्सर दिखाई देते हैं. परंतु ये वे शब्द नहीं हैं, जो मीडिया के लोग अपनी तरफ से लिखते, बताते हैं. ये तो वे हैं, जिन्हें स्त्रियां ही खुद बोलती हैं. आम तौर पर किसी पर दुष्कर्म के आरोप लगाने के लिए इन्हें प्रयोग किया जाता है. अमुक ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया. या किसी पेय पदार्थ में नशीला पदार्थ मिलाकर दुष्कर्म किया. कई मामलों में ऐसा हो सकता है, पर क्या हर मामले में ऐसा ही होता होगा. जिसके साथ आप वर्षों से लिव-इन में रह रहे हैं, नहीं भी रह रहे, तो वर्षों से संबंध हैं। मान लीजिए ये संबंध टूट गये, तो इसे झांसा देना कैसे कहा जा सकता है। झांसे का मतलब धोखा देना होता है. जो लड़कियां वयस्क हैं, या शादीशुदा हैं, फिर भी किसी संबंध में हैं, तो ऐसा कैसे है कि उन्हें कोई झांसा देता रहे और उन्हें इसका पता ही न चले। किसी बच्ची या किशोरी के साथ ऐसा हो, तो माना भी जा सकता है. लेकिन वयस्क स्त्रियों के साथ हमेशा ऐसा कैसे होता है कि कोई झांसा देकर उनका शोषण करता रहे या किसी पेय में नशीला पदार्थ मिला दे. अदालतें इस बारे में भी कई बार बहुत सख्त टिप्पणियां कर चुकी हैं. कह चुकी हैं कि वर्षों तक सहमति से बने संबंध दुष्कर्म नहीं कहे जा सकते. न ही पढ़ी-लिखी रोजगार शुदा स्त्रियां ऐसी हो सकती हैं कि कोई उन्हें लगातार धोखा देता रहे और उन्हें इस धोखे का पता ही न चले. कई बार संबंध न चल पाने पर, शादी से मुकर जाने पर बदले की भावना के तहत पुरुषों पर ऐसे आरोप लगा दिये जाते हैं. दुख की बात तो यह है कि जो स्त्रियां, लड़कियां वास्तव में ऐसे अपराधों की शिकार होती हैं, उनमें से अधिकांश न्याय के दरवाजे तक नहीं पहुंच पातीं. सो उन्हें न्याय भी नहीं मिल पाता है. स्त्रियों को भी यह सोचना चाहिए कि ऐसा करके वे उन स्त्रियों की राह कठिन बनाती हैं, जो वास्तव में अपराध की शिकार हैं।



## प्रेरक प्रसंग

### प्रभु का दर्शन

एक बड़े बुद्धिमान साधु थे। उनसे शिक्षा लेने के लिए बहुत-से स्त्री- पुरुष आते थे। साधु उन्हें बड़ी, उपयोगी बातें बताया करते थे। एक दिन उन्होंने कहा, तुम लोग चार बातें याद रखोगे तो जीवन में बहुत ही आनंद से रहोगे।

लोगों ने पूछा, स्वामीजी, वे चार बातें क्या है ?

स्वामीजी बोले, पहली बात यह है कि तुम जहां भी रहो, अपने को आवश्यक बना दो। इतना काम करो कि लोग समझें कि अगर तुम चले गये तो उनका काम रुक जायगा। कहने का अर्थ यह है कि तुम किसी पर बोझ मत बनो, दूसरों के बोझ को हल्का करो।

लोगों ने कहा, दूसरी बात बताइये।

साधु बोले, अपने को खूब स्वस्थ रखो। काम करने के लिए शरीर को तन्दुरुस्त रखना आवश्यक है।

और तीसरी बात क्या है ? लोगों ने उत्सुकता से पूछा।

साधु ने कहा, आलस को अपने पास कभी मत फटकने दो। जो आदमी प्रमाद करता है, वह निकम्मा हो जाता है।

आखिरी बात ? लोगों ने बड़ी जिज्ञासा से उनकी ओर देखा।

साधु बोले, एक-एक पैसे का उपयोग करो। मौज-शौक पर एक कौड़ी भी खर्च मत करो। याद रखो, तुम्हें जो पैसा मिला है, वह भगवान का दिया हुआ है, और भगवान की दी हुई चीज का किसी को दुरुपयोग नहीं करना चाहिए।

## आपका पत्र मिला

### बच्चों के हाथ में तकनीक या तमंचा?

डिजिटल होती दुनिया में बचपन की मासूमियत पर मोबाइल गेम्स का आज ऐसा कब्ज़ा है मानों बच्चों के हाथों में किताबें नहीं जुएं की ताश थमा दी गई हों। माता-पिता सुविधा और चुप्पी खरीदने के लिए बच्चों को मोबाइल थमा देते हैं और फिर खुद को आधुनिक अभिभावक समझने लगते हैं। तमाम प्रतिबंधों के बावजूद ऑनलाइन जुए और गेमिंग की मंडियां खुली लगती है मानो अगली पीढ़ी की बरबादी किसी नीतिगत स्टार्टअप का हिस्सा हो। जिस उम्र में बच्चे खिलौनों और खेल के मैदानों में होना चाहिए उस उम्र में वे डिजिटल कब्रिस्तान में खुद को दफन कर रहे हैं। तकनीक कौशल की जगह लत बन गई है और अभिभावक इसे होशियारी समझ बैठे हैं। नतीजा यह कि घर की मेहनत की कमाई गेमिंग कंपनियों की जेब में जा रही है और मासूम जानें मौत की खाई में गिर रही हैं। सवाल यह है कि बच्चों को मोबाइल दिया गया है या तमंचा? क्योंकि दोनों ही हालात में भविष्य का कत्ल ही एक नतीजा एक है। समाज की लापरवाही और सरकार की चुप्पी ने मिलकर बच्चों के हाथों में आत्मघाती औज़ार थमा दिए हैं। मोबाइल की स्क्रीन से झलकती रंगीन रोशनी असल में धीरे-धीरे बुझती ज़िंदगियों का धुआं है। यही डिजिटल मनोरंजन अब जुए के विष का नया नाम है और हम सब इसकी नीरव त्रासदी के गवाह बनते जा रहे हैं।इस समय भी अगर पालक सचेत नही हुए तो न बालक और न हीपालक का भविष्य सुरक्षित रहेगा।

**अमृतलाल मारू 'रवि'**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# इन लोगों को बिलकुल नहीं खाना चाहिए मशरूम



*मशरूम विटामिन डी का अच्छा स्त्रोत भी है। इसके अलावा भी इसमें बहुत सारे अन्य पोषक तत्व भी भरपूर होते हैं। मशरूम को वेजिटेरियन लोगों का नॉनवेज भी कहा जाता है। मशरूम हैल्दी तो है ही साथ ही में यह टेस्टी भी बहुत बनता है। मशरूम टिक्का, मशरूम की सब्जी, सूप पास्टा, ब्रैड सैंडविच जैसे कई तरीकों से आप मशरूम का सेवन कर सकते हैं हालांकि मशरूम सेहत के लिए फायदेमंद है लेकिन कुछ लोगों के लिए इसे खाना नुकसानदायक भी हो सकता है। इसे खाने से कई तरह के साइड इफेक्ट भी हो सकते हैं।*

**इन लोगों के लिए मशरूम खाना नुकसानदेह**
जिन लोगों के शरीर में विटामिन डी की कमी होती है तो उन्हें मशरूम जरूर खाना चाहिए लेकिन मशरूम कुछ लोगों के लिए नुकसानदेह भी हो सकते हैं। गठिया, ल्यूपस, अस्थमा जैसी ऑटोइम्यून बीमारियों वाले लोगों को भी मशरूम खाने से बचना चाहिए, खासकर जंगली मशरूम खाने से बचना चाहिए। कुछ लोगों को मशरूम खाने से चक्कर भी आते हैं। मशरूम खाने से किन लोगों को समस्या हो सकती हैं, चलिए आपको बताते हैं।

**डाइजेशन से जुड़ी समस्याएं** -डाइट एक्सपर्ट्स की मानें तो मशरूम की सब्जी डाइजेशन से जुड़ी दिक्कतें दे सकती है क्योंकि मशरूम एक फंगी है, ऐसे में कुछ लोगों को इसका सेवन करने से डायरिया, उल्टी और पाचन खराब संबंधी दिक्कत हो सकती है। अगर, आप पहले से ही डाइजेस्टिव समस्या से परेशान है तो मशरूम खाने से परहेज करें। पेट से जुड़ी दिक्कतें होने के चलते कुछ लोगों को बदहजमी की समस्या भी हो सकती है।

मशरूम में हाई मात्रा में कार्ब्स होते हैं, जिन्हें पचाना मुश्किल होता है। इससे गैस बन सकती है और पाचन संबंधी समस्याएं भी हो सकती है। इसी के साथ बारिश के मौसम में मशरूम खाने से पेट में इंफ़ेक्शन होने का डर रहता है।

कुछ प्रकार के मशरूम, जैसे कि पोर्टोबेलो और शिटाके में प्यूरीन की मात्रा में अधिक होते हैं जो यूरिक एसिड के लेवल को बढ़ा सकते हैं जिन लोगों को यूरिक एसिड की समस्या रहती है वह भी मशरूम खाने से बचें। मशरूम में मौजूद नाइट्रेटऑक्साइड की वजह से तेज सिर दर्द हो सकता है।

**प्रेग्नेंसी और ब्रेस्टफीडिंग-** अगर आप प्रैग्नेंट हैं या बच्चे को ब्रेस्ट फीड करवा रही है तो भी मशरूम खाने से पहले डाक्टरी से सलाह जरूर लें। कुछ स्टडीज के मुताबिक, कुछ तरह के मशरूम गर्भ में पल रहे बच्चे या स्तनपान करने वाले बच्चे को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

**एलर्जी की समस्या-** मशरूम खाने से कुछ लोगों को स्किन एलर्जी भी हो सकती है। मशरूम में कुछ ऐसे तत्व पाए जाते हैं जिनसे त्वचा पर लाल चकत्ते, खुजली, सांस लेने में तकलीफ़ जैसी समस्याएं हो सकती हैं स्किन एलर्जी में रेशेज के साथ सांस लेने में परेशानी जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है जिन लोगों को पहले से ही कोई फूड एलर्जी है वह मशरूम खाने से परहेज करे।

**फूड पॉइजनिंग-** मशरूम को ठीक से नहीं पकाया जाए तो फूड पॉइजनिंग का खतरा भी रहता है। फूड पॉइजनिंग के लक्षणों में उल्टी, दस्त, बुखार आदि समस्याएं हो सकती हैं।

# आपकी जिंदगी के साल छीन सकती है स्मोकिंग



*स्मोकिंग कई तरह से सेहत को नुकसान पहुंचाती है। इससे सेहत को गंभीर नुकसान होते हैं, जो कई बार मौत की वजह भी बन जाती है। यही वजह है कि हेल्थ एक्सपर्ट्स हमेशा से ही इससे दूरी बनाने की सलाह देते हैं। हालांकि, बावजूद इसके कई लोग इसकी लत का शिकार हैं और इसे छोड़ पाना उनके लिए बेहद लगभग नामुमकिन का हो जाता है, लेकिन हाल ही में सामने आई एक स्टडी में कुछ ऐसे खुलासे हुए हैं, जिसे सुनने के बाद आप यकीनन सिगरेट या बीड़ी छूने से पहले 100 बार सोचेंगे। आइए जानते हैं इस लेटेस्ट स्टडी के बारे में विस्तार से-*

**क्या कहती है स्टडी?**
हाल ही में सामने आए इस अध्ययन के मुताबिक एक सिगरेट पीने से एक पुरुष के जीवन में औसतन 17 मिनट और एक महिला के जीवन में 22 मिनट कम हो सकते हैं। स्टडी में दशकों से जारी धूम्रपान की आदतों और उसके स्वास्थ्य परिणामों पर नजर रखी गई। इससे यह पता चला कि जो लोग स्मोकिंग नहीं छोड़ते हैं, उनकी लाइफ एक्सपेक्टेंसी उन लोगों की तुलना में 10 से 11 साल कम हो जाती है, जो लोग स्मोकिंग नहीं करते हैं।

धूम्रपान करने वाले लोग औसतन अपने जीवन के करीब एक दशक खो देते हैं।

ताजा स्टडी में सामने आया कि 20 सिगरेट का एक सामान्य पैक पीने से स्मोक करने वाले व्यक्ति के जीवन से लगभग सात घंटे कम हो सकते हैं। ऐसे में अध्ययन में सामने आए खुलासे धूम्रपान छोड़ने की कोशिश को और भी जरूरी बनाते हैं।

**स्मोकिंग छोड़ने का असर :** इतना ही नहीं इस अध्ययन में स्मोकिंग छोड़ने के प्रभाव का भी पता चला।

स्मोक करने वाला एक व्यक्ति जो रोजाना 10 सिगरेट पीता है, वह सिर्फ एक हफ्ते के लिए सिगरेट छोड़ने से अपनी लाइफ का पूरा एक दिन खोने से बचा सकता है और आठ महीने तक धूम्रपान न करने से एक महीने का जीवन वापस पा सकता है। वहीं, एक साल तक स्मोकिंग न करने से व्यक्ति जीवन के 50 दिन खोने से बच सकता है।

**जल्दी बीमारी और बूढ़ा बनाती है स्मोकिंग :** इतना ही नहीं इस अध्ययन में यह भी पता चला कि स्मोकिंग करने के आप जल्दी बीमार और बूढ़े हो सकते हैं। इसका मतलब है कि स्मोकिंग की वजह से आपकी लाइफ के हेल्दी ईयर खत्म हो जाते हैं, जिससे खराब स्वास्थ्य की शुरुआत तेज हो जाती है। उदाहरण के लिए 60 साल के धूम्रपान करने वाले व्यक्ति की हेल्थ प्रोफाइल आमतौर पर 70 साल के स्मोक न करने वाले व्यक्ति जैसी होती है।

ऐसे में शोधकर्ताओं ने सलाह दी है कि पूरी तरह से स्मोक छोड़ना ही ज्यादा स्वास्थ्य लाभ लेने का इकलौता तरीका है।

# दिल के लिए फायदेमंद हैं ये पीले फल और सब्जियां



पीले फल और सब्जियां न केवल आंखों को आकर्षित करते हैं, बल्कि इनमें मौजूद पोषक तत्व दिल की सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होते हैं। ये पीले फूड आइटम्स एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन, और मिनरल्स से भरपूर होते हैं, जो दिल की बीमारियों के जोखिम को कम करते हैं। आइए जानते हैं दिल को हेल्दी रखने के लिए 5 पीले रंग के फूड्स के बारे में।

**केला-** केला एक ऐसा फल है, जो आसानी से मिल जाता है और सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें पोटैशियम की मात्रा ज्यादा होती है, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है। हाई ब्लड प्रेशर दिल की बीमारियों का एक अहम कारण है, और केला इस रिस्क फैक्टर को कम करने में सहायक होता है। इसके अलावा, केले में फाइबर भी होता है, जो कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद करता है।

**पीली शिमला मिर्च-** पीली शिमला मिर्च विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है। विटामिन-सी ब्लड वेसल्स को मजबूत बनाने और उनकी फ्लेक्सिबिलिटी बनाए रखने में मदद करता है। यह दिल के स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है, क्योंकि यह ब्लड सर्कुलेशन को सुचारू रूप से बनाए रखता है। इसके अलावा, इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर में सूजन को कम करते हैं, जो दिल की बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद करता है।

**आम-** आम को फलों का राजा कहा जाता है और यह न केवल स्वाद में बेहतरीन होता है, बल्कि सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। आम में विटामिन-ए, सी, और ई के साथ-साथ फाइबर और पोटैशियम भी होता है। ये सभी पोषक तत्व दिल की सेहत के लिए बहुत जरूरी हैं। आम में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स खराब कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कम करते हैं और अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाते हैं, जो दिल के लिए फायदेमंद होता है।

**कद्दू-** कद्दू एक ऐसी सब्जी है जो न केवल स्वादिष्ट होती है, बल्कि इसमें कई पोषक तत्व भी होते हैं। कद्दू में बीटा-कैरोटीन, विटामिन सी, और फाइबर की मात्रा अधिक होती है। बीटा-कैरोटीन एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है, जो दिल की बीमारियों के जोखिम को कम करता है। इसके अलावा, कद्दू में मौजूद फाइबर कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कम करने में मदद करता है, जिससे दिल की सेहत बेहतर रहती है।

**अनानास-** अनानास एक स्वादिष्ट और रसीला फल है जो विटामिन-सी और मैंगनीज से भरपूर होता है। इसमें ब्रोमेलैन नाम का एंजाइम भी होता है, जो सूजन को कम करने और खून के थक्के बनने से रोकने में मदद करता है। यह दिल की सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है, क्योंकि यह ब्लड वेसल्स को स्वस्थ रखता है और ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाए रखता है। अनानास में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स दिल की बीमारियों के जोखिम को कम करते हैं।

# कई बीमारियों में कुदरत का अचूक नुस्खा है पत्थरचट्टा



प्रकृति ने हमें कई ऐसे तोहफे दिए हैं, जिनमें औषधीय गुण भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इन्हीं में से एक है पत्थरचट्टा का पौधा। आयुर्वेद में सदियों से पत्थरचट्टा का इस्तेमाल तरह-तरह की बीमारियों के इलाज में लिए किया जाता रहा है। यह कैंसर, डायबिटीज, फंगल इन्फेक्शन, सूजन और किडनी की पथरी जैसी कई गंभीर बीमारियों के लिए फायदेमंद है। पत्थरचट्टा के पत्तों का रस पीना या पत्तियों को पीसकर लेप बनाना इसके कुछ सामान्य इस्तेमाल हैं। आइए, इस आर्टिकल में आपको इसके लाजवाब फायदे और इस्तेमाल के सही तरीके के बारे में बताते हैं।

**सांस से जुड़ी समस्याओं से राहत :** आयुर्वेद में पत्थरचट्टा का इस्तेमाल खांसी और सांस से जुड़ी बीमारियों के लिए किया जाता है। इसके अंदर एक खास गुण होता है जो कफ को कम करता है। अगर आपको खांसी या दमा जैसी कोई परेशानी है, तो आप पत्थरचट्टा के पत्ते को पीसकर इसका रस पी सकते हैं। इससे आपको काफी आराम मिलेगा।

**इम्युनिटी को बूस्ट करने में मददगार :** पत्थरचट्टा में पाए जाने वाले अलग-अलग बायोएक्टिव कंपाउंड के कारण यह हमारी इम्युनिटी को मजबूत बनाने में काफी फायदेमंद है। नियमित रूप से इसके पत्तों का सेवन करने से शरीर को इन्फेक्शन से लड़ने की क्षमता मिलती है और कई तरह की बीमारियों से बचा जा सकता है।

**सूजन से दिलाए छुटकारा :** पत्थरचट्टा, अपनी सूजनरोधी क्षमताओं के लिए जाना जाता है, जो गठिया जैसी बीमारियों में जोड़ों की सूजन और दर्द को कम करने में असरदार है। इसके नियमित सेवन से गठिया, गाउट और अन्य सूजन से जुड़ी समस्याओं से राहत मिल सकती है। यह खासतौर से गठिया से जुड़ी सूजन, दर्द और लालिमा को कम करने में मददगार होता है।

**घाव भरने में मदद करे :** पत्थरचट्टा की पत्तियों में एंटीसेप्टिक और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो घावों को जल्दी भरने में मदद करते हैं। अगर आपको कहीं चोट लगी है, तो पत्थरचट्टा की पत्तियों को अच्छी तरह कुचलकर लेप बना लें और इसे घाव पर लगाएं। कुछ दिनों तक ऐसा करने से घाव जल्दी सूख जाएगा और इन्फेक्शन का खतरा भी कम हो जाएगा।

**ब्लड शुगर कंट्रोल करे :** अध्ययन बताते हैं कि पत्थरचट्टा में हाइपोग्लाइसेमिक गुण होते हैं, जिसका मतलब है कि यह ब्लड शुगर के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है। यह प्रभाव पत्थरचट्टा में मौजूद फेनिल एल्काइल ईथर नामक एक बायोएक्टिव एंजाइम के कारण हो सकता है, जो शरीर में इंसुलिन के प्रोडक्शन को एक्टिव करके शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद करता है।


# इन लोगों को होता है अल्जाइमर का अधिक खतरा, क्या कहती है स्टडी

अल्जाइमर रोग जो हमारी याददाश्त और सोचने की क्षमता को धीरे-धीरे खत्म कर देता है, आज की दुनिया में एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बनकर उभर रहा है। यह एक बेहद जटिल न्यूरोलॉजिकल बीमारी है जो लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित करती है। इसलिए इस बीमारी के कारणों को समझना बेहद जरूरी है ताकि इसके जोखिम को कम किया जा सके और समय रहते इसकी पहचान की जा सके। अल्जाइमर रोग के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 21 सितंबर को %विश्व अल्जाइमर दिवस% मनाया जाता है। अल्जाइमर एक ऐसी बीमारी है जिनका खतरा कुछ लोगों में अधिक होता है। इन जोखिमों को जानकर हम खुद को इस बीमारी के प्रति अधिक जागरूक और सुरक्षित बना सकते हैं। आइए इस लेख में जानते हैं कि किन लोगों को अल्जाइमर का खतरा अधिक होता है और इसके पीछे क्या कारण हैं?

**बढ़ती उम्र-** अल्जाइमर रोग का सबसे बड़ा जोखिम कारक उम्र है। यह रोग 65 वर्ष की आयु के बाद तेजी से बढ़ता है। हालांकि इसका मतलब यह नहीं है कि सभी बुजुर्गों को यह बीमारी होगी, लेकिन उम्र बढ़ने के साथ मस्तिष्क में होने वाले प्राकृतिक बदलाव इस रोग के प्रति सेंसिटिविटी को बढ़ा देते हैं।

**पारिवारिक इतिहास और आनुवंशिकी-** यदि आपके परिवार में किसी को अल्जाइमर रोग हुआ है, तो आपको भी इसका खतरा हो सकता है। कुछ विशेष जीन, जैसे कि APOE4, इस जोखिम को काफी हद तक बढ़ा सकते हैं। हालांकि जीन ही एकमात्र कारक नहीं हैं, लेकिन पारिवारिक इतिहास होने पर नियमित जांच और सतर्कता बरतना जरूरी है।

**डाउन सिंड्रोम-** डाउन सिंड्रोम से पीड़ित लोगों में अल्जाइमर रोग विकसित होने का खतरा अधिक होता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि क्रोमोसोम 21 पर मौजूद एक विशेष जीन के कारण उनके मस्तिष्क में एमिलॉइड-बीटा प्रोटीन का जमाव जल्दी शुरू हो जाता है, जो अल्जाइमर का एक प्रमुख कारण है।



**सिर में चोट-** जिन लोगों को सिर में गंभीर चोट लगी हो, उनमें बाद में अल्जाइमर रोग विकसित होने का खतरा बढ़ जाता है। मस्तिष्क की चोट से सूजन और कोशिकाओं को नुकसान हो सकता है, जिसकी वजह से अल्जाइमर रोग का जोखिम बढ़ जाता है।

**जीवनशैली और हृदय स्वास्थ्य-** जोखिम के अन्य कारकों में खराब जीवनशैली शामिल है। उच्च रक्तचाप, उच्च कोलेस्ट्रॉल और मधुमेह जैसी स्थितियां मस्तिष्क में रक्त प्रवाह को प्रभावित कर सकती हैं, जिससे अल्जाइमर का खतरा बढ़ जाता है। स्वस्थ हृदय के लिए संतुलित आहार और नियमित व्यायाम महत्वपूर्ण हैं।

**खराब नींद और शराब का सेवन-** पर्याप्त और अच्छी नींद न लेना भी एक महत्वपूर्ण जोखिम कारक है। नींद के दौरान मस्तिष्क से विषैले पदार्थ साफ होते हैं। यदि कोई व्यक्ति पर्याप्त नींद नहीं लेता है, तो मस्तिष्क में हानिकारक प्रोटीन जमा हो सकते हैं। इसके अलावा, अत्यधिक शराब का सेवन भी मस्तिष्क की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाता है और अल्जाइमर रोग के जोखिम को बढ़ाता है।

यह समझना जरूरी है कि इन जोखिम कारकों का मतलब यह नहीं है कि आपको निश्चित रूप से अल्जाइमर रोग होगा, बल्कि ये केवल जोखिम को बढ़ाते हैं। एक स्वस्थ जीवनशैली, नियमित शारीरिक और मानसिक व्यायाम, संतुलित आहार, और पर्याप्त नींद अपनाकर इस जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

# मॉर्निंग वॉक पर जाने वालों की भी सेहत हो सकती है खराब

**सुबह की सैर पर जाना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है, लेकिन अगर आप कुछ छोटी-छोटी बातों को नजरअंदाज कर देते हैं तो आपकी सेहत खराब हो सकती है। सर्दियों में अक्सर देखा जाता है कि लोग अपनी सेहत की परवाह किए बगैर मॉर्निंग वॉक पर चले जाते हैं। मॉर्निंग वॉक पर जाना अच्छा है लेकिन अगर सेहत साथ नहीं दे रही है तो यह और अधिक खतरनाक हो सकता है।**



ऐसे में मॉर्निंग वॉक पर जाना आपकी सेहत के लिए और घातक हो सकता है।

**हो सकते हैं हाइड्रेशन का शिकार**
आपको सुबह की सैर पर जाने से पहले काफी मात्रा में पानी पीना चाहिए। अगर आप हाइड्रेटेड नहीं हैं तो आपको डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। सर्दियों में कई लोग पानी कम पीना शुरू कर देते हैं। ऐसे में उन्हें हाइड्रेशन की समस्या हो सकती है।

**वार्म-अप और कूल-डाउन**
सुबह की सैर पर जाने से पहले वार्म-अप करना चाहिए और सैर के बाद कूल-डाउन करना चाहिए। इससे आपके मांसपेशियों को चोट लगने से बचाया जा सकता है। कोशिश करें कि आप मॉर्निंग वॉक पर जाने से पहले वार्म-अप और कूल-डाउन करने की आदत डाल लें। इससे आपका ब्लड फ्लो बेहतर हो जाता है और नसों में खिंचाव आने का खतरा कम रहता है।

**पेड़ के नीचे न हो खड़ें**
सुबह की सैर पर जाने से पहले सुरक्षा उपायों का ध्यान रखना चाहिए। जैसे कि रोड क्रॉस करने से पहले दोनों ओर देखना, पेड़ के नीचे नहीं खड़े होना प्रमुख है। क्योंकि सर्दियों में ओस का प्रभाव बहुत रहता है। अगर आप सर्दियों में ओस के नीचे रहते हैं तो ये आपको बीमार कर सकता है। ऐसे में पेड़ के नीचे खड़ें होने से बचना चाहिए। खासकर पेड़ के नीचे नंगे सिर तो बिल्कुल भी नहीं खड़े होना चाहिए। ये आपको बीमार कर सकता है।

**मौसम की जानकारी जरूर लें**
बड़े शहरों में अधिकांश लोग फ्लैट या अपार्टमेंट में ही रहते हैं। अब होता क्या है चूंकि कई बार ऊपर कई मंजिल से मौसम का सही अंदाजा लोग नहीं लगा पाते और सैर करने चले जाते हैं। बाहर जाकर पता चलता है कि सर्दी बहुत है या फिर धूप बहुत है। लेकिन घर से निकलते हुए इनसे बचने की तैयारी नहीं की गई होती है। सुबह की सैर पर जाने से पहले मौसम की जानकारी लेनी चाहिए। अगर मौसम खराब है तो आपको सैर पर नहीं जाना चाहिए।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**शुक्रवार, 19 सितंबर 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते शरद ऋतौ अश्विन मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, त्रयोदशी तिथौ शुक्र वासरे 22/38/ आश्लेषा नक्षत्रे 07/06/सिद्ध योग 20/41/ गर करणे 11/31/ सिंह राशिगत चन्द्रमा 07 घं. 06 मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा प्रारम्भ घं.23 मि.38 से। प्रदोष व्रत। मघा, त्रयोदशी श्राद्ध। मासिक शिवरात्रि।

**मेष :** अधिकारी की अनुकूलता और विशेष परामर्श की चर्चा होगी। किसी स्थाई आवश्यकता के लिए खर्चा करेंगे।

**वृष :** अध्ययन मनन व बौद्धिक गतिविधियों में रुचि लेंगे। कार्यों में गति आएगी। बुजुर्गों के प्रति उत्तरदायी पूरे होंगे।

**मिथुन :** लाभ मार्ग अवरुद्ध रहेगा। अल्प लाभ की प्राप्ति हो जाएगी। मान सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क :** निकट के मित्रों से मेलजोल होगा। विभिन्न स्रोतों से धन पाने की संभावना है। आयोजनों पर अपव्यय से बचें।

**सिंह :** आयोजन में किसी षड्यंत्र तथा दुर्घटना संबंधी सावधानियां आवश्यक है। बढ़ते व्यय की चिंताओं से ग्रसित रहेंगे।

**कन्या :** विभिन्न बाधाओं के कारण तथा सूझबूझ के अभाव में अधिक व्यय का पश्चाताप रहेगा। शान्ति से काम करें।

**तुला :** जीवनसाथी से तनावपूर्ण संबंध रहेगा। यदि दूरदर्शी तरह से कार्य करेंगे तो व्यवसाय में अच्छी सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक :** संदेह और संकोच नष्ट होंगे। नवीन योजना के प्रति उत्साह प्रबल होगा। मनस्ताप भी समाप्त होगा।

**धनु :** कामों में गलतियां खोजी जा सकती हैं। भविष्य का मार्ग स्पष्ट होगा। किसी घटना चक्र के कारण जिम्मेदरी बढ़ेगी।

**मकर :** व्यापार व्यवसाय में हानि हो सकती है। बढ़ते व्यय तथा संतान संबंधी समस्याएं महत्वपूर्ण होंगी।

**कुंभ :** अनुमान से अधिक खर्च होगा। परिश्रम बढ़ेगा। विरोधियों और अवरोधों की प्रधानता रहेगी। निकट संबंधियों से प्रेम करें।

**मीन :** सामाजिक परिवर्तनों के प्रति विश्वास बढ़ेगा। विविध सांसारिक सुखों को प्राप्त करने की तत्परता बढ़ेगी।

## खबर एक नजर

### महाराजा सुहेलदेव पासी पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने वाले की गिरफ्तारी की मांग

**महाराजगंज रायबरेली।** एआईएमआईएम के नेता शौकत अली द्वारा महाराजा सुहेलदेव पासी पर अमर्यादित टिप्पणी से नाराज किसान हिंद फौज ने अधिवक्ता समाज के साथ मिलकर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा है। जिसमें शौकत अली को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की है। दिए गए ज्ञापन में उल्लेखित है नेता शौकत अली द्वारा महाराजा सुहेलदेव पासी पर अमर्यादित टिप्पणी की गई है, जो अत्यंत निंदनीय और आपत्तिजनक है। महाराजा सुहेलदेव पासी एक महान वीर और समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उनकी वीरता और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। साथ ही साथ ज्ञापन के माध्यम से यह भी बताया गया कि 24 घंटे के अंदर नेता शौकत अली को गिरफ्तार करें अन्यथा हम सभी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता भाजपा नेता विद्यासागर अवस्थी, सर्वेश अवस्थी, सरोज, हरिओम चतुर्वेद, मनीष दीक्षित, सत्य प्रकाश मिश्रा सहित अधिवक्ता समाज एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### बिजली विभाग की लापरवाही से किसान की मौत

**महाराजगंज रायबरेली।** बिजली विभाग की लापरवाही से किसान की मौत हो गई, छः माह पूर्व टूटे पोल की वजह से हाईटेंशन लाइन के तार नीचे लटक रहे थे। गाय चराने गए किसान की लटकते तारों के चपेट में आने से मौत हो गई। शाम को गाय के अकेले वापस लौटने पर परिजनों ने खोजबीन की तो वह मृत अवस्था में टूटे पोल के पास पड़े थे, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना चंदापुर थाना क्षेत्र के पूरे ज्वाला सिंह मजरे जनई गांव की है। गांव निवासी अविवाहित राजाराम 55 वर्ष पुत्र बाबू छोटे भाई सत्यनारायण के साथ रहते थे। बुधवार को अपराह्न करीब दो बजे वह घर से गाय चराने निकले थे, शाम को गाय के अकेले घर वापस लौटने पर परिजनों ने राजाराम की खोजबीन शुरू की तो वह गांव से 200 मीटर दूर 11 हजार की हाईटेंशन लाइन के नीचे मृत अवस्था में पड़े थे। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चंदापुर थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने किसान की बिजली के चपेट में आने से मौत की आशंका जताई है। उन्होंने कहा कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट होगी। वहीं मृतक के परिजन सत्यनारायण व विजय के अनुसार गांव के लिए आई 11 हजार की हाईटेंशन लाइन का पोल छः माह पूर्व टूट गया था। जिससे तार नीचे लटक रहे थे, कई बार की शिकायत के बाद भी पोल नहीं बदलवाया गया, बिजली विभाग की लापरवाही से लटकते तारों की चपेट में आने से उनके भाई की मौत हुई है। किसान की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है व गांव में मातम छाया हुआ है।

### गौ हत्या व तस्करी पर विश्व हिंदू परिषद ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**रायबरेली।** सदर विधानसभा क्षेत्र के बेला खारा में ग्रामीण आक्रोशित हो गए जब पास में ही विशेष समुदाय के महिलाए युवकों को ग्रामीणों ने गाय का सर काटते हुए मौके पर ही पकड़ लिया। समय से पुलिस ने पहुंचकर हत्यारों को अपने कब्जे में लेकर ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया। मामले कि गम्भीरता को देखते हुए क्षेत्रा अधिकारी अमित सिंह, जांच दल के साथ पहुंचे और शव की जांच करा कर दफ़नाने की कार्यवाही किया। सूचना पाकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सहित अन्य हिंदू संगठनों का जमावड़ा लग गया, बताते चलें विश्व हिंदू परिषद ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सम्पूर्ण प्रकरण कि संयुक्त टीम बनाकर जांच कि मांग की है। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह मंत्री विवेक सिंह ने कहा यदि ग्रामीणों कि माने तो पिछले चार-पांच महीने से ग्रामीणों द्वारा दी गई। सूचना पर कार्यवाही क्यूं नहीं की गई संगठन द्वारा लिखित रूप से कई बार ज्ञापन देकर जांच कि मांग की गयी। जिलाध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि संयुक्त टीम से जांच करते हुए बड़े प्रभावशाली गौमांस तस्करों पर शिकंजा कसा जाए, परन्तु उच्च अधिकारियों द्वारा संगठन की मांग को नजरंदाज किया गया। गौमांस तस्करी के तार नगर कोतवाली क्षेत्र के विषेश समुदाय बाहुल्य क्षेत्र तक जुड़े पाएं गए। ज्ञापन में जिला मंत्री धनंजय पांडेय, जिला सहसंयोजक आदर्श, नगर कार्याध्यक्ष अतुलित बाजपेयी, विभाग संयोजक रमाशंकर त्रिपाठी, जिला सह मंत्री संतोष सोनी, राही मंत्री सनोरंजन, नगर मंत्री विवेक श्रीवास्तव, जिला समरसता प्रमुख ललित पाण्डेय आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### सड़क हादसे में वरिष्ठ पत्रकार रवींद्र सिंह घायल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे से जुड़े साकेत नगर मजरे आलमपुर निवासी वरिष्ठ पत्रकार रवींद्र सिंह बृहस्पतिवार को सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। जानकारी के मुताबिक सुबह करीब 8:30 वह अपनी कार से भोजपुर स्थित विद्यालय जा रहे थे। रास्ते में फ्तेहपुर हाइवे पर आनापुर मोड़ के निकट रोडवेज बस ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बहुत गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर पर गंभीर चोटे आई हैं।

### सभी आपस में मिलजुल कर मनाएं त्योहार

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली परिसर में बुधवार की शाम को पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम मिथिलेश त्रिपाठी ने की। साथ में सीओ गिरिजा शंकर त्रिपाठी मौजूद रहे। दोनो अधिकारियों ने संयुक्त रूप से सभी से मिलजुल कर त्योहार मनाने की अपील की। दोनो अधिकारियों ने कहा कि किसी भी कार्यक्रम से पहले अनुमति लेना अनिवार्य है। कोई व्यवधान होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। बहुत तेज आवाज में लाउडस्पीकर न बजाए। मूर्तियों का भूमि विसर्जन करें और उन्हें ले जाते समय ट्रैक्टर की जगह लोडर का प्रयोग करें। एसडीएम ने कहा कि किसी भी नई परंपरा की अनुमति नहीं दी जाएगी। सीओ ने दुर्गा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन यंत्र और पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था करने को कहा। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद सिंह ने लोगों से त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। अधिकारीयों ने बताया कि क्षेत्र में इस बार 76 स्थानों पर दुर्गा जागरण और पांच स्थानों पर रामलीला महोत्सव आयोजित होंगे। इस मौके पर राघव बाजपेई, अमित अवस्थी, कीर्ति मनोहर शुक्ल, अखिलेश पांडेय, केडी तिवारी, वीरेंद्र श्रीवास्तव, व्यापार मण्डल राहुल भदौरिया, श्रीराम मौर्य सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे जालिम मठ मजरे गौरा रुपई गांव में फंदे से लटकी मिली डीफार्मा छात्र की लाश के मामले में बुधवार को परिजनों ने पुलिस को दोबारा तहरीर दी। मृतक के पिता ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया। बताते चलें कि गत 11 जुलाई 2025 को गांव के निकट युवक की लाश संदिग्ध परिस्थितियों में फंसी के फ्ंदे से लटकी मिली थी। मृतक के पिता ने बुधवार को पुलिस को तहरीर देकर निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की। उन्नाव जिले के बारासगवर थाना क्षेत्र के तेज सिंह खेड़ा गांव निवासी राजबहादुर ने बताया कि उनके बेटे सूरज की लाश गांव के प्रसंग के चलते उसकी प्रेमिका और उसके भाई ने मिलकर बेटे की हत्या कर दी थी। परिजनों का कहना है कि उनके पास बेटे और उसकी प्रेमिका की आपत्तिजनक फोटो व रिकॉर्डिंग मौजूद है। कहा कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या है। परिवार ने न्याय न मिलने पर धरने की चेतावनी दी थी।

### शराब ठेके के निकट हुई मारपीट में रिपोर्ट दर्ज

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के शेखवापुर शराब ठेके की टिकट बुधवार की देर रात को हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने पीड़ित तहरीर पर केस दर्ज कर लिया। शेर बहादुर का पुरवा मजरे दीपेमऊ गांव निवासी पंकज यादव ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बुधवार की शाम को शराब ठेके में दो अज्ञात लोग आपस में झगड़ रहे थे। इस पर उसने बीच बचाव करने की कोशिश की। बताया कि थोड़ी देर बाद कार से आए नवराज का पुरवा के सनी, सरवन और रिशू ने उसकी लाठी डंडों से पिटाई कर दी। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले में पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर जाँच की जा रही है।

## बछरावां नगर पंचायत की सीमा विस्तार की प्रक्रिया तेज



### नगर पंचायत सीमा विस्तार पर मुहर लगते ही मौजूदा 6 प्रधानों की होगी छुट्टी

बछरावां नगर पंचायत की सीमा विस्तार की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। चर्चा है कि आगमी एक वर्ष में बछरावां नगर पंचायत सीमा विस्तार पूरा होकर 6 ग्राम पंचायत बछरावां नगर पंचायत में मर्ज हो जायेंगी। जिसके बाद मौजूदा समय में जो इन पंचायतो में ग्राम प्रधान हैं उनको प्रधान का चुनाव लडने का मौका नहीं मिलेगा। दूसरी तरफ विकास खंड में 53 ग्राम पंचायतों में से 47 पंचायते ही रह जायेंगी तथा बछरावां नगर पंचायत अध्यक्ष चुनाव में भी उम्मीदवारों की संख्या बढ़ेगी तथा चुनाव भी दिलचस्प होगा।

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, बछरावां, रायबरेली।** बछरावां नगर पंचायत किस सीमा विस्तार के प्रक्रिया तेजी से चल रही है। बीते 12 फरवरी को नगर पंचायत द्वारा रायबरेली जिला अधिकारी को प्रस्ताव भेजकर विस्तार कराए जाने की मांग की गई थी। वहीं दूसरी तरफ नगर पंचायत की विस्तार में 6 पंचायतों आने वाली ग्राम सभा में जलालपुर, टोणर पुर, मल्हीपुर, देवपुरी, विशुनपुर, कसरावां जिसका क्षेत्रफल 10 से 12 किलोमीटर है। जिसकी आबादी 20 हजार करीब हैं। बछरावां नगर पंचायत के विस्तार के लिए जनप्रतिनिधि 5 वर्षों से लगातार प्रयास कर रहे थे परंतु इस बार नगर पंचायत की विस्तार प्रस्ताव पर कार्रवाई तेजी से आगे बढ़ रही थी परंतु चुनावी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रस्ताव की गति धीमी हो गई।

ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले सुशील, अमित, राजू, राम सुमिरन को जैसे ही यह सूचना मिली कि तहसील स्तर पर पांच पंचायत के गाटा संख्या की फीडिंग का कार्य हो चूका है तथा एक ग्राम पंचायत कसरावां की फीडिंग का कार्य अगले सप्ताह शुरू हो जाएगा। जानकारी होने पर 6 ग्राम पंचायतों के लोगों में खुशी के लहर है कि उनकी भी पंचायत का नगर पंचायत द्वारा विकास कराया जाएगा। अच्छी सड़कें, पानी सहित सुविधाएं मुहैया होगी जिस पर 6 ग्राम पंचायत के लोगों में खुशी की लहर है। ईओ रामाशीष ने बताया कि भेजे गए प्रस्ताव पर कार्यवाही प्रगति पर है। तहसील स्तर पर 6 ग्राम सभाओं के गाटा संख्या की डाटा फीडिंग का कार्य किया जा रहा है जिसमें पांच पंचायतों का डाटा फीडिंग की जा चूंकि हैं तथा कसरावां गांव की फीडिंग अगले सप्ताह शुरू हो जाएगी। इसके बाद प्रस्ताव शासन स्तर पर भेजा जायेगा। बछरावां नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने बताया कि बीते कई वर्षों से उनका लगातार या प्रयास था कि बछरावां नगर पंचायत का विस्तार हो परंतु किन्हीं कारणों से नहीं हो पता था इस बार उम्मीद है कि आगामी दिनों में जैसे ही प्रस्ताव शासन स्तर पर पहुंचेगा। उनकी बछरावां नगर पंचायत सीमा विस्तार पर मुहर लगते ही कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

## नहीं सुधरी ताला उपकेन्द्र की बिजली आपूर्ति, अठारह घंटे बंद रही सप्लाई

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, संताव ग्रायबरेली।** क्षेत्र के कृष्णपुर ताला स्थित विद्युत उपकेन्द्र के हजारों उपभोक्ता बिजली की घोर अव्यवस्था से त्रस्त हैं। विगत नौ सितम्बर को आक्रोशित उपभोक्ताओं ने उपकेन्द्र का घेराव किया फिर भी आपूर्ति नही सुधरी। हालात यह हैं कि बुधवार की रात करीब एक बजे बन्द हुई आपूर्ति गुरुवार की शाम सात बजे तक बहाल नहीं हो सकी। उपकेन्द्र के नम्बर पर फोन करने वाले उपभोक्ताओं को गुरुवार की सुबह से केवल एक ही बात बताई जा रही है कि इन्सुलेटर दगे हैं। करीब 18 घंटे तक बिजली गायब रहने से घरेलू उपभोक्ता त्रस्त हैं। ताला उपकेन्द्र के उपभोक्ता पवन द्विवेदी बताते हैं कि संविदा कर्मचारियों की लापरवाही के कारण लोग पीड़ित हो रहे हैं। खगियाखेरा के अजय कुमार, कृष्णपुर ताला के विशम्भर आदि उपभोक्ता बताते है कि ताला.बछरावां 33 केवीए की लाइन चौबीस घंटे लगातार ठीक से कभी नही चलती। लोकल लाइन का फॉल्ट ठीक कराने के लिए पैसे तक देने पड़ते हैं। उल्लेखनीय है कि करीब 75 हजार की आबादी को इस उपकेन्द्र से रोशनी और पानी मिलता है। लगातार बिजली कटौती के कारण लोग त्राहि कर रहे हैं। उपकेन्द्र पर तैनात अवर अभियन्ता राम कुमार बीमारी के कारण अवकाश पर हैं। उल्लेखनीय है कि उपकेन्द्र पर तैनात सरकारी लाइन मैन गौरव पाण्डे घर मे बैठ कर काम कर रहा है, जबकि एक मात्र मुख्य लाइन मैन बीरेन्द्र कुमार ने बताया कि उसे चार महीने से विभाग ने मानदेय नहीं दिया फिर भी वह काम कर रहा है। इन चार्ज जेई सुनील कुमार बताते हैं कि एक साथ कई इन्सुलेटर ब्लॉस्ट होने के कारण लाइन बन्द है। संविदा कर्मी काम कर रहे हैं। काम पूरा होते ही आपूर्ति बहाल कर दी जायेगी।

## हरचन्दपुर से वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान की हुई शुरूआत




**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर ''वोट चोर, गद्दी छोड़'' हस्ताक्षर अभियान का प्रारम्भ हरचन्दपुर विधानसभा से किया गया। 15 सितम्बर से 15 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले इस अभियान में वोट चोरी के खिलाफ पूरे देश से 5 करोड़ हस्ताक्षर एकत्र करने का लक्ष्य रखा गया है। उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष लोकसभा सांसद राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग और भाजपा सरकार के खिलाफ चलाया जा रहा है वोट चोर-गद्दी छोड़ का नारा आज पूरे देश में गूंज रहा है, जनता उत्सुकता से राहुल गांधी की प्रेसवार्ता को सुन रही है और अपने वोट के चोरी होने से आक्रोशित है। हरचन्दपुर से वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्पंकज तिवारी ने चुनाव आयोग पर बड़ा हमला बोला, उन्होंने राहुल गांधी की बात को दोहराते हुए कहा कि राहुल ने प्रेसवार्ता के माध्यम से बताया कि मैं 100 प्रतिशत सबूत दे रहा हूं, मुझे अपने देश, संविधान और लोकतंत्र प्रक्रिया से प्यार है, लेकिन ज्ञानेश कुमार (चुनाव आयोग) वोट चोरी कर रहे है, सॉफ्टवेयर और कॉल सेंटर के माध्यम से वोट डिलीट किये जा रहे है। श्री तिवारी ने कहा कि देश की जनता का विश्वास मोदी सरकार से उठ गया है और अगर आज भाजपा सत्ता में है तो वह सिर्फ वोट चोरी की वजह से है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने सांसद राहुल गांधी के उस खुलासे का भी जिक्र किया जिसमें कर्नाटक के अलंद निर्वाचन क्षेत्र में 6018 वोट डिलीट पाये गए और सबसे आश्चर्य की बात यह कि जिसके वोट कटे उसे पता नहीं और जिसके आवेदन पर वोट काटे गये उसे भी कुछ पता नहीं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि चुनाव आयोग पूरी तरह से वोट-चोर को बचाने में लगा है, ''वोट-चोर, गद्दी छोड़'' का नारा आज उतना ही असरदार व क्रान्तिकारी नारा है, जितना आजादी के समय अंग्रेजों भारत छोड़ो का नारा था, हम सब राहुल गांधी की इस लड़ाई में उनके साथ खड़े है और लोकतंत्र बचाने के लिए हर कुर्बानी देने को तैयार है। हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम मे विधानसभा प्रत्याशी हरचन्दपुर सुरेन्द्र विक्रम सिंह, राहुल बाजपेयी, संजय श्रीवास्तव, अनवार खान, प्रदीप चौधरी, छोटेलाल पासी, सौरभ अवस्थी, मनीष सिंह, इसरार पण्डा, रोहित कुमार, रमेश कुमार यादव, मयंक यादव, आकाश पासी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## महिला ने मायके में फांसी लगाकर की आत्महत्या, घरेलू हिंसा व प्रताड़ित किए जाने का अरोप



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, खीरों, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के गांव सुखऊखेड़ा मजरे लच्छीपुर में बुधवार की रात एक महिला ने अपने मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मायके पक्ष ने मृतका के ससुराल पक्ष पर घरेलू हिंसा और प्रताड़ना का आरोप लगाया है। मृतका की मां की सूचना पर पहुंची खीरों पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खीरों पुलिस घटना की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार सुखऊखेड़ा मजरे लच्छीपुर मृतका नेहा विश्वकर्मा 22 के पिता राम कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि मैं तेलंगाना में नौकरी करता हूं। मैंने अपनी पुत्री नेहा विश्वकर्मा 22 की शादी 20 अप्रैल 2025 को जाजमऊ के पास स्थित गांव त्रिभुवनखेड़ा जनपद उन्नाव निवासी आशीष विश्वकर्मा के साथ हुई थी। शादी के बाद से नेहा के पति आशीष विश्वकर्मा, ससुर अनिल विश्वकर्मा, सास और ननदोई बबलू विश्वकर्मा आदि छोटी छोटी बातों को लेकर नेहा को गाली और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर प्रताड़ित करते थे। नेहा रक्षाबंधन के बाद अपने मायके आई थी। नवरात्रि में उसे वापस ससुराल जाना था। बीती बुधवार की रात पति आशीष विश्वकर्मा से फोन पर नेहा से कहासुनी हुई। इसके बाद नेहा ने फोन काट दिया। आशीष विश्वकर्मा ने नेहा की मां अनीता देवी को नेहा के फोन न उठाने की जानकारी दी तो मां अनीता देवी और भाई आदर्श विश्वकर्मा ने खिड़की से देखा तो नेहा को कमरे के अन्दर फंदे से लटका देखकर उनके होश उड़ गए। परिजनों का आरोप है कि ससुर अनिल विश्वकर्मा, पति आशीष विश्वकर्मा, सास और ननदोई बबलू विश्वकर्मा द्वारा शादी के बाद से ही नेहा के साथ लगातार घरेलू हिंसा और प्रताड़ित किया जा रहा था। बुधवार को पति आशीष विश्वकर्मा से कहासुनी होने के कारण नेहा ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका की मां अनीता देवी की सूचना पर पहुंची खीरों पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना से मृतका की मां अनीता देवी, पिता रामकुमार विश्वकर्मा, भाई आदर्श विश्वकर्मा सहित सभी परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि मृतका की मां की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच की जा रही है। मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर मौखिक रूप से प्रताड़ना का आरोप लगाया है। लेकिन की तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## घर की छत गिरने से बाल बाल बचा परिवार



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, बछरावां, रायबरेली।** ब्लॉक क्षेत्र के थुलेडीं गांव के रहने वाले लंडन पुत्र मुनिर अपनी पत्नी हाफीजुन व बच्चों के साथ गुरुवार दोपहर घर के बाहर बैठे हुए थे।

बीतें दो दिनों से हो रही बरसात के कारण अचानक घर की कच्ची छत गिर गई। गनीमत रही की हादसे के वक्त घर के अदर कोई मौजूद नहीं था। जिस कारण कोई धन हानि नहीं हुई। लंडन का कहना है कि घर की कच्ची छत है जिस कारण अचानक छत गिर गई है। छत गिरने से घर के अंदर खाने-पीने के साथ अन्य सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया है। खंड विकास अधिकारी शिव बहादुर सिंह ने बताया कि जांच कर सहायता घर मलिक को दिलाई जाएगी।

## आरेडिका में दस दिवसीय राजभाषा पखवाडा का शुभारम्भ

**आरेडिका में 17 सितम्बर 2025 से 27 सितम्बर 2025 तक मनाया जा रहा है राजभाषा पखवाड़ा**



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)।** आरेडिका में राजभाषा विभाग के तत्वावधान और मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द के नेतृत्व में राजभाषा पखवाडा के तहत 17 सितम्बर 2025 से 27 सितम्बर 2025 तक विभिन्न राजभाषा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इन प्रतियोगिताओं में आरेडिका के कर्मचारी एवं अधिकारी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिताओं में हिंदी निबंध लेखन, हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन तथा हिंदी वाक्य, आधिकारियों के लिए निबंध लेखन, सांस्कृतिक संध्या एवं कवि सम्मेलन, साहित्यिक व्याख्यान, हिन्दी कार्यशाला तथा पुस्तक एवं साहित्य प्रदर्शनी आदि शामिल की गयी हैं। यह आयोजन रेलवे बोर्ड के निर्देशों के अनुपालन में किया जा रहा है। 17 सितम्बर 2025 को हिंदी निबंध लेखन, और 18 सितम्बर 2025 को हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिताओं में सभी प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उप मुख्य राजभाषा अधिकारी अष्टानन्द पाठक ने बधाई दी। राजभाषा पखवाडा का शुभारम्भ महाप्रबंधक पीके मिश्रा के नेतृत्व में सभी प्रधान मुख्य विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में हिंदी कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक के आयोजन के साथ की गयी। जिसमें आरेडिका के राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने कहा कि राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम कर्मचारियों में राजभाषा हिंदी के प्रति उत्साह के भावों को संचारित करते हैं, जो राजभाषा के प्रचार-प्रसार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर आरेडिका के प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी रवीश कुमार, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राकेश राज पुरोहित, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक अकमल वदूद, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य अभियंता सत्य प्रकाश यादव, प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 आभा जैन, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी अष्टानन्द पाठक, राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन और कर्मचारी मौजूद रहे।

## जय किसान आंदोलन ने उठाई खाद की किल्लत और एसडीएम ऊंचाहार के निलंबन की मांग




**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** जय किसान आंदोलन के बैनर तले रायबरेली के किसानों ने यूरिया व डीएपी खाद की किल्लत, बिजली संकट, खराब सड़कों और ऊंचाहार तहसील के उपजिलाधिकारी पर भ्रष्टाचार व जातिवाद के आरोप लगाते हुए महामहिम राज्यपाल व जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने एसडीएम के निलंबन और त्वरित जांच की मांग की है। जय किसान आंदोलन के प्रदेश अध्यक्ष राजनैत यादव ने कहा कि सरकार को किसानों के लिए उर्वरक के नाम पर बजट दिया जा रहा है तो फिर किसानों को खाद मुहैया क्यों नहीं हो पा रही है। यूरिया की कमी से धान की फसल बर्बाद हो रही है। किसान रात से खाद केंद्रों पर लाइन लगाते हैं, पर खाली हाथ लौटते हैं। निजी दुकानों पर 100 रुपये अधिक देकर खाद खरीदने को मजबूर हैं। आजमगढ़ से आये हुए जय किसान आंदोलन के जिलाध्यक्ष बाकेलाल ने कहा कि प्रदेश सरकार हर नुक्कड और गली में शराब के ठेके तो खोल रही है लेकिन खाद के लिए किसानों को दरबदर भटकना पड़ रहा है। आगामी आल, गेहूं की फसल के लिए पर्याप्त खाद की मांग की गई। इसके अलावा, 300 यूनिट मुफ्त बिजली, एमएसपी, किरायेदार किसानों को सब्सिडी बीमा और कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग में शोषण रोकने की मांग उठी। खराब सड़कों और अंडरपास में जलभराव का समाधान भी मांगा गया। जय किसान आंदोलन के जिलाध्यक्ष ने एसडीएम ऊंचाहार पर गंभीर आरोप लगाये हैं। 18 मई 2025 को नाली विवाद में दलित संतोष कुमार को गिरफ्तार किया गया। एसडीएम के पेशकार कृष्ण बहादुर ने 10 हजार रुपये रिश्वत मांगी। 29 मई को एंटी.करप्शन टीम ने पेशकार को 7 हजार रुपये लेते रंगे हाथ पकड़ा। जमानत के बाद भी पेशकार को उसी तहसील में बहाल किया गया। संतोष को समझौते के दबाव में 7 सितंबर को फर्जी केस में जेल भेजा गया।

एसडीएम ने जमानत देने से इनकार किया। जय किसान आंदोलन की राष्टीय कार्यकारिणी की सस्दया एडवोकेट अर्चना ने उंचाहार तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार के बारे में बताते हुए कहा कि यदि जिलाधिकारी ने यदि भ्रष्ट बाबू और एसडीएम के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं की तो जय किसान आंदोलन के कार्यकर्ता डीएम कार्यालय पर एक बड़े धरने के लिए मजबूर होगें। उसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। स्वराज इण्डिया पार्टी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट राम विलास यादव ने दलितों के खिलाफ वेदखली मामलों में देरी और भेदभाव के आरोप लगाये हैं। यूपी राजस्व संहिता 2006 की धारा 24 के तहत 3 महीने में सीमांकन अनिवार्य है, पर दलितों के मामले 5-8 साल लटकते हैं। उदाहरण शिव सागर का केस 2016 8 साल बाद 2023 में निपटा, बिना कब्जा दिलाए। वहीं, ऊंची जाति के मामले 3 महीने में सुलझते हैं। जय किसान आंदोलन के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पुष्कर पाल ने कहा कि किसानों ने ग्राम समाज भूमि पर बेदखली के बाद भी अतिचारियों के खिलाफ कार्रवाई और भू.माफिया की सूची प्रकाशित करने की मांग की। आंदोलनकारियो ने चेतावनी दी कि मांगें न मानी गईं तो व्यापक धरना प्रदर्शन होगा। धरना प्रदर्शन में राकेश प्रताप सिंह, आशीष, नन्दन, गजोधर, प्रीतम, मंतोष, संतोष, धीरज, संजय, राम स्वरूप, धन्नजय, रवि मौर्या, रामअवध, राकेश, शिवम वर्मा, रमेश यादव, आसिफ, अजय श्रीवास्तव, राजेन्द्र वर्मा, संतराम मौर्या सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 6 जोन में बटा है विकास प्राधिकरण, नियम कायदे ताख पर

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** शहर में कार्मशियल कामप्लेक्स व अपार्टमेन्ट बनाने वाले बिल्डरो के साथ रायबरेली विकास प्राधिकरण कें जिम्मेदारो की सांठ-गांठ के खुलासे किये जाये तो महीनो लग जायेगे आरडीए की एक सीमा सें दूसरी सीमा तक बिल्डिंग निर्माणों में खेल ही खेल है। कानपुर रोड का राजघाट क्षेत्र अभिलेखो में बतौर ग्रीन बेल्ट दर्ज है। राजघाट से लेकर गोरा बाजार, सारस चौराहे से डिडौली पुल तक त्रिपुला सें लेकर शहर कें गली कूचो में मानक मानचित्र की धज्जिया रा0वि0प्रा0 की खाऊ कमाऊ नीति उडवा रही है। रा0वि0प्रा0 बिल्डरो से सांठ.गांठ कर मोटी मलाई खा रहा है। बिल्डर कामिर्शियल कामप्लेक्स निर्माण कें लिये भूस्वामी की ओर से मानचित्र तीन हजार रूपये शुल्क सहित जमां करा देता है। 6 जोन में बटें विकास प्राधिकरण के सम्बन्धित जिम्मेदार निश्चित सुविधा शुल्क लेकर काम शुरू करा देते है। भवन स्वामी को नोटिस जारी कर अभियन्ता अपनी गर्दन बचा लेते है। नोटिस और उसके जवाब का खेल निर्माण पूरा होने तक अनवरत चलता रहता है। निर्माण के बाद राजस्व बढाने कें नाम पर शमन कार्यवाही कर भवन स्वामी सें शमन शुक्ल जमां करा अवैध निर्माण का वैध निर्माण में परिवर्तित करने का हथकण्डा अपनाते है। मानचित्र के खेल के साथ बिल्डरो को रा0वि0प्रा0 लाभ के बदले में कमाई करता है। दूसरी तरफ लोबेसमेन्ट के नाम पर गहरे बेसमेन्ट का निर्माण भी ज्यादातर भवनो में हो रहा है। रा0वि0प्रा0 की ढुल.मुल नीति से शहर कें एक व्यवसायिक कीमती मार्ग पर कई व्यवसायिक भवन मानचित्र की स्वीकृति के बिना निर्मित हो गये। उन पर अभी तक कोई कार्यवाही नही हुयी हैं। व्यवसायिक भवनो में हर सड़क गली में जिस तरह की खुले आम धांधली चल रही है। उसकी अनदेखी किसी दिन बहुत भारी पडने की आशंका से इन्कार नही किया जा सकता कारण बेसमेण्ट के साथ निर्मित होने वाले भवनो के ध्वस्तीकरण के पूर्व अगल.बगल के पुराने कमजोर मकानो में यदि कोई हादसा हो जाये तो उसकी जिम्मेदारी किस पर होगी। यह निष्चित नही है।

# शोपीस बनकर रह गया है हेल्थ एटीएम



**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी।** मसौली थाना क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बड़ागांव में स्थापित हेल्थ एटीएम अब तक शोपीस बनकर रह गया है। जनप्रतिनिधियों द्वारा बड़े- बड़े दावे और उम्मीदों के साथ लगाया गया यह हेल्थ एटीएम ग्रामीणों के लिए बेकार साबित हो रहा है।स्वास्थ्य सुविधाओं को आसान बनाने और गांव के मरीजों को प्राथमिक जांच की आधुनिक सुविधा देने के उद्देश्य से इस हेल्थ एटीएम को लगाया गया था, लेकिन हकीकत यह है कि आज तक किसी भी ग्रामीण को इसका वास्तविक लाभ नहीं मिल पाया। मशीन धूल फांक रही है और मरीजों को फिर भी निजी चिकित्सकों या झोलाछाप डॉक्टरों का सहारा लेना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि सीएचसी अधीक्षक संजीव कुमार सब कुछ जानते हुए भी अनजान बने हुए हैं। लाखों रुपये की लागत से लगी मशीन केवल दिखावे का साधन बनकर रह गई है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर हेल्थ एटीएम सही तरीके से संचालित हो तो ब्लड प्रेशर, शुगर, हार्ट रेट समेत तमाम प्राथमिक जांचें आसानी से सीएचसी में की जा सकती हैं। इससे मरीजों का समय और पैसा दोनों बचेंगे, लेकिन लापरवाही और उदासीनता के कारण मशीन बेकार पड़ी है। ग्रामीणों ने प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि इस हेल्थ एटीएम को जल्द से जल्द चालू किया जाए, ताकि गांव के लोग आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठा सकें। यह सवाल अब भी बना हुआ है कि आखिर जनता के पैसे से खरीदी गई मशीन कब तक शोपीस बनी रहेगी?

# महिला छिनैती की शिकार, घटना को संदिग्ध मान रही हैं पुलिस

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।** थाना व कस्बा सुबेहा निवासी एक महिला के साथ दिनदहाड़े छिनैती किये जाने का मामला सामने आया है। वहीं पुलिस इस घटना को संदिग्ध बता रही है। किला दरवाजा वार्ड निवासी रहमत अली की पत्नी हिना के साथ हुई घटना को लेकर परिजनों ने बताया कि गुरुवार की सुबह एक अज्ञात युवक ने दरवाजा खटखटाया। जैसे ही महिला ने दरवाजा खोला युवक ने उसकी नाक में पहनी नथुनी छीन ली। महिला ने बदमाश को पकड़ने का प्रयास किया जिस पर युवक ने उसके हाथ पर चाकू से वार कर दिया जिससे वह घायल हो गई।चीखने चिल्लाने पर मोहल्ले के लोग दौड़े लेकिन तब तक बदमाश भागने में सफल रहा। बताया जाता है कि युवक ने मुंह पर कपड़ा बांधे हुए था। जिससे उसकी पहचान नहीं हो सकी।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और जांच पड़ताल शुरू की।पुलिस पीड़िता को थाने लाकर आगे की पूछताछ कर रही है। पुलिस इस घटना को संदिग्ध मानकर जांच पड़ताल कर रही है वहीं इस घटना के बाद से लोगों में दहशत का माहौल है।पीड़िता व कस्बा वासियों ने पुलिस से घटना का खुलासा करने की मांग की है। वहीं प्रभारी निरीक्षक कृष्णकांत सिंह ने बताया की घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया है और पीड़िता व उसके पति को थाने बुलाकर उसके बयान लिए गए हैं। लेकिन पीड़िता व उसके पति ने कोई तहरीर नहीं दी है कस्बा में कुछ अराजक तत्व हैं जो इस मामले को तूल देने का प्रयास कर रहे हैं प्रारंभिक जांच में मामला सही नहीं पाया गया है , फिर भी पुलिस अपने स्तर से इस मामले में बारीकी से पड़ताल कर रही है।

# डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने किया औचक निरीक्षण



**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्य सेवाओं की लचर व्यवस्था सामने आई यह उनका पांचवां दौरा था। निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का दौरा किया और भर्ती मरीजों से बातचीत की। परिसर में गंदगी और अव्यवस्था देखकर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की।उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को तत्काल सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, ब्रजेश पाठक ने ट्रामा सेंटर के गेट के पास स्वयं कूड़ा उठाकर स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने अस्पताल परिसर में जलभराव, अव्यवस्थित सामान और पीने के पानी की गुणवत्ता का भी जायजा लिया। उपमुख्यमंत्री ने स्वयं नल से पानी पीकर पानी की शुद्धता की जांच की। मरीजों द्वारा बाहर की दुकानों से दवाइयाँ लिखवाने की शिकायतों पर भी उपमुख्यमंत्री ने नाराजगी व्यक्त की और ऐसे डॉक्टरों के खिलाफकार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) को व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार लाने के सख्त आदेश दिए। श्री पाठक ने जोर देकर कहा कि जनता को बेहतर इलाज, स्वच्छ वातावरण और ईमानदार सेवाएं प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

## खबर एक नजर

### कार्यवाही की मांग

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।** विपक्षियों द्वारा अक्सर की जाने वाली प्रताड़ना से तंग एक महिला ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।थाना लोनी कटरा क्षेत्र के जौरास गांव निवासिनी गुलाम बानो पत्नी जान मोहम्मद ने बताया कि गांव के ही मो0 मुशीर व सलमान पुत्रगण समीम एवं अयान पुत्र मुशीर द्वारा पिछली 9 सितंबर को मेरे लड़के ऐश मोहम्मद को मारा पीटा। यही नहीं 16 सितंबर को एक बार फिर लगभग रात 9ः00 बजे दरवाजे पर आकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी ।पीड़िता ने बताया कि उक्त लोग आये दिन पूरे परिवार को प्रताड़ित करते रहते हैं।

### संयुक्त मजिस्ट्रेट एवं सीओ की अगुवाई में किया गया रूट मार्च

**स्वतंत्र भारत, रामनगर बाराबंकी।** दुर्गा पूजा नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के मद्देनजर एस डी एम एवं सी ओ की अगुवाई में पुलिस के द्वारा रूट मार्च निकालकर शान्ति एवं सुरक्षा का अहसास कराया गया।बुढ़वल चौराहे से संयुक्त मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल शिव गरिमा पंत तहसीलदार विपुल कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय ने भारी पुलिस बल के साथ रूट मार्च करते हुए पूरे कस्बे का भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया इस दौरान दुर्गा पूजा रामलीला आदि स्थलों का अवलोकन भी किया गया।

### रेलवे पटरी मिला अज्ञात महिला का शव

**स्वतंत्र भारत, जैदपुर बाराबंकी।** गुरुवार की सुबह गोंडा लखनऊ रेलवे मार्ग पर स्थित रफीनगर रेलवे स्टेशन के निकट एक 50 वर्षीय अज्ञात महिला का क्षतविक्षत शव रेलवे पटरी पर पड़ा मिला सूचना पर पहुंची जीआर पी एव मसौली पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।बताते चले कि गुरुवार की सुबह ग्रामीण जब खेतो की ओर गये तो देखा एक महिला का शव क्षतविक्षत पड़ा है जिसकी जानकारी मसौली पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर शिनाख्त की कोशिश की लेकिन महिला के पास कोई भी चीज न मिलने के कारण शव की शिनाख्त नही हो सकी मसौली पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



### अचानक बढ़ गया चौरारी नदी का जलस्तर, डूब गया बेहड़ा रपटा पुल

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जनपद के फ़तेहपुर तहसील क्षेत्र के पतौंजा गांव के पास स्थित चौरारी नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया है, जिससे बेलहरा-रामपुर मथुरा मार्ग पर स्थित बेहड़ा रपटा पुल पूरी तरह डूब गया है। इसके चलते करीब दर्जनभर गांवों पर बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है और आवागमन प्रभावित हुआ है।यह स्थिति बीती रात सीतापुर से छोड़े गए पानी के कारण उत्पन्न हुई है। नदी में उफान के चलते किसानों के खेतों में भी पानी भरने लगा है, जिससे उनकी फसलें प्रभावित हो रही हैं।प्रशासन ने एहतियातन पुल पर रस्सी बांधकर दी है ताकि लोग जोखिम न उठाएं। हालांकि, इसके बावजूद कुछ लोग अपनी जान जोखिम में डालकर बाइक और साइकिल से पुल पार करने की कोशिश कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है और तेज बहाव के कारण बाढ़ जैसी स्थिति बनती जा रही है।इससे पतौंजा, फ़तेहपुरवा, कहारन पुरवा, गोडियन पुरवा, लोनियन पुरवा, झाबरपुर, बेहड़ा, देवरिया, कुम्हारन पुरवा सहित लगभग दर्जनभर गांव प्रभावित हो सकते हैं। इस संबंध में एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने बताया कि स्थिति पर नजर रखने के लिए राजस्व और पुलिस टीमों को तैनात कर निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

### करंट से वृद्ध की मौत

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जनपद के टिकैतनगर विकासखंड अंतर्गत कस्बा इचौली गांव में करंट लगने से एक बुजुर्ग महिला की मृत्यु हो गई। सूचना मिलने पर टिकैतनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की पहचान लगभग 70 वर्षीय कल्लो पत्नी राम आधार के रूप में हुई है।यह घटना देर रात उस समय हुई जब कल्लो घर के बाहर पेशाब करने निकली थीं। घर के बाहर रखी टीन शेड में करंट उतर रहा था, जिसकी चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। परिजनों ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता

**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** घर से निकला युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस को शिकायती पत्र दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम चंदीपुर मजरे गर्री निवासी ओमकार ने बताया कि उनका 20 वर्षीय पुत्र सुभाष बीते बुधवार की सुबह मोबाइल फोन घर पर रखकर गया था जब देर शाम तक वापस नहीं लौटा तो उसकी काफी खोजबीन की गई। लेकिन कुछ भी पता नहीं चल पाया। अनहोनी के आशंका जताते हुए पुलिस को शिकायती पत्र दिया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय ने बताया परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर युवक की खोजबीन की जा रही है।

### सपा सरकार के दौरान प्रदेश दंगों का गढ़ बन चुका थाः सतीश

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जनपद में भारतीय जनता पार्टी के सेवा पखवाड़े के तहत एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान खाद्य, रसद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार किया। प्रतिक्रिया देते हुए राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि 2012 से 2017 तक समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान प्रदेश दंगों का गढ़ बन चुका था।

# भ्रष्ट कर्मचारियों की कार्यशैली को लेकर फूटा किसानों का आक्रोश

**स्वतंत्र भारत, रामनगर बाराबंकी।** भारतीय किसान यूनियन भदौरिया संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर हाकिम सिंह भदौरिया के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में गणेशपुर पुरानी हाइवे पर विशाल किसान महापंचायत आयोजित करके दर्जनों शिकायतों से सम्बंधित एक ज्ञापन पुलिस क्षेत्राधिकारी फतेहपुर जगत कनौजिया नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी को सौंपा। दिए गए ज्ञापन में कहा बुढ़वल चीनी मिल को तत्काल चलाया जाए, ताकि किसानों की गन्ना उपज बर्बाद न हो। तहसीलों में असंक्रमणीय जमीन को संक्रमणीय कराने के लिए किसानों को बार-बार चक्कर काटने पड़ते हैं, जिससे वे बेहद परेशान हैं। संजय सेतु (सरयू पुल) के जर्जर होने से लोगों की जान पर खतरा मंडरा रहा है, इसलिए दूसरा पुल तत्काल बनाया जाए। वहीं मरकामऊ-चौकाघाट मार्ग पर बना पुल महज छह महीने में ही जर्जर हो गया, जिसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई।शिक्षा व्यवस्था में फैली अनियमितताओं पर भी किसानों ने सवाल खड़े किए। उन्होंने आरोप लगाया कि रामनगर पीजी कॉलेज में तथ्यों को छुपाकर कार्यरत डॉ. अखिलेश कुमार वर्मा को बर्खास्त किया जाए। इसके अलावा जिले के अधिकांश स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों में बिना नेट और पीएचडी के शिक्षक पढ़ा रहे हैं, जो नियमों का खुला उल्लंघन है। इसकी भी निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की गई।धरना-प्रदर्शन में किसानों ने यह भी कहा कि धरना आंदोलनों में दर्ज किए गए सभी मुकदमों को वापस लिया जाए। बिजली विभाग की मनमानी पर भी गहरी नाराजगी जताते हुए कहा गया कि बकाया बिल रहने पर उपभोक्ताओं के मीटर उखाड़ लिए जाते हैं या लाइन काट दी जाती है, जबकि बिल सही करने की जिम्मेदारी विभाग की है। ऐसी कार्यवाही बंद होनी चाहिए।इसके साथ ही किसानों ने मांग रखी कि जनपद के सभी ब्लॉकों में मनरेगा कार्यों की निष्पक्ष जांच कर भ्रष्ट अधिकारियों और प्रधानों पर कार्रवाई की जाए।



# ग्राम पंचायत गुलरहिया में स्वच्छता अभियान की खुली पोल



**स्वतंत्र भारत जैदपुर बाराबंकी।** विकास खण्ड हरख के ग्राम पंचायत गुलरहिया में स्वच्छता अभियान की खुली पोल कभी कभी सफाईकर्मी के आने से ग्रामीणों को अपने घर के सामने झाड़ू लगाने के साथ नालियों को साफसफाई करना इनकी मजबूरी बन चुकी है। जैदपुर कस्बे के बगल ग्राम पंचायत गुलरहिया में सफाई के नाम पर हो रही खानापूर्ति से ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सफाई कर्मी के न आने से गांव में भीषण गंदगी फैली है, जिसमें भयंकर बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है। जबकि नालियों की सफाई न होने से नालियों का गंदा पानी रोड़ पर बहने के साथ बजबजाती नालियां भी देखने को मिल रही है। ग्राम पंचायत में कूढ़ा फेंकने को लिये कई जगहों पर डेस्टबिन भी नहीं है जिससे कई जगह कूड़े के ढेर लगे हुये है। वहीं ग्रामीणों सहित महिलाओं का कहना है कि शोपीस बना सामुदायिक शौचालय जिसमें न तो पानी है न कोई अन्य सुविधा जिससे मजबूरन खुले में शौच हेतु जाना पड़ता है। शौचालय जाने वाले मार्ग पर बड़ी बड़ी घास फूंस लगायी है, जहां की सफाई नहीं होती है।

# लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया करा रही है भाजपा सरकारः संजय तिवारी

**स्वतंत्र भारत, रामनगर बाराबंकी।** देश और प्रदेश की भाजपा सरकार लोगों को बेहतर और निःशुल्क चिकित्सा सुविधा मुहैया करा रही है।इलाज के अभाव में किसी की जान न जाए। इसके लिए आयुष्मान कार्ड की योजना लागू कर 5 लाख तक रुपए का मुफ्त इलाज करने की व्यवस्था की गई है। उक्त बातें रामनगर ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर पर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन करने के पश्चात बोलते हुए कहीं।मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख श्री तिवारी ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार हर संभव प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित स्वास्थ्य केंद्रों पर भी इलाज और जांच की सुविधाएं मिल रही हैं। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी ने फीता काटकर स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन किया इसके पश्चात स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। तथा धात्री महिलाओं को पोषण किट प्रदान किया नौनिहाल बच्चों का अनुशासन कराया। भरसवां निवासी शिवकैलाश लालुपुर निवासी सूर्य लाल को चश्मा प्रदान किया। स्वास्थ्य मेले में पहुंचने पर सीएचसी प्रभारी डॉक्टर प्रणव कुमार श्रीवास्तव ने बुके देखकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस मौके पर डॉक्टर स्वप्निल मनोज मिश्रा समीर रामानंद नीरज वर्मा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



# महादेवा में मकानों के ध्वस्तीकरण के दौरान मिले चांदी के सिक्के

**स्वतंत्र भारत, रामनगर बाराबंकी।** लोधेश्वर महादेवा में कॉरिडोर निर्माण के लिए चल रहे मकानों के ध्वस्तीकरण कार्य के दौरान भारी मात्रा में चांदी के सिक्के बरामद हुए इसकी जानकारी तब हुई जब खुदाई कर रहे मजदूर सिक्कों के लिए आपस में भिड़ गए। ज्ञात हो लोधेश्वर महादेवा में कॉरिडोर निर्माण कार्य के लिए जद में आने वाले मकानो के ध्वस्तीकरण का कार्य ठेकेदार द्वारा करवाया जा रहा है। मंदिर से अभरन सरोवर जाने वाले मार्ग पर स्थित जय नारायण गुप्ता के मकान के ध्वस्तीकरण का कार्य गुरुवार को चल रहा था। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया मजदूरों के साथ ग्राम इब्राहिमपुर निवासी सतीश के द्वारा खुदाई की जा ही थी इस दौरान शाम के समय भारी संख्या में चांदी के सिक्के मिले। जिसको लेकर कार्य कर रहे मजदूर आपस में भिड़ गए। और अफरा तफरी मच गई। मौके पर भारी संख्या में लोग एकत्रित हो गए और इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। जानकारी मिलने पर चौकी इंचार्ज महादेवा अभिनन्दन पांडेय ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल के दौरान 75 चांदी के सिक्के बरामद किए। खुदाई कर रहे मजदूर ने बताया कि ठेकेदार ने 20 चांदी के सिक्के लिए हैं। सूचना पाकर नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय चौकी पर पहुंचे और आवश्यक लिखा पढ़ी कर सिक्कों को ट्रेज़री में जमा करने के लिए भेज दिया गया है इस संबंध में संयुक्त मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल ने बताया ने बताया पर्यटन विभाग के द्वारा महादेवा में संतुलित कारण का कार्यकराया जा रहा था खुदाई के दौरान 75 सिक्के चांदी के मिले हैं जो प्रथम दृश्य 19वीं सदी के प्रतीत हो रहे हैं उन्हें सील कर ट्रेज़री में में जमा करने के लिए भेजा गया है।



# चुनाव आयोग व वर्तमान सरकार की मिलीभगत से वोट चोरी की जा रही है : तनुज

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जनपद के सांसद तनुज पुनिया ने आज अपने निजी आवास पर वोट चोरी पर चर्चा करते हुये कहा कि जिस प्रकार चुनाव आयोग एवं वर्तमान सरकार की मिलीभगत से वोट चोरी की जा रही है उससे पूरा देश भयभीत है और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार वोट चोरी में अपने लागो को बचा रहे है लेकिन कब तक बचा पायेगे क्योकि आज पूरा देश जान चुका है कि लोकतंत्र में संवैधानिक तौर पर संविधान में हमें एक ऐसा ब्रह्मास्त्र वोट के रूप में दिया गया है जो कि लोकतंत्र की रक्षा के लिये यह ब्रह्मास्त्र एक आम आदमी से लगाके अंबानी जैसे लोगो के पास समान रूप से अधिकार दिया गया है लेकिन मोदी सरकार वोट के रूप में भी उस ब्रह्मास्त्र को भी धीरे धीरे चुरा रहे है। श्री पुनिया ने कहा कि जननायक श्री राहुल गांधी जी के पास पूरे देश के वोट चोरी के सम्बन्ध मे पक्के सबूत है और सिर्फ वोट चोरी में अल्पसंख्यक, दलित, आदिवासी एव ओबीसी वर्ग के लाखो-लाखो वोट हटा दिये गये उन्होने कहा कि जिस जिस प्रदेश में व जिले में कांग्रेस मजबूत है वहाँ यह षणयंत्र किया गया। कर्नाटक की सी0आई0डी0 18 महीनो से तमाम पत्र चुनाव आयोग को लिखे लेकिन कोई जवाब नही मिला। महाराष्ट्र में पता नही कितने कांग्रेसी विचारधारो के वोट वोटर लिस्ट से हटा दिये गये या तमाम नाम काट दिये गये। श्री तनुज पुनिया ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि मतदाता सूची से जानबूझ कर उन मतदाताओं के नाम हटाना जो किसी विशेष दल या उम्मीदवार का समर्थन करते है तथा एक ही व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में एक से अधिक बार शामिल करना तथा कई बार कई जगह एक ही व्यक्ति द्वारा वोट डालना मतदाता सूची में ऐसे पते शामिल करना जो मौजूदा ही नही या फर्जी है एवं एक छोटे से घर या कमरे के पते पर सैकडो हजारो मतदाताओ का पंजीकरण करना जो वहां रहते ही नही साथ ही साथ मतदाताओ की ऐसी फोटो का प्रयोग करना जो बहुत छोटी या पहचान योग्य नही है।

# कटखंने बंदर के आतंक से लोग परेशान

**स्वतंत्र भारत, रामनगर बाराबंकी।** बुढ़वल रेलवे स्टेशन से लेकर बुढ़वल चौराहे तक एक कटखने लंगूर बंदर का आतंक बदस्तूर जारी है करीब छः माह के अंदर लगभग पांच दर्जन लोगों पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर चुका है इसके डर से लोगों का रास्ता निकलना मुहाल है। ज्ञात हो कि लगभग 6 महीने से एक कटखना लंगूर बंदर बुढ़वल स्टेशन से लेकर रामनगर चौराहे तक आतंक मचाए हुए है राह चलते लोगों पर अचानक हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर देता है रेलवे में कार्यरत सफाई कर्मी राहुल रामकृष्ण गौतम मक्खन गौतम की पत्नी निवासी आगनपुर का पुरवा संत कुमार तिवारी बुढ़वल स्टेशन बाबूलाल बुढ़वल गांव राम फेरन सफाई कर्मी लोहटी जई सहित पांच दर्जन से अधिक ग्रामीण व राहगीरों को अपना निशाना बना चुका है। अभी तक जिम्मेदार विभाग द्वारा इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है इस संबंध में वन वनक्षेत्राधिकारी अल्पना पांडेय का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है शीघ्र ही इस कटखने बंदर को पकड़ करके लोगों को इससे मुक्ति दिलाई जाएगी।

# हादसे का दावत दे रहा है जर्जर विद्युत पोल

**स्वतंत्र भारत, जैदपुर बाराबंकी।** बुनकर बाहुल्य कस्बा शहाबपुर में जर्जर बिजली के खंभे हादसों को दावत दे रहे हैं। प्रमुख और व्यस्तम मार्ग पर खड़े जर्जर पोल जड़ से खोखले हो चुके हैं। तेज आंधी या अन्य किसी हल्के धक्के से यह पोल कभी भी टूटकर गिर सकते हैं। खास बात यह है कि बिजली अधिकारी जानकर भी अनजान बने हुए हैं। शायद किसी हादसे का इंतजार कर रहे हैं। विद्युत विभाग की लापरवाही कभी भी लोगों के जीवन पर भारी पड़ सकती है। ऐसे में लोगों को ही सड़क पर सावधान होकर चलना पड़ रहा है।गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग से बुनकर बाहुल्य कस्बा शहाबपुर, जहाँगीराबाद, दमोदरपुर, दराहरा सहित अन्य ग्रामीण अंचलो को जाने वाली पक्की सड़क पर लगे लोहे के विद्युत पोल सड़क के बीच मे लगे होने के कारण हमेशा हादसे का खतरा बना रहता है जिनसे होकर बिजली के तार गलियों एवं घरों तक पहुंच रहे हैं सड़को पर लगे अधिकतर विद्युत पोल नीचे से खोखले हो गए हैं। इसकी वजह से कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। लोगों का कहना है कि जब कभी तेज आंधी या तूफान आता है तो विद्युत पोल हादसे का कारण बन सकते हैं।हाजी सालिम अंसारी ने बताया कि कस्बे के अंदर जाने वाली रोड पर कई ऐसे विद्युत खंभे हैं, जो झुके हुए हैं और नीचे से गले हुए हैं। कभी भी यह टूट कर गिर सकते हैं। इसकी शिकायत उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से कई बार की है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है कस्बे के ही मुनीर अहमद ने बताया कि सड़क पर जर्जर हालत में लगे विद्युत खंभों को देखकर लगता है कि विद्युत विभाग किसी हादसे का इंतजार कर रहा है। आखिर इन जर्जर खंभों को क्यों नहीं बदला जा रहा है। विद्युत विभाग के अधिकारी लोगों की सुनवाई नहीं कर रहे हैं।

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित किया गया स्वास्थ्य मेला

**स्वतंत्र भारत, रामनगर बाराबंकी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत सीएचसी रामनगर पर स्वास्थ्य मेले के आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक एवं पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने फीता काट करके किया।मेले में दांत नेत्र चर्म रोग खून जांच सहित तमाम इंस्टॉल लगाए गए थे आंगनवाड़ी विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल पर विभाग द्वारा निर्मित पौष्टिक खाद्य पदार्थ की प्रदर्शनी लगाई गई थी नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक ने सभी स्टालों का अवलोकन कर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की बात कही स्वास्थ्य मेले में सैकड़ों मरीजों की जांच व स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवाइयां व परामर्श दिया गया। मुख्य अतिथि ने नेत्र रोग से ग्रसित मरीज को निःशुल्क चश्मा व क्षय रोग से ग्रसित मरीजो को पुष्टाहार किट वितरित किया। सीएचसी अधीक्षक प्रणव कुमार श्रीवास्तव डॉक्टर स्वप्निल ने आए हुए अतिथियों को माला पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक व स्थानीय पत्रकारों ने अस्पताल परिसर में छायादार व फलदार वृक्षों अमरूद नीम जामुन सहित तमाम पौधों का रोपण कर धरा को हरा भरा बनाए रखने का संदेश दिया।

# रोमांचक मुकाबले में श्रीलंका ने अफगानिस्तान को दी मात

**नई दिल्ली।** श्रीलंका ने अफगानिस्तान को रोमांचक मुकाबले में छह विकेट से हराकर सुपर-4 में जगह बना ली। गुरुवार को अबु धाबी में खेले गए एशिया कप के 11वें मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान ने मोहम्मद नबी की तूफानी अर्धशतकीय पारी के दम पर 20 ओवर में आठ विकेट 169 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका ने 18.4 ओवर में चार विकेट पर 171 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस दौरान कुसल मेंडिस ने नाबाद 74 रनों की दमदार पारी खेली। वहीं, अफगानिस्तान के लिए मुजीब उर रहमान, अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी और नूर अहमद ने एक-एक विकेट झटके। इससे पहले अफगानिस्तान के लिए नुवान तुषारा ने चार विकेट झटके थे जबकि दुष्मंथा चमीरा, दुनिथ वेलालागे और दसुन शनाका को एक-एक सफलता मिली।



अफगानिस्तान के लिए यह करो या मरो की स्थिति वाला मैच था। हालांकि, टीम इस मौके का भरपूर लाभ नहीं उठा पाई और मैच हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। वहीं, श्रीलंका ने दो मैचों में दो जीत के साथ चार अंक और +1.546 के नेट रन रेट से सुपर-4 चरण के लिए क्वालिफाई कर लिया। इसके साथ-साथ बांग्लादेश भी ग्रुप बी से सुपर-4 में पहुंचने वाली चौथी टीम बन गई। इससे पहले ग्रुप ए से भारत और पाकिस्तान की टीमें सुपर-4 में पहुंचीं। श्रीलंका की पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने जल्दी ही पहला विकेट गंवा दिया। पथुम निसंका सिर्फ 6 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अजमतुल्लाह उमरजई ने गेंदबाज़ी पर मुजीब उर रहमान के हाथों कैच कराया। दूसरा झटका कामिल मिश्रा के रूप में लगा। उन्हें मोहम्मद नबी ने इब्राहिम जादरान के हाथों कैच कराया। मिश्रा केवल 4 रन ही बना पाए। इसके बाद श्रीलंका की पारी को कुसल मेंडिस ने संभाला। उन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 74 रन बनाए और अपनी पारी में 10 चौके लगाए। उनके अलावा कुसल परेरा ने 28 रन, चरिथ असलंका ने 17 रन और कामिंदु मेंडिस ने नाबाद 26 रन का योगदान दिया।

अफगानिस्तान की इस मैच में शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने पहला विकेट 26 रन पर गंवाया, जब रहमनुल्लाह गुरबाज आउट हुए। इसके बाद 32 के स्कोर पर दूसरा झटका लगा। नुवान तुषारा ने करीम जनत को बोल्ड किया, जो सिर्फ 1 रन बना सके। तुषारा ने ही तीसरा विकेट भी लिया। उन्होंने सेदिकुल्लाह अटल को बोल्ड किया, जो 18 रन बनाकर पवेलियन लौटे। चौथा झटका दुष्मंथा चमीरा ने दिया। उन्होंने डारविश रसूली को कुसल परेरा के हाथों कैच कराया। रसूली ने 9 रन बनाए। इसके बाद 12वें ओवर में दसुन शनाका ने अजमतुल्लाह उमरजई को बोल्ड किया। वह केवल 6 रन ही बना पाए। छठा विकेट इब्राहिम जादरान का गिरा, जिन्हें वेलालागे ने आउट किया। उन्होंने 24 रन बनाए। कप्तान राशिद खान को भी तुषारा ने बोल्ड किया। राशिद ने 23 गेंदों पर 24 रन बनाए। 137 रन पर सात विकेट खो चुकी अफगानिस्तान की टीम को मोहम्मद नबी ने संभाला। उन्होंने आखिरी ओवर में 5 गेंदों पर लगातार 5 छक्के लगाए और स्कोर को 170 के करीब पहुंचा दिया। नबी ने तूफानी बल्लेबाज़ी करते हुए केवल 20 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और 22 गेंदों में 60 रन बनाकर आउट हुए।

## कौन होगा बीसीसीआई का नया अध्यक्ष?

**नई दिल्ली।** 28 सितंबर को भारतीय क्रिकेट के लिए बड़ा दिन है। क्योंकि इस दिन बोर्ड के शीर्ष पदाधिकारियों का चुनाव होना है। सबसे बड़ा मुद्दा अध्यक्ष पद को लेकर है। क्योंकि रोजर बिन्नी का कार्यकाल खत्म हो चुका है और अब अंतरिम चेयरमैन राजीव शुक्ला हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, 20 सितंबर को दिल्ली में सत्ताधारी पार्टी के सदस्यों के साथ बीसीसीआई के अधिकारियों की मीटिंग होनी है। इसी दिन फैसला हो जाएगा कि कौन अगला चेयरमैन होगा। हालांकि, ऐलान 28 सितंबर को होने की संभावना है। ये अनौपचारिक बैठक गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर होगी, जहां बीसीसीआई के अगले नेतृत्व की अंतिम रुपरेखा तय होने की उम्मीद है। 2022 में भी इसी तरह की एक बैठक में पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन ने तत्कालीन बीसीसीआई प्रमुख सौरव गांगुली पर पिछले तीन सालों के उनके प्रदर्शन को लेकर तीखी अलोचना की थी।

## अगर मैं विकेट नहीं लूंगा तो भारतीय टीम में मेरे लिए कोई जगह नहीं : कुलदीप

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड में दो महीने तक बेंच पर बैठे रहने के दौरान भारत की एकादश में जगह नहीं बना पाने के लिए किसी पर भी दोष मढ़ना आसान होता लेकिन कुलदीप यादव ने मुश्किल रास्ता चुना। इन दिनों बल्लेबाजी करने वाले स्पिनरों का चलन है लेकिन कुलदीप की प्राथमिकताएं स्पष्ट हैं और वह अपने सिद्धांत से विचलित नहीं होंगे। कुलदीप ने बृहस्पतिवार को कहा, ''अगर मैं किसी भी टीम में खेलूंगा तो एक (विशेषज्ञ) गेंदबाज के रूप में खेलूंगा। मेरा काम विकेट लेना है। अगर मैं विकेट नहीं लूंगा तो मेरे लिए कोई जगह नहीं होगी। यह समझना बहुत जरूरी है कि जब आप सिर्फ गेंदबाज के रूप में खेलते हैं तो आपका काम टीम के लिए विकेट लेना होता है।''

मौजूदा समय में भारत के सबसे बहुमुखी स्पिनर माने जाने वाले कानपुर के इस खिलाड़ी ने स्पष्ट किया कि वह खुद को एक गेंदबाजी ऑलराउंडर में बदलने की कोशिश करके चीजों को जटिल नहीं करना चाहते।

उन्होंने दोबारा मौके मिलने से पहले अपने कौशल पर काम करना, अपनी फिटनेस में सुधार करना और अपनी गेंदबाजी के समय को बढ़ाना पसंद किया। इसका फायदा यह हुआ कि बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर को एशिया कप के शुरुआती दो मैच में लगातार दो बार मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ तीन विकेट भी चटकाए। क्या मुख्य कोच गौतम गंभीर की ओर से कोई स्पष्ट संदेश था यह पूछे जाने पर कुलदीप ने कहा, ''स्पष्ट संदेश था। कभी-कभी तीन-चार मैचों में मुझे लगा कि मैं खेल सकता हूं लेकिन दुर्भाग्य से मैं नहीं खेल पाया।''

# विश्व चैंपियनशिप फाइनल में पदक से चूके नीरज

**नई दिल्ली।** भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा पिछले दो हफ्तों से पीठ की समस्या से जूझ रहे हैं और शायद इसका असर गुरुवार को टोक्यो में विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में उनके प्रदर्शन पर पड़ा। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के एक शीर्ष सूत्र ने पीटीआई को बताया कि नीरज पीठ की समस्या से जूझ रहे हैं और जापान की राजधानी में अपनी प्रतियोगिता के बाद दो बार के ओलंपिक पदक विजेता ने भी इस बात को स्वीकार किया। वर्ष 2023 में पिछली प्रतियोगिता में जीते अपने स्वर्ण पदक का बचाव कर रहे नीरज फाइनल में बेहद खराब प्रदर्शन करते हुए निराशाजनक आठवें स्थान पर रहे जबकि उनके हमवतन सचिन यादव ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान हासिल किया। अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा, हां, यह सच है कि चोपड़ा पिछले कुछ हफ्तों से पीठ की समस्या से परेशान हैं। उन्होंने हमें इस बारे में सूचित किया था। इसने (पीठ की समस्या ने) उनके प्रदर्शन को जरूर प्रभावित किया होगा लेकिन उन्हें अपने प्रदर्शन को लेकर चिंतित नहीं होना चाहिए। खेल में हार-जीत तो होती ही रहती है। इसके अलावा भाला फेंक एक ऐसा खेल है जिसमें किसी दिन हो सकता है आपका प्रदर्शन अच्छा नहीं हो और किसी और दिन बिल्कुल भी अच्छा नहीं हो। एएफआई अधिकारी के अनुसार नीरज ने विश्व चैंपियनशिप से पहले चेक गणराज्य में प्रशिक्षण के दौरान उबरी पीठ की समस्या के बारे में महासंघ को सूचित किया था। उनके वर्तमान कोच और पूर्व महान खिलाड़ी जान जेलेज्नी चेक गणराज्य के ही हैं। फाइनल में कोई भी खिलाड़ी 90 मीटर के आंकड़े को नहीं छू पाया। नीरज पांचवें दौर के बाद 84.03 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ बाहर हो गए जिससे वह कुल मिलाकर आठवें स्थान पर रहे। सचिन यादव पहले प्रयास में 86.27 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे। अधिकारी ने कहा कि यादव के प्रदर्शन से पता चलता है कि भारतीय भाला फेंक में वैश्विक स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने की गहराई है।



## ओमान के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने उतरेगी भारतीय टीम

**नई दिल्ली।** शुरुआती दो मुकाबला जीतकर शान से एशिया कप के सुपर चार चरण में जगह बनाने वाली भारतीय टीम की नजरें ओमान के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने पर टिकी होंगी। भारत ने यूएई और पाकिस्तान के खिलाफ एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की थी और अब वह ग्रुप ए के अपने अंतिम मैच में भी इस लय को बरकरार रखना चाहेगा। इस बात की संभावना अधिक है कि भारत इस मैच के लिए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दे सकता है।

पिछले दो मैच में लक्ष्य का पीछा कर रही भारतीय टीम ओमान के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करना और 20 ओवरों का पूरा उपयोग करना पसंद करेगी। पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण मैच से इससे पहले ओमान के खिलाफ बल्लेबाजों को मौका देने का यह सुनहरा अवसर है। भारतीय गेंदबाजी इतनी मजबूत है कि अगर ओमान पहले बल्लेबाजी करता है, तो मैच जल्दी खत्म होने की पूरी संभावना है क्योंकि जतिंदर सिंह की अगुवाई वाली टीम कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती जैसे गेंदबाजों का सामना कर पाएगी इसकी संभावना बहुत कम नजर आती है। पाकिस्तान और यूएई के खिलाफ ओमान के दो मैचों में उनकी बल्लेबाजी स्पष्ट रूप से सर्वश्रेष्ठ नहीं थी।

उनकी हालत ऐसी रही है कि दो मैचों में एक भी बल्लेबाज 30 का व्यक्तिगत स्कोर पार नहीं कर पाया। भारत के लिए एकमात्र अनजान पहलू शेख जायेद स्टेडियम का विकेट होगा, जहां वह इस टूर्नामेंट का अपना एकमात्र मैच खेलेगा। दरअसल भारतीय टीम अभ्यास के लिए भी अबु धाबी नहीं जा रही है क्योंकि वहां पहुंचने में बस से दो घंटे लगते हैं। ओमान के लिए यह बड़ा मैच होगा और उसके खिलाड़ी इसमें अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगे।

# जुरेल के शतक से भारत ए मजबूत

**नई दिल्ली।** विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल की नाबाद 113 रनों की शानदार पारी की बदौलत भारत ए ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच के तीसरे दिन चार विकेट पर 403 रन बना लिए। जुरेल ने अपनी 132 गेंदों की पारी में 10 चौके और 4 छक्के जड़े। उनके अलावा नारायण जगदीशन (64), साई सुदर्शन (73) और देवदत्त पडिक्कल (नाबाद 86) ने अर्धशतक जमाए। हालांकि, कप्तान श्रेयस अय्यर केवल आठ रन बना पाए। भारत ए अब भी ऑस्ट्रेलिया ए से 129 रन पीछे है। ऑस्ट्रेलिया ए ने पहली पारी में सैम कोंस्टास (109) और जोश फिलिप (नाबाद 123) की शतकीय पारियों की बदौलत छह विकेट पर 532 रन बनाकर पारी घोषित की थी। अब केवल एक दिन का खेल शेष है और मुकाबला ड्रॉ की ओर बढ़ रहा है। दोनों टीमें 23 से 26 सितंबर तक इकाना स्टेडियम में दूसरा चार दिवसीय अनौपचारिक टेस्ट खेलेंगी, जिसके बाद कानपुर में तीन मैचों की वनडे सीरीज आयोजित होगी। दिन की शुरुआत भारत ए ने एक विकेट पर 116 रन से की। नाबाद बल्लेबाज जगदीशन और सुदर्शन ने पारी को आगे बढ़ाया, लेकिन जल्द ही पहला झटका लग गया। इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टेस्ट टीम का हिस्सा रहे जगदीशन ने 113 गेंदों में सात चौके और एक छक्के की मदद से 64 रन बनाए, लेकिन जेवियर बार्टलेट की गेंद पर विकेटकीपर फिलिप को कैच दे बैठे। इसके बाद सुदर्शन और पडिक्कल ने 76 रन की साझेदारी की। बाएं हाथ के बल्लेबाज सुदर्शन, जिन्होंने हाल ही में इंग्लैंड में टेस्ट डेब्यू किया था, 59वें ओवर में कोनोली की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हुए। कप्तान श्रेयस अय्यर के पास खुद को साबित करने का अच्छा मौका था, खासकर तब जब हाल ही में उन्हें राष्ट्रीय टीम में नजरअंदाज किया गया था। वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज से पहले यह उनके लिए सुनहरा अवसर हो सकता था। लेकिन अय्यर इस मौके को भुना नहीं पाए और 62वें ओवर में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर कोरी रोचिचियोली की गेंद पर केवल 8 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।



# शेयर बाजार गुलजार, जुलाई के बाद पहली बार 83,000 पार बंद हुआ सेंसेक्स

**नई दिल्ली।** अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी रही और प्रमुख सूचकांक करीब ढाई महीने के उच्चतम स्तर पर बंद हुये। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 415.21 अंक की बढ़त के साथ 83,108.92 अंक पर खुला और अंत में 320.25 अंक (0.39 प्रतिशत) की तेजी के साथ 83,013.96 अंक पर बंद हुआ। यह ऊपर 83,141.21 अंक और नीचे 82,704.92 अंक तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 110.80 अंक की तेजी में 25,441.05 अंक पर खुला और अंत में 93.35 अंक चढ़कर 25,423.60 अंक पर बंद हुआ। इसका दिवस का उच्चतम स्तर 25,448.95 अंक निचला स्तर 25,329.75 अंक रहा। फार्मा और आईटी सेक्टरों में सबसे ज्यादा तेजी रही जिनके कारोबार का बड़ा हिस्सा अमेरिका के जुड़ा है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने बुधवार को नीतिगत ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की घोषणा की। इसकी उम्मीद पहले से ही की जा रही थी।



इस कारण पिछले सप्ताह से ही विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजार में पूंजी निवेश बढ़ा दिया है। लिवाली के दम पर सेंसेक्स 10 जुलाई के बाद पहली बार 83,000 अंक के ऊपर बंद हुआ है। निफ्टी-50 भी 09 जुलाई के बाद के उच्चतम स्तर पर रहा। एचडीएफसी बैंक, इटरनल, इंफोसिस, सनफार्मा, आईटीसी और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में ज्यादा तेजी रही। इटरनल का शेयर सबसे अधिक 2.96 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान यूनीलिवर और पावरग्रिड के शेयर भी मजबूत हुये। सबसे अधिक 1.13 फीसदी की गिरावट टाटा मोटर्स में देखी गयी। ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स और अल्ट्राटेक भी नुकसान उठाने वाली सेंसेक्स की आठ कंपनियों में शामिल थीं। चौतरफा लिवाली के बीच निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.37 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.29 प्रतिशत की तेजी रही। आईटी और फार्मा के अलावा एफएमसीजी, वित्तीय सेवा, धातु, निजी बैंक और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में लिवाली रही। वहीं, सार्वजनिक बैंक, तेल एंव गैस और रियलिटी समूहों में बिकवाली का जोर रहा। विदेशों में एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 1.15 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। हांगकांग के हैंगसेंग में 1.35 प्रतिशत और चीन के शंघाई कंपोजिट में 1.15 प्रतिशत की गिरावट रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 1.22 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.23 प्रतिशत की बढ़त में कारोबार कर रहा था।

# हिंडनबर्ग मामले में अडानी ग्रुप को सेबी ने दी क्लीन चिट, केस क्लोज

**नई दिल्ली।** हिंडनबर्ग मामले में अडानी समूह और ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी को बड़ी राहत मिली है। बाजार नियामक सेबी ने गुरुवार को अडानी समूह और उसके चेयरमैन गौतम अडानी को अमेरिका स्थित हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा लगाए गए मामले में क्लीन चिट देते हुए आरोपों से मुक्त कर दिया। सेबी की जांच में गौतम अडानी और अडानी ग्रुप पर लगे आरोप साबित नहीं हुए। अडानी ग्रुप पर लेनदेन को छिपाने के लिए तीन संस्थाओं के माध्यम से धन भेजने का आरोप लगाया गया था। दो अलग-अलग आदेशों में सेबी ने कोई उल्लंघन नहीं पाया। सेबी ने यह भी कहा कि ऋण ब्याज सहित चुकाए गए थे। कोई धनराशि गबन नहीं की गई थी और इसलिए कोई धोखाधड़ी नहीं हुआ था। सेबी ने अपनी जांच में पाया कि अडानी पोर्ट्स ने आदिकॉर्प एंटरप्राइजेज को धनराशि हस्तांतरित की थी, जिसने अडानी पावर को ऋण के रूप में धनराशि प्रदान की थी। हालांकि, अडानी पावर ने आदिकॉर्प एंटरप्राइजेज को ऋण चुका दिया था।




अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर ट्वीट कर कहा कि एक विस्तृत जांच के बाद सेबी ने हमें निर्दोष पाया है। यह बात हम पहले से ही कहते आए हैं कि हिंडनबर्ग के दावे निराधार थे। पारदर्शिता और ईमानदारी हमेशा से अडानी समूह की पहचान रही है। हम उन निवेशकों का दर्द गहराई से महसूस करते हैं जिन्होंने इस धोखाधड़ी और प्रेरित रिपोर्ट के कारण पैसा गंवाया है। जो लोग झूठी खबरें फैला रहे हैं, उन्हें देश से माफ़ी मांगनी चाहिए। हिंडनबर्ग ने जनवरी, 2023 में आरोप लगाया था कि अडानी समूह ने तीन कंपनियों एडिकॉर्प एंटरप्राइजेज, माइलस्टोन ट्रेडलिंक्स और रेहवर स्ट्रक्चर का इस्तेमाल अडानी समूह की कंपनियों के बीच पैसा भेजने के लिए माध्यम के रूप में किया। यह दावा किया गया था कि इससे अडानी को संबंधित पक्ष लेनदेन के नियमों से बचने में मदद मिली, जिससे संभवतः निवेशकों को गुमराह किया गया। हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद राजनीतिक बयानबाजी भी हुई थी। मामला संसद में भी गरमाया था।

## कमजोर मांग के कारण सोना 600 रुपये गिरकर 113200 रुपये पर, चांदी 300 रुपये चढ़ी

**नई दिल्ली।** कारोबारी मांग में कमी आने के कारण दिल्ली में गुरुवार को सोने का भाव 600 रुपये घटकर 1,13,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,13,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया था। वहीं, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव भी 500 रुपए घटकर 1,12,800 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गया, जो पिछले कारोबारी सत्र में 1,13,300 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था। दूसरी ओर, बुधवार की गिरावट के बाद चांदी की कीमतों में भी सुधार आया और यह 300 रुपये बढ़कर 1,31,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 1,670 रुपये गिरकर 1,31,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई थी। विदेशी बाजार में, हाजिर सोना 0.23 प्रतिशत बढ़कर 3,668.33 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो बुधवार को 3,707.70 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया था। हाजिर चांदी 0.55 प्रतिशत बढ़कर 41.90 डॉलर प्रति औंस हो गई।



## जीएसटी सुधारों से अर्थव्यवस्था में दो लाख करोड़ रुपये आएंगे : सीतारमण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में हाल के सुधारों से अर्थव्यवस्था के भीतर लगभग दो लाख करोड़ रुपये आएंगे जिससे सभी क्षेत्रों में मांग बढ़ेगी। सीतारमण ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि 'नई पीढ़ी के जीएसटी सुधार' दरों में कटौती, अनुपालन में आसानी और अस्पष्टता को दूर करने के लिए डिजाइन किए गए थे, जिससे पश्चिम बंगाल में गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, एमएसएमई और कई उद्योगों को फायदा होगा। यहां एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, ''दरों में कटौती का जीएसटी परिषद का फैसला इसलिए संभव हुआ क्योंकि राज्य सहयोग की भावना से एक साथ आए। जीएसटी में कोई देने-लेने वाला मॉडल नहीं है। अगर राजस्व कम होता है, तो केंद्र भी उतना ही वहन करता है। जीएसटी परिषद की महीने की शुरुआत में हुई बैठक में कर दरों को चार के बजाय दो स्लैब में ही रखने का फैसला किया गया।

## रुपया 35 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ 88.20 प्रति डॉलर पर

**नई दिल्ली।** वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच प्रमुख विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में मजबूती से निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता कमजोर होने से अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को रुपया, अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 35 पैसे टूटकर 88.20 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारत पर अमेरिकी शुल्क की चिंताओं और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के कारण घरेलू मुद्रा दबाव में रही।

व्यापारियों ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व के इस संकेत का भी आकलन किया कि वह शेष वर्ष के लिए उधारी लागत में लगातार कमी लाएगा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, ''रुपये की चार दिन की तेजी में एक रुकावट आई, जो क्षेत्रीय मुद्राओं में कमजोरी को दर्शाती है। फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती के बाद डॉलर में तेज़ी से उछाल आया, खासकर जब संकेत मिला है कि वर्ष 2025 के अंत तक दो और कटौतियां प्रस्तावित हैं।''अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.93 पर खुला और कारोबार के दौरान 88.16 के निचले स्तर को छूने के बाद 88.20 पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 35 पैसे की गिरावट है। बुधवार को रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 24 पैसे बढ़कर 87.85 पर बंद हुआ था। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक (जिंस और मुद्रा) अनुज चौधरी ने कहा, ''फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख और अमेरिकी डॉलर में उछाल के कारण भारतीय रुपये में भारी गिरावट आई। फेडरल रिजर्व ने अनुमान के अनुरूप ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की है।

## भारत में अवसर टटोले वैश्विक निवेशक : गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को वैश्विक निवेशकों से भारत में निवेश करने का आग्रह करते हुए कहा कि यह देश न केवल विशाल कुशल कार्यबल प्रदान करता है, बल्कि यहां एक निवेश-अनुकूल दृष्टिकोण वाली सरकार भी है। गडकरी ने यहां आईसीसी ग्लोबल समिट-2025 के एक सत्र को 'ऑनलाइन' संबोधित करते हुए कहा कि भारत स्वदेशी ईंधन, विशेष रूप से वैकल्पिक और जैव ईंधन के विकास में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा, ''मैं वैश्विक निवेशकों और संबंधित पक्षों से आग्रह करता हूं कि वे भारत और महाराष्ट्र में उपलब्ध अवसरों का पता लगाएं। आइए, हम सब मिलकर साझा समृद्धि और सतत विकास के भविष्य का निर्माण करें।'' गडकरी ने कहा कि बढ़ती जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि, उपलब्ध कुशल इंजीनियरिंग जनशक्ति, अच्छे बुनियादी ढांचे और मजबूत राजनीतिक समर्थन को देखते हुए, भारत निवेशकों के लिए सबसे अच्छा गंतव्य है। मंत्री ने कहा कि देश में विशाल, कुशल जनशक्ति उपलब्ध है और दुनिया के बाकी हिस्सों की तुलना में कच्चे माल की लागत कम है और इसी कारण से, उत्पाद भी गुणवत्तापूर्ण हैं। गडकरी ने कहा, ''हम गुणवत्ता के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। हम गुणवत्ता से समझौता किए बिना उत्पादन लागत कम करना चाहते हैं। और यही कारण है कि यह दुनिया के सभी लोगों के लिए फायदेमंद स्थिति है।''



उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है, जो हमारी युवा प्रतिभा, मजबूत बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकी एवं सतत ऊर्जा में नवोन्मेष से प्रेरित है। गडकरी ने कहा, ''हमारे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में, हम 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने और 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सरकार भारत को व्यापार और विनिर्माण के लिए एक वैश्विक केंद्र बनाने के लिए लॉजिस्टिक लागत को कम करने, हरित ईंधन विकसित करने, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने और सड़क, रेल और जलमार्ग संपर्क को मजबूत करने के लिए अथक प्रयास कर रही है।''

# जीएसटी कटौती का जनता को लाभ दिलाने की जुगत में सरकार

## बाजार में दखल रखने वाले मंत्रालय कर रहे अपने कार्य क्षेत्र में उपभोक्ताओं को राहत दिलाने की कोशिश

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** आम लोगों के इस्तेमाल की तकरीबन 99 फीसदी वस्तुओं और सेवाओं पर लगने वाले वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी की दरों में की गई कटौती नवरात्र की शुरुआत के साथ ही लागू हो जाने के बाद इसका सीधा और पूरा लाभ उपभोक्ताओं को दिलाने के लिए सरकार ने हरसंभव प्रयास आरंभ कर दिया है। इसके तहत जहां एक ओर कंपनियों और खुदरा विक्रेताओं को स्पष्ट तौर पर यह प्रदर्शित करने के लिए कहा गया है कि जीएसटी में कमी के कारण उपभोक्ताओं को किस सामान पर कितना फायदा मिल रहा है वहीं दूसरी ओर दवा और मेडिकल उपकरणों पर भी जीएसटी की कटौती को लागू करने का निर्देश दिया गया है। यहां तक कि बीमा कंपनियों को भी साफतौर पर बता दिया गया है कि पॉलिसी के रिन्यूअल में भी केवल 22 सितंबर से पूर्व तक के लिए ही पहले से लागू जीएसटी ली जाए और उसके बाद पुरानी पॉलिसियों से भी जीएसटी ना ली जाए। हालांकि मदर डेयरी जैसी कुछ संस्थाओं और सार्वजनिक क्षेत्र के उत्पाद निर्माताओं, सेवा प्रदाताओं और वितरकों ने पहले ही ऐलान कर दिया है कि जीएसटी में कटौती का उपभोक्ताओं को पूरा लाभ देने के लिए वह दृढ़ संकल्पित हैं और इसी के तहत मदर डेयरी ने पहले ही अपने उत्पादों की खुदरा कीमतों में दो रुपए से लेकर 30 रुपए तक की कटौती का ऐलान कर दिया है। लेकिन कुछ निजी, बड़ी और वैश्विक कंपनियों ने अभी इस मामले में चुप्पी साधी हुई है कि वह उपभोक्ताओं को कितना और किस रूप में लाभ देंगे। ऐसे में बाजार व्यवस्था से जुड़े केंद्र सरकार के तमाम मंत्रालयों ने अपने कार्य क्षेत्र में आने वाली कंपनियों के साथ बातचीत कर उन्हें जीएसटी कटौती का लाभ आम लोगों को देने के लिए सहमत करने की कोशिशें तेज कर दी हैं। इसी क्रम में केंद्रीय कृषि, किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में ट्रैक्टर एवं अन्य कृषि उपकरणों के निर्माताओं एवं वितरकों के प्रतिनिधियों की एक बैठक बुलाई है जिसका मकसद जीएसटी दरों में कमी का किसानों तक पूरा लाभ पहुंचना सुनिश्चित करना है। कृषि मंत्रालय के उच्च पदस्थ सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक शिवराज के साथ होने वाली इस बैठक में ट्रैक्टर एवं कृषि यंत्रीकरण संघ, कृषि मशीनरी निर्माता संघ, अखिल भारतीय कम्बाइन हार्वेस्टर निर्माता संघ और पावर टिलर एसोसिएशन ऑफ इंडिया सहित कई अन्य संबंधित संगठनों के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। कृषि मशीनरी एवं उपकरणों पर लागू होने वाली जीएसटी की दरें 12 और 18 से घटाकर महज पांच फीसदी कर दिए जाने के फैसले पर चर्चा करने के क्रम में इस बैठक के दौरान किसानों तक इसके लाभों का व्यापक प्रसार सुनिश्चित करने और लागत और कीमत में सुधार के उपायों के सुचारू क्रियान्वयन की रणनीति भी बनाई जाएगी।


# कार्यालय-नगर पंचायत तमकुहीराज जनपद-कुशीनगर

## निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में नगर पंचायत तमकुहीराज में ''आकांक्षी नगर योजना'' के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यो के लिए समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / अधिकृत आपूर्तिकर्ताओं/फर्मो से निविदा / कोटेशन दिनांक- 29/9/25 अपराहन 2.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत तमकुहीराज में रखे निविदा बाक्स में आमंत्रित किया जाता है। समस्त डाली गयी निविदा उक्त तिथि को ही अपराह्न 4.00 बजे ठिकेदार / फर्मो या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र के साथ पंजीयन प्रमाण.पत्र की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक होगा। निविदा प्रपत्र के साथ जमानत धनराशि नगद / एन0एस0सी0/के0वी0पी0/एफ0डी0आर0 जमा रसीद द्वारा जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत तमकुही राज के पक्ष में बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा फार्म नगद मूल्य पर नगर पंचायत तमकुही राज के कार्यालय लिपिक से दिनांक - 28/9/28 को कार्यालय समय में प्राप्त किया जा सकता है। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कराये जाने वाले कार्यो का विवरण निम्नवत् है-

### कराये जाने वाले निर्माण कार्यो का विवरण

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि 10 प्रतिशत एफ.डी.आर./ राष्ट्रीय बचत पत्र/ टी.डी.आर. | निविदा प्रपत्र मूल्य+18% G.S.T. | कार्य पूर्ण करने का समय | मद का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड नं0.7 में बी0एम0सी0टी0 रोड से शिव मंदिर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य | 429000.00 | 42900.00 | 429+77= 506.00 | 45 दिन | |
| 2. | वार्ड नं0.9 में वनस्पती माता स्थान वाले मार्ग का सी0सी0 रोड निर्माण कार्य | 994000.00 | 99400.00 | 994+179= 1173.00 | 45 दिन | |
| 3. | वार्ड नं0.7 में वेंडिंग जोन की स्थापना का कार्य | 953000.00 | 95300.00 | 953+172= 1125.00 | 45 दिन | आकांक्षी नगर योजना |
| 4. | वार्ड नं0.12 में पिजवा धाम से अन्त्येष्टि स्थल तक इण्टरलाकिंग सड़क का निर्माण कार्य | 993000.00 | 99300.00 | 993+179= 1172.00 | 45 दिन | |
| 5. | वार्ड नं0.2 में समउर मेंन पिच रोड से अन्त्येष्टि स्थल जाने वाले मार्ग में चोकट के खेत तक इण्टलाकिंग निर्माण कार्य | 1000000.00 | 100000.00 | 1000+180= 1180.00 | 45 दिन | |
| 6. | वार्ड नं0.2 में अन्त्येष्टि स्थल तक जाने वाले मार्ग चोकट के खेत से रमाशंकर के खेत तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 999000.00 | 999000.00 | 999+180= 1179.00 | 45 दिन | |

### नियम एवं शर्ते :-

1. निविदादाता के न्युनतम दरो की स्थिति में भी उसकी निविदा निरस्त की जा सकती है।
2. कार्य संतोषजनक पाये जाने की स्थिति में जमानत धनराशि वापस की जाएगी।
3. दी गयी समयावधि के अनुसार ठिकेदार यदि कार्य पूर्ण नही करता है तो उनके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा ।
4. निविदा प्रपत्र पर ओवर राईटिंग मान्य नही होगा ।
5. शासन / प्रशासन / निकाय द्वारा जारी आदेशो का पालन करना होगा ।
6. सशर्त निविदा मान्य नही होगा।
7. कार्यादेश के तुरन्त बाद नियमानुसार अपने स्वयं के व्यय से देय स्टाम्प पेपर पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
8. निविदा के साथ जिलाधिकारी द्वारा निर्गत हैसियत प्रमाण पत्रए चरित्र प्रमाण.पत्र एवं श्रम विभाग पंजीयन का समयावधि के अन्दर स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
9. आयकर विभाग द्वारा 3 वर्ष का आई0टी0आर0 संलग्न करना अनिवार्य होगा ।
10. कार्य समाप्ति के पश्चात ठेकेदार / फर्म की जमानत धनराशि निदेशालय के शासनादेश दिनांक. 06/01/2021 पत्र सं0-TC/314/2020-21 के अनुरूप वापसी व मैनडेटरी टेस्ट मे सही पाये जाने के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी।
11. फर्म द्वारा किसी भी प्रकार का तथ्य छुपाने की स्थिति में उनकी जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत तमकुही राज
जनपद कुशीनगर

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत तमकुही राज
जनपद कुशीनगर

पत्रांक 255 /न0पं0त0 / 2025-26 दिनांक 15/9/25


# सड़क में गड्ढा या गड्ढे में सड़क



**स्वतंत्र भारत राजगढ़ (मिर्ज़ापुर)।** विकास खंड राजगढ़ क्षेत्र के बिसुनपुरा गांव की सड़क पूरी तरह से गढ्ढा में तब्दील हो गई है आने जाने के लिए कोई रास्ता नहीं बचा है। ग्रामीणों के अलावा स्कूली बच्चे भी इन्हीं गंदे पानी से होकर जाना पड़

### 12 साल से नहीं बनी सड़क

रहा है। गड्ढा युक्त सड़क इस गांव के लिए अभिशाप बनती जा रही है 12 साल बीत गए लेकिन किसी भी जन प्रतिनिधि ने इस गांव की सुध नहीं ली। कई बार ग्रामीणों ने जन प्रतिनिधियों के यहां शिकायत की लेकिन आश्वासन खोखला साबित होता जा रहा है।बिसुनपुरा के ग्रामीण राजबहादुर सिंह, गोविंद सिंह, गोलू सिंह, वंश नारायण सिंह, प्रवीण सिंह सुनील सिंह ने बताया कि 12 साल से सड़क न बनने से बरसात के दिनों में सबसे ज्यादा परेशानी ग्रामीणों के अलावा स्कूली बच्चों को हो रही है। स्कूली बच्चे पढ़े या गड्ढा में गिरकर घायल हो।सड़के पूरी तरह से गढ्ढा में तब्दील हो गई है। इस गांव से होकर लोग सोनभद्र के लिए रवाना होते हैं। करकोली, सरगा, कर्मा, संपर्क मार्ग जहां पर स्कूली बस दूध की गाड़िया और निजी व्यापारियों की गाड़ियां ग्रामीण इलाकों में जाकर अन्य कार्य को कर रही है। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों की इस सड़क पर कोई नजर नहीं पड़ रही है। यह गांव मिर्जापुर सोनभद्र स्टेट हाईवे से सटा हुआ है। यह मिर्जापुर जिले का अंतिम गांव है। और यह सोनभद्र बॉर्डर के पास पड़ता है। जिला मुख्यालय से इसकी दूरी लगभग 60 किलोमीटर के आसपास है। इस गांव की सड़क क्षतिग्रस्त होती जा रही है। लेकिन बनने का नाम नहीं ले रहा है।मीरजापुर जिले के मंत्री विधायक सांसद जनप्रतिनिधि के ध्यान न देने से यह गांव मुख्यालय से कटता जा रहा है। यहां पर लोग जाना पसंद नहीं कर रहे हैं।क्योंकि सड़के क्षतिग्रस्त होने से जगह-जगह पानी जमा होने से आवागमन बाधित होता जा रहा है। ग्रामीण अखिलेश्वर,विजय बहादुर, गोपाल सिंह,विजय सिंह, अरुण सिंह, राम निरंजन ने बताया कि जब भी चुनाव आता है। जनप्रतिनिधि गांव में आकर गड्ढा मुक्त सड़क की बात करते हैं।चुनाव जीतने पर यह दिखाई नहीं देते हैं। 12 साल बीत गए लेकिन अभी तक यह सड़क नहीं बन पाई। जिससे सड़क का अस्तित्व ही खत्म हो गया है। सड़क गढ्ढा में पूरी तरह से तब्दील हो चुकी है। सड़क में गढ्ढा या गड्ढे में सड़क अब आने वाली पीढ़ियों को सरकार की मंशा मालूम चले गढ्ढा मुक्त सके केवल दिखावा साबित हो रही है। आए दिन यह स्लोगन पढ़ने को मिलता है सरकार का संकल्प सड़कों का हो कायाकल्प। बिसुनपुरा गांव के लिए खोखला साबित हो रहा है। इस संबंध में जब पूर्व मंत्री एवं मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह से बात हुई तो उन्होंने कहा कि बरसात खत्म होने के बाद सड़क का निर्माण कराया जाएगा।

# सहकारी प्रतीकात्मक क्रय विक्रय समिति पर सचिव ने वितरित कराया यूरिया खाद



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** क्षेत्र के हलिया बाजार स्थित सहकारी प्रतीकात्मक क्रय विक्रय समिति पंजरा में गुरुवार को यूरिया खाद के लिए किसानों का हुजूम उमड़ पड़ा। किसान खाद के लिए कतार में लग गए किसानों के भीड़ को देखते हुए ग्राम पंचायत हलिया के सचिव कौशलेन्द्र राय ने समिति पर पहुंचकर किसानों को जमा टोकन के हिसाब से यूरिया खाद का वितरण कराया है। किसानों की भीड़ को देखते हुए स्थानीय पुलिस के कर्मी हेड कांस्टेबल संतोष यादव व जगदीश यादव समिति पर पहुंचकर किसानों को कतार में लगवाया है जिससे किसानों को नियमानुसार यूरिया खाद का वितरण हो सके। वर्तमान समय में समिति पर 950 मैट्रिक टन यूरिया खाद का स्टॉक उपलब्ध है। खाद के लिए कुल 495 किसानों ने कागजात जमाकर टोकन प्राप्त किया है। पूर्व में जो टोकन जारी किये गए थे उन किसानों को समिति से खाद का वितरण किया जा चुका है। टोकन के क्रम से यूरिया खाद का वितरण किया जा रहा है। इसी प्रकार साधन सहकारी समिति भटवारी दिघिया पर भी किसान यूरिया खाद के लिए कतार में लगे हुए है। समिति के सचिव रमाकांत मौर्य द्वारा किसानों को टोकन से नियमानुसार यूरिया खाद का वितरण पुलिस के देखरेख में किया जा रहा है। साधन सहकारी समिति सिकटा महुगढ़ पर भी यूरिया खाद के लिए किसानों कि अत्यधिक भीड पहुंच जाने कि सूचना पर एसआई श्याम लाल व हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र गुप्ता द्वारा समिति पर पहुंचकर किसानों को यूरिया खाद का वितरण कराया जा रहा है। इस संबंध में ग्राम पंचायत हलिया के सचिव कौशलेन्द्र राय ने बताया की सहकारी प्रतीकात्मक क्रय विक्रय समिति पंजरा हलिया पर किसानों को यूरिया खाद का वितरण टोकन से कराया गया है। समिति पर कुल 950 मैट्रिक टन यूरिया खाद का स्टॉक उपलब्ध है। खाद के लिए कुल 495 किसानों ने कागजात जमाकर टोकन प्राप्त कर लिया है। टोकन के क्रम से नियमानुसार यूरिया खाद का वितरण कराया जा रहा है।

# ड्रमंडगंज बाजार में 17 दिवसीय श्रीरामलीला के उद्घाटन के बाद हुआ नारदमोह का मंचन



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमंडगंज बाजार के ऐतिहासिक श्रीरामलीला का बुधवार की रात्रि में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच उद्घाटन किया गया।इसी के साथ ही सत्रह दिवसीय श्रीरामलीला का मंचन प्रारंभ हो गया।अध्यक्ष अंजनी सोनी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मुकुट पूजा किया। उसके बाद लक्ष्मीनारायण की सामूहिक आरती की गयी। उद्घाटन समारोह को राज्यसभा सांसद अरुण सिंह के प्रतिनिधि धनंजय पाण्डेय ने संबोधित किया। उद्घाटन समारोह के बाद कलाकारों द्वारा नारदमोह का मंचन किया गया। उक्त अवसर पर श्रीरामलीला समिति ड्रमंडगंज के पदाधिकारियों की शत प्रतिशत उपस्थिति रही। रात्रि लगभग दो बजे तक नारदमोह का मंचन हुआ। 18सितंबर गुरुवार को मनु सतरुपा,भानुप्रतापऔर रावण जन्म का मंचन किया जायेगा।19सितंबर शुक्रवार को रामजन्म तथा 20सितंबर शनिवार को मुनि आगमन,ताड़का बध,मारीच सुबाहु बध का मंचन होगा।21सितंबर को अहिल्या उद्धार, फुलवारी, नगर दर्शन,पण्डों की नकल।22सितंबर को धनुष यज्ञ,रावण-बाणासुर संवाद,लक्ष्मण क्रोध। 23सितंबर को परशुराम - लक्ष्मण संवाद तथा श्रीराम सीता का विवाह होगा।24सितंबर को श्रीराम वनगमन।25सितंबर को दशरथ मरण तथा भरत का चित्रकूट में सभा होगा।26सितंबर को सूर्पनखा का नाक कान कटेगा एवं सीता हरण का मंचन होगा।27सितंबर को शबरी-श्रीराम मिलन, श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता तथा बालि बध का मंचन किया जायेगा।28सितंबर को लंकादहन, शंकर पूजा, विभीषण शरणागत। 29 सितंबर को अंगद-रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति।30सितंबर को कुम्भकरण बध, मेघनाद बध। 1अक्टूबर को सुलोचना सती तथा अहिरावण - नारंतक बध का मंचन किया जायेगा। क्रमानुसार रामलीला का मंचन होगा।

# सपा ने पुण्यतिथि पर स्व. बाबू शिवदयाल चौरसिया को दी श्रद्धांजलि



**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में समाजवादी विचारों के धनी पूर्व राज्यसभा सांसद स्व0 बाबू शिव दयाल चौरसिया की पुण्यतिथि मनाई। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया।

# धर्म सभा रामलीला समिति के अध्यक्ष रजनीश मिश्रा मनोनीत

**स्वतंत्र भारत अहरौरा (मिर्जापुर)।** अति प्राचीन धर्म सभा की बैठक सोमवार की शाम स्व.जयशंकर प्रसाद के आढ़त पर हुई जिसमें नगर के अति प्राचीन रामलीला के आयोजन पर विचार विमर्श के बाद सर्वसम्मति से सार्वजनिक घोषणा में रजनीश मिश्रा को रामलीला समिति का अध्यक्ष निर्विरोध मनोनित किया गया बैठक के दौरान राजेश जायसवाल को महामंत्री तथा गोपाल सोनकर को उपाध्यक्ष विकास केसरी को मंत्री मनोनीत किया गया कार्य समिति के सदस्यों में सुभाष सोनकर को भी शामिल कर लिया गया पूर्व की भांति संरक्षक शुभेंद्र जायसवाल तथा अशोक जायसवाल यथावत बनें रहेंगे सुजीत कुमार केसरी को व्यवस्थापक बनाया गया है। धर्म सभा रामलीला समिति की कार्य योजना के अनुसार रामलीला का मंचन किया जाएगा जिसकी घोषणा से शीघ्र ही कर दी जाएगी। रामलीला समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रजनीश मिश्रा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति परंपरागत भगवान राम की लीला का मंचन कराने के लिए बड़े पैमाने पर तैयारी कर ली गई है आस्था वालों की भीड़ तथा रामलीला के कुशल संचालन के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा बैठक में बना ली गई है सुविधाओं का विशेष ख्याल रखा गया है। लीला का मंचन करने के लिए बाहरी कलाकारों की मोहक छवि लीला प्रेमियों में अमिट छाप छोड़ेगी।


## कार्यालय उप निदेशक (निर्माण) राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ.प्र. नवीन मण्डी स्थल, रायबरेली रोड अयोध्या ddcfzd@gmail.com

पत्रांक- उ0नि0(नि0)अयो0(ई-निविदा)/2025-1541 दिनांक-18.9.2025

### : ई-निविदा सूचना (ई-टेण्डर) :

निम्नलिखित सम्पर्क मार्ग के निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा (E-Tendering) के माध्यम से मण्डी परिषद में वांछित श्रेणी में पंजीकृत एवं वित्तीय रूप से सुदृढ फर्म / ठेकेदारों से दिनांक 14.10.2025 को दोपहर 12.30 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आनलाइन निविदा https://etender.up.nic.in पर दिनांक 29.09.2025 की पूर्वान्ह 10.30 बजे से दिनांक 14.10.2025 की अपरान्ह 12.30 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 14.10.2025 को अपरान्ह 01.00 बजे खोली जायेंगी। तकनीकी बिड उपयुक्त पाये जाने के फलस्वरूप वित्तीय बिड खोली जायेगी। तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने हेतु निर्धारित तिथि को सार्वजनिक अवकाश पड़ जाने की स्थिति में तकनीकी एवं वित्तीय बिड अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी:-

| क्रम | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा मूल्य +18 जी0एस0टी सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण होने की अवधि | निविदा की वैधता | पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | मण्डी समिति बाराबंकी<br>मदारपुर से खसपरिया गांव तक मरम्मत कार्य। लम्बाई 1.45 किमी0 | 21.94 | 2.20 | 3300+594= 3894.00 | 06 माह | 90 दिन | 'द' श्रेणी |
| 2. | देवरा से सिरसईपुर के अंदर होते हुए जजियामऊ लम्बाई 2.35 किमी0 | 35.55 | 3.56 | 5400+972= 6372.00 | 06 माह | 90 दिन | 'द' श्रेणी |
| 3. | मोहना-मुसपिपरी मार्ग से ग्राम करुआ तक मरम्मत कार्य। लम्बाई 1.10 किमी0 | 16.64 | 1.67 | 2500+450= 2950.00 | 06 माह | 90 दिन | 'द' श्रेणी |
| 4. | फतेहपुर महमूदाबाद रोड से नादकुई तक मरम्मत कार्य। लम्बाई 1.45 किमी0 | 33.33 | 3.34 | 5000+900= 5900.00 | 06 माह | 90 दिन | 'द' श्रेणी |
| 5. | फतेहपुर बेलहरा मार्ग से जरखा तक मरम्मत कार्य। लम्बाई 1.80 किमी0 | 32.69 | 3.27 | 5000+900= 5900.00 | 06 माह | 90 दिन | 'द' श्रेणी |
| 6. | मण्डी समिति रूदौली :उमरवल किरसिया मार्ग से रायबरेली सीमा तक सम्पर्क मार्ग मरम्मत कार्य। लम्बाई 2.00 किमी0 | 49.50 | 4.48 | 7500+1250 =8850.00 | 07 माह | 90 दिन | 'स' श्रेणी |
| 7. | मण्डी समिति सफदरगंज<br>शिवनाम से जरौली तक मरम्मत कार्य। लम्बाई 1.49 किमी0 | 31.94 | 3.20 | 4800+864 =5664.00 | 06 माह | 90 दिन | 'द' श्रेणी |
| 8. | शिवनाम से गढ़ी होते हुए बेनीगंज तक लम्बाई 3.12 किमी0 | 66.89 | 5.35 | 10100+1818 =11918.00 | 07 माह | 90 दिन | 'स' श्रेणी |
| 9. | ग्राम बहुता में मोती का पुरवा के पास शिवाला से देवीजी मंदिर तक लम्बाई 1.00 किमी0 | 14.58 | 1.46 | 2200+396 =2596.00 | 06 माह | 90 दिन | 'द' श्रेणी |
| 10. | सैदखानपुर रेलवे क्रासिंग से रेलवे स्टेशन होते हुए दलाम तक मरम्मत कार्य। लम्बाई 1.00 किमी0 | 15.13 | 1.52 | 2300+414 =2714.00 | 06 माह | 90 दिन | 'द' श्रेणी |
| 11. | रायपुर बजहा डामर रोड से लतीर पुरवा व सरीफाबाद तक मरम्मत कार्य। लम्बाई 1.50 किमी0 | 22.06 | 2.21 | 3400+612 =4012.00 | 06 माह | 90 दिन | 'द' श्रेणी |
| 12. | फैजाबाद रोड से ग्राम पूरे शीतल तक मरम्मत कार्य। लम्बाई 1.00 किमी0 | 14.79 | 1.48 | 2300+412 =2714.00 | 06 माह | 90 दिन | 'द' श्रेणी |

उप निदेशक (निर्माण)
मण्डी परिषद, अयोध्या।



पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14

लखनऊ, शुक्रवार, 19 सितंबर, 2025

## सऊदी-पाक के बीच रक्षा समझौता मिलकर हमले का जवाब देंगे

**रियाद।** सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार को एक रक्षा

- दावा- एटमी हथियार का भी इस्तेमाल शामिल
- भारत बोला- पहले से जानकारी थी

समझौते पर साइन किए। इस समझौते के तहत एक देश पर हमला दूसरे पर भी हमला माना जाएगा।
सऊदी प्रेस एजेंसी के मुताबिक, दोनों देशों ने एक जॉइंट स्टेटमेंट में कहा कि यह समझौता दोनों देशों की सुरक्षा बढ़ाने और विश्व में शांति स्थापित करने की प्रतिबद्धता को दिखाता है। इस समझौते के तहत दोनों देशों के बीच डिफेंस कॉर्पोरेशन



भी डेवलप किया जाएगा।
रॉयटर्स के मुताबिक इस समझौते के तहत मिलिट्री सहयोग किया जाएगा। इसमें जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान के परमाणु हथियारों का इस्तेमाल भी शामिल है। सऊदी अरब और पाकिस्तान के रक्षा समझौते पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत सरकार को इसकी जानकारी पहले से थी।
शहबाज शरीफ के साथ पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसीम मुनीर, उप प्रधानमंत्री इशाक डार, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब और हाई लेवल डेलिगेशन सऊदी पहुंचा है। जिस वक्त इस रक्षा समझौते पर साइन किए जा रहे थे, तब पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसीम मुनीर भी वहां मौजूद थे। एक अधिकारी ने रॉयटर्स को बताया कि यह समझौता किसी खास देश या घटना के खिलाफ नहीं हुआ है, बल्कि दोनों देशों के बीच लंबे समय तक चलने वाले गहरे सहयोग का आधिकारिक रूप है।

## यूएस ने भारत को प्रमुख नशा उत्पादक देशों में रखा

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत के साथ रिश्तों लेकर बहुत ज्यादा भ्रम की स्थिति में नजर आ रहे हैं। भारी-भरकम टैरिफ लगाने के बाद अब ट्रंप ने भारत को चीन, अफगानिस्तान, पाकिस्तान और म्यांमार समेत 23 प्रमुख ड्रग ट्रांजिट या प्रमुख नशा उत्पादक देशों में शामिल किया है।
ट्रंप ने कहा कि मादक पदार्थों और रसायनों के निर्माण और तस्करी से ये देश अमेरिका और उसके नागरिकों की सुरक्षा को खतरा पहुंचा रहे हैं। ट्रंप ने अमेरिकी संसद कांग्रेस को सोमवार को सौंपी गई रिपोर्ट (राष्ट्रपति निर्धारण) में कहा कि उन्होंने 23 देशों की पहचान मादक पदार्थों की तस्करी वाले मार्गों और उत्पादक देशों के रूप में की है। इन देशों में बहामास, बेलीज, बोलीविया, कोलंबिया, कोस्टारिका, डोमिनिकन गणराज्य, इक्वाडोर, अल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला, हैती, होंडुरास, जमैका, लाओस, मैक्सिको, निकारागुआ, पनामा, पेरू और वेनेजुएला भी शामिल हैं। व्हाइट हाउस ने कहा कि ट्रंप ने कांग्रेस को जो प्रमुख सूची सौंपी है उसमें इन देशों को अमेरिका में नशीली दवाओं के स्रोत और परिवहन के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है।



विदेश मंत्रालय की रिपोर्टके मुताबिक इन 23 देशों में से पांच देशों अफगानिस्तान, बोलीविया, म्यांमार, कोलंबिया और वेनेजुएला को मादक पदार्थों के अवैध कारोबार को रोकने में पूरी तरह से विफल रहने वाले देशों में रखा गया है और उनसे मादक पदार्थों के खिलाफ अपने प्रयासों में सुधार करने को कहा गया है। मालूम हो कि ट्रंप भारत से रिश्तों को लेकर आए दिन नए-नए बयान दे रहे हैं।

### किन देशों के नाम शामिल?

इस सूची में चीन और पाकिस्तान के अलावा अफगानिस्तान, बहामास, बेलीज, बोलीविया, म्यांमार, कोलंबिया, कोस्टा रिका, डोमिनिकन रिपब्लिक, इक्वाडोर, अल सल्वाडोर, ग्वाटेमाला, हैती, होंडुरस, जमैका, लाओस, मैक्सिको, निकारागुआ, पनामा, पेरू और वेनेजुएला के नाम शामिल हैं। मामले की जानकारी देते हुए वाइट हाउस ने कहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने संसद को उन प्रमुख देशों की सूची सौंपी है. जो अमेरिका में नशीले पदार्थों की सप्लाई और तस्करी के लिए जिम्मेदार हैं।

### 5 देश नाकाम घोषित

अमेरिका के फॉरेन डिपार्टमेंट ने बताया है कि 23 देशों में से अफगानिस्तान, बोलीविया, म्यांमार, कोलंबिया और वेनेजुएला की पर्याप्त कोशिश करने में नाकाम देश बताया गया है। इन देशों से नशे के खिलाफ एक्शन लेने की अपील भी की गई है। डिपार्टमेंट की ओर से कहा गया कि नशीली दवाओं और रसायनों का उत्पादन और तस्करी सीधे तौर पर अमेरिका की सुरक्षा को खतरे में डाल रही है।

### चीन पर बड़ा आरोप

ट्रंप ने प्रेसिडेंशियल डिटरमिनेशन में चीन को लेकर कहा है कि फेंटेनाइल बनाने वाले रसायनों के दुनिया के सबसे बड़े स्रोत के रूप में उसकी भूमिका साफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि चीन नाइटाजेन और मेथामफेटामाइन समेत कई खतरनाक नशीले पदार्थों को बढ़ावा देने याला प्रमुख सप्लायर है। ट्रंप ने कहा कि चीन की सरकार अगर चाहे तो इन रसायनों की सप्लाई घटाने और इन्हें आसानी से उपलब्ध कराने वाले अपराधियों पर मुकदमा चलाने के लिए मजबूत और लगातार कार्रवाई कर सकती है। ट्रंप ने यह भी कहा कि बीजिंग को ऐसा करना ही चाहिए।

## गाजा में इस्राइल के हमले तेज और अंदर घुसी सेना, फोन-इंटरनेट सेवा बंद

**यरुशलम।** इस्राइल और हमास के बीच 23 महीनों से चल रहे संघर्ष में गाजा की स्थिति दिन-प्रतिदिन और भयावह होती जा रही है। इसके बावजूद इस्राइल का गाजा पर हमला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी सिलसिले में गाजा से एक और बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां गाजा सिटी में बुधवार को इस्राइली सेना ने अपनी टैंकों और सैनिकों को और अंदर भेज दिया है। इससे वहां के हालात और बिगड़ गए हैं। साथ ही, लगातार चल रहे हवाई हमलों और तोपखाने की बमबारी के चलते फोन और इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं, जिससे घायल लोगों की मदद के लिए एम्बुलेंस बुलाना और बचाव कार्य करना बहुत मुश्किल हो गया है।
देखा जाए तो दिन-प्रतिदिन गाजा की हालत बेहद खराब होती जा रही है। शहर के करीब 90 फीसदी लोग अपने घर छोड़कर सुरक्षित जगह की



ओर भाग चुके हैं। इस्राइल ने गाजा सिटी के दक्षिण में एक निकास मार्ग खोलकर लोगों को दो दिन के लिए सुरक्षित बाहर निकलने की अनुमति दी है। लेकिन फोन और इंटरनेट बंद होने से बाहर की दुनिया से संपर्क करना मुश्किल हो गया है और इससे राहत कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

### गाजा संघर्ष में 65000 फलस्तीनियों की मौत

बता दें कि 23 महीनों से चल रहे इस संघर्ष में अब तक भारी तबाही मची है। गाजा के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इस युद्ध में अब तक लगभग 65,000 फलस्तीनी लोग मारे जा चुके हैं। इनमें कई महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। वहीं लाखों लोग घायल हो गए हैं। इस्राइली सेना ने पिछले कुछ दिनों में गाजा सिटी पर 150 से ज्यादा हवाई और तोपखाने के हमले किए हैं। कई ऊंची इमारतें और आवासीय इलाके पूरी तरह तबाह हो गए हैं। सेना का कहना है कि ये इमारतें हमास द्वारा अपने सैनिक कामकाज के लिए इस्तेमाल की जा रही थीं।

## ताइवान पर फिर सख्त हुआ चीन रक्षा मंत्री ने दी खुली धमकी

**बीजिंग।** चीन के रक्षा मंत्री डोंग जुन ने गुरुवार को बीजिंग में आयोजित शियांगशान सुरक्षा मंच



का उद्घाटन करते हुए ताइवान को लेकर एक बार फिर कड़े बयान दिए। उन्होंने साफ कहा कि ताइवान का पुनर्स्थापन चीन का हिस्सा है और इसे लेकर किसी भी स्वतंत्रता की कोशिश को चीन कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। इस बयान ने क्षेत्रीय तनाव को और बढ़ा दिया है। अंतरराष्ट्रीय सैन्य अधिकारियों की मौजूदगी में डोंग जुन ने कहा कि ताइवान पर चीन का दावा युद्धोत्तर अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का हिस्सा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ताइवान स्वतंत्रता की ओर बढ़ा या बाहरी ताकतों ने हस्तक्षेप किया तो चीन सख्ती से जवाब देगा।
बीजिंग ताइवान को अपना अलग हुआ प्रांत मानता है। 1949 से यह द्वीप स्वतंत्र रूप से संचालित है और वहां 2.3 करोड़ लोग रहते हैं। चीन ताइवान पर सैन्य दबाव बनाए रखने के लिए लगभग रोजाना युद्धपोत और विमान भेजता है। चीन ने अभी तक ताइवान को अपने नियंत्रण में लाने के लिए बल प्रयोग से इनकार नहीं किया है। ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते और उनकी डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी बीजिंग के दावों को खारिज करते हैं। उनका कहना है कि ताइवान एक स्वतंत्र और संप्रभु देश है और उसका भविष्य वहां की जनता तय करेगी।

## यूक्रेन को मिलेगी सैन्य ताकत

### जेलेंस्की बोले- अक्टूबर तक हथियार खरीद फंड में जुटेंगे 3.6 अरब

**कीव।** रूस के साथ तीन साल से ज्यादा समय से चल रहे संघर्ष के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बड़ा एलान किया है। बुधवार को उन्होंने बताया कि अमेरिका से हथियार खरीदने के लिए बनाए गए एक खास फंड में अगले महीने तक करीब 3.5 से 3.6 अरब डॉलर तक की राशि जमा हो सकती है। इस पैसे का इस्तेमाल रूस के खिलाफ चल रही जंग में किया जाएगा। बता दें कि यह फंड प्राथमिक यूक्रेन आवश्यकता सूची (पीयूआरएल) के नाम से जाना जाता है। इसमें अमेरिका को छोड़कर सभी नाटो देशों का योगदान होता है, जिससे अमेरिका से हथियार, गोला-बारूद और अन्य सैन्य उपकरण खरीदे जाते हैं।
इस बात की जानकारी जेलेंस्की ने यूरोपीय संसद की अध्यक्ष रोबर्टा मेट्सोला के साथ कीव में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी। इस दौरान



उन्होंने कहा कि हमें पीयूआरएल प्रोग्राम के लिए पहले ही दो अरब डॉलर मिल चुके हैं। अक्तूबर में और पैसे मिलेंगे। मुझे लगता है कि कुल मिलाकर यह रकम 3.5 या 3.6 अरब डॉलर हो जाएगी।
उन्होंने यह नहीं बताया कि पहली खेप में कौन-कौन से हथियार आएंगे, लेकिन उन्होंने साफ कहा कि इसमें राष्ट्रवादी एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम के लिए मिसाइलें और एचआईएमआरएस रॉकेट सिस्टम के लिए गोला-बारूद शामिल होंगे। ये दोनों हथियार रूस के हमलों को रोकने में बेहद कारगर साबित हुए हैं। हालांकि, युद्ध खत्म होने के कोई खास संकेत नहीं हैं। अमेरिका की अगुवाई में शांति की कोशिशें जारी हैं, लेकिन रूस के साथ बातचीत में कोई खास प्रगति नहीं हुई है।

## एक नज़र

### लीबिया के तट पर डूबी नाव,50 प्रवासियों की मौत

**काहिरा।** लीबिया के तट के पास रविवार को एक नाव हादसे में 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। यह नाव सूडान के शरणार्थियों को लेकर ग्रीस जा रही थी। अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने गुरुवार को जानकारी दी कि नाव में अचानक आग लग गई और वह डूब गई। यह हादसा लीबिया के पूर्वी तट पर तोब्रुक शहर से लगभग 60 किलोमीटर दूर समुद्र में हुआ। आईओएम के मुताबिक, इस नाव में कुल 75 शरणार्थी सवार थे। अब तक 24 लोगों को बचा लिया गया है, जबकि बाकी लापता हैं। लीबिया रेड क्रेसेंट ने सोमवार को बताया कि उसे तोब्रुक के अधिकारियों से आपातकालीन कॉल मिली थी। इसके बाद बचावकर्मी कम्बोट बीच (तट से 60 किलोमीटर पश्चिम) और काबेस क्षेत्र (तट से 90 किलोमीटर पूर्व) से शव बरामद कर रहे हैं। हालांकि यह साफ नहीं है कि मिले शव उसी डूबी हुई नाव के यात्रियों के हैं या नहीं।

### पेंसिल्वेनिया गोलीबारी में तीन पुलिसकर्मी मरे

**हैरिसबर्ग।** अमेरिका के पेंसिल्वेनिया राज्य से गोलीबारी की एक बड़ी घटना सामने आ रही है। बुधवार को दक्षिणी पेंसिल्वेनिया के नॉर्थ कोडोरस टाउनशिप में हुई गोलीबारी में तीन पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक, गोलीबारी करने वाले हमलावर को भी मौके पर मार गिराया गया है। यह घटना तब हुई जब पुलिस अधिकारी एक घरेलू हिंसा से जुड़ी जांच के सिलसिले में उस इलाके में पहुंचे थे। घटना फिलाडेल्फिया से करीब 185 किलोमीटर पश्चिम में, ग्रामीण इलाके में हुई।

### बांग्लादेश में शेख हसीना का वोटर कार्ड लॉक

**ढाका।** बांग्लादेश में अगले साल फरवरी में आम चुनाव होने है। इसके मद्देनजर देशभर में तैयारी तेज हो चुकी है। दूसरी ओर इस मामले में अब बांग्लादेश चुनाव आयोग ने बड़ा फैसला सुनाया है। आयोग ने बुधवार को घोषणा की कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का राष्ट्रीय पहचान पत्र (एनआईडी) लॉक कर दिया गया है, जिससे वह आगामी फरवरी 2025 के आम चुनाव में वोट नहीं दे सकेंगी। चुनाव आयोग के सचिव अख्तर अहमद ने बताया कि जिनका एनआईडी कार्ड लॉक होगा, वे विदेश से वोट नहीं दे पाएंगे। उन्होंने कहा कि हसीना का वोटर कार्ड लॉक हो चुका है। हालांकि मामले में अख्तर अहमद ने अन्य नामों का जिक्र तो नहीं किया, लेकिन कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि हसीना की बहन शेख रिहाना, बेटे साजिब वाजेद जॉय और बेटी सैमा वाजेद पुतुल के भी वोटर कार्ड लॉक या ब्लॉक किए गए हैं।

### पोप लियो ने अपने पहले साक्षात्कार में ट्रंप यौन शोषण मामलों और चीन पर रखी राय

**रोम।** पोप लियो 14वें ने इतिहास के पहले अमेरिकी पोप के रूप में अपने प्रथम साक्षात्कार में कहा कि उनका अमेरिकी राजनीति में शामिल होने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन वह आव्रजन सहित कैथोलिक चर्च के लिए चिंता के मुद्दों पर अपनी आवाज उठाएंगे। बृहस्पतिवार को प्रकाशित साक्षात्कार में लियो ने ट्रंप प्रशासन से लेकर पादरी यौन शोषण संकट, 'एलजीबीटीक्यूप्लस' कैथोलिकों का स्वागत और वेटिकन-चीन संबंधों सहित विभिन्न विषयों पर बात की। यह साक्षात्कार समाचार साइट 'क्रक्स' की वेटिकन संवाददाता एलिस एन एलन द्वारा लिया गया, जो लियो की जीवनी पर आधारित था। यह साक्षात्कार बृहस्पतिवार को पेरू में प्रकाशित हुई, जहां लियो कई वर्षों तक बिशप रहे थे। लियो ने 'एलजीबीटीक्यूप्लस' कैथोलिकों के लिए पोप फ्रांसिस के संदेश को स्वीकार किया कि कैथोलिक चर्च में स्वागत है, लेकिन उन्होंने कहा कि उन्हें यह लगभग असंभव लगता है कि उनके यौन रुझानों के बारे में चर्च का मूल सिद्धांत जल्द बदल जाएगा।

## भारत-अमेरिका के बीच अंतरिक्ष सहयोग का नया अध्याय

**वॉशिंगटन।** भारत और अमेरिका के बीच इन दिनों रिश्तों में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहे है। जहां एक तरफ राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ के चलते दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। वहीं दूसरी ओर भारत और अमेरिका अंतरिक्ष सहयोग के दिशा में एक नया अध्याय लिखने

- चंद्रमा और मंगल मिशन में साथ आएंगे दोनों देश

जा रहा है। इस बात का संकेत अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में दोनों देशों ने दिया।
यह आयोजन भारत-अमेरिका अंतरिक्ष सहयोग : भविष्य की साझेदारी की सीमाएं नाम से सोमवार को इंडिया हाउस में हुआ, जिसमें दोनों देशों के अधिकारियों और अंतरिक्ष यात्रियों ने हिस्सा लिया। बता दें कि इस कार्यक्रम में नासा-इसरो के संयुक्त उपग्रह निसार मिशन और




एक्सिओम मिशन-4 का जश्न मनाया गया, जिसमें भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) तक भेजा गया था। कार्यक्रम में अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स, निक हेग और बुच विलमोर ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हिस्सा लिया और अंतरिक्ष जीवन के अनुभव साझा किए।
वहीं इस मामले में भारत के अमेरिकी राजदूत विनय क्वात्रा ने इसे विज्ञान, तकनीक और वाणिज्यिक साझेदारी के लिए एक मजबूत मंच बताया। उन्होंने कहा कि भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम अब कम लागत में बड़ी उपलब्धियों के लिए जाना जाता है और अमेरिका के साथ यह सहयोग मानव अंतरिक्ष मिशन की सीमाओं को आगे बढ़ाएगा। इसके साथ ही नासा की डॉ करेन सेंट जर्मेन ने निसार को एक अंतरराष्ट्रीय सहयोग का मॉडल बताया। साथ ही कहा कि जब दो देश अपने अनुभव साझा करते हैं, तो वैज्ञानिक प्रगति तेज होती है। इसके अलावा शुभांशु शुक्ला ने कहा कि उनका अंतरिक्ष सफर अंतरराष्ट्रीय साझेदारी की ताकत और भारत की वैश्विक भूमिका का प्रमाण है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत-अमेरिका के गहरे होते अंतरिक्ष संबंध केवल तकनीकी नहीं, बल्कि रणनीतिक दृष्टि से भी अहम हैं। यह सहयोग चीन की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं का मुकाबला करने की दिशा में भी एक अहम कदम है। इसके अलावा, कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि अब दोनों देश सिर्फ सैटेलाइट प्रक्षेपण या डाटा साझा करने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि मानवयुक्त मिशन और व्यवसायिक अंतरिक्ष अन्वेषण में भी मिलकर काम कर रहे हैं।

## तुर्किये ने साइप्रस को चेताया, इस्राइली एयर डिफेंस सिस्टम खरीदने से बढ़ सकता है तनाव

**अंकारा।** तुर्किये ने चेतावनी दी है कि साइप्रस की तरफ से इस्राइल से एयर डिफेंस सिस्टम खरीदने का कदम द्वीप पर शांति और स्थिरता को खतरे में डाल सकता है। तुर्किये रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि यह कदम द्वीप पर मौजूद नाजुक संतुलन को बिगाड़ सकता है और %खतरनाक परिणाम% सामने ला सकता है। सूत्रों के मुताबिक, साइप्रस को हाल ही में इस्राइल निर्मित बराक एमएक्स इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस सिस्टम की आपूर्ति की गई है। यह आधुनिक सिस्टम 150 किलोमीटर की दूरी से दुश्मन के मिसाइल, ड्रोन और विमान को एक साथ इंटरसेप्ट करने की क्षमता रखता है। इससे साइप्रस की सुरक्षा क्षमता में बड़ी बढ़ोतरी होगी। अब तक साइप्रस के पास ज्यादातर पुराने सोवियत हथियार, जैसे बुक एम1-2 मिसाइल सिस्टम, ही मौजूद थे। लेकिन इस नए सिस्टम के आने से उसकी रक्षा प्रणाली काफी मजबूत हो जाएगी। साइप्रस के रक्षा मंत्री वासिलिस पामलास ने पिछले साल एक इंटरव्यू में कहा था कि साइप्रस का भौगोलिक स्थान बहुत संवेदनशील है। यह क्षेत्र युद्धग्रस्त मध्य पूर्व के पास स्थित है, इसलिए देश की रक्षा क्षमता बढ़ाना बेहद जरूरी है।
साइप्रस 1974 से दो हिस्सों में बंटा हुआ है। उस समय ग्रीस समर्थित तख्तापलट के बाद तुर्किये ने साइप्रस के उत्तरी हिस्से पर कब्जा कर लिया था। द्वीप के दक्षिणी हिस्से में ग्रीक साइप्रस के लोग रहते हैं। उत्तरी हिस्से पर तुर्किये का प्रभाव है, जहां करीब 35,000 तुर्किये सैनिक तैनात हैं। 1983 में तुर्किये समर्थित उत्तरी साइप्रस ने खुद को स्वतंत्र घोषित किया था, लेकिन इसे सिर्फ तुर्किये ही मान्यता देता है। यह पहला मौका नहीं है जब साइप्रस के एयर डिफेंस सिस्टम को लेकर तनाव बढ़ा हो। 1997 में साइप्रस ने रूसी एस-300 मिसाइल सिस्टम तैनात करने की योजना बनाई थी। उस समय तुर्किये ने सैन्य कार्रवाई की धमकी दी थी।

## 'घरवाली पेड़वाली' शो में हर्ष वशिष्ट भी

**मुंबई।** नया शो 'घरवाली पेड़वाली' दर्शकों को हंसी, भावनाओं और अलौकिक मस्ती के साथ एक मजेदार और डरावने ट्विस्ट पर ले जाने के लिए तैयार है। इस शो में टेलीविजन के कुछ सबसे यादगार शोज में काम कर चुके मशहूर एवं वर्सेटाइल अभिनेता हर्ष वशिष्ट रमेश का किरदार निभाएंगे, जिन्हें सभी प्यार से 'चिल्ड चाचा' कहते हैं। रमेश अपनी मस्ती भरी और मजाकिया हरकतों से घर में हंसी और चटपटी गपशप का माहौल बनाए रखते हैं। उनकी खास अदा इस अनोखे प्रेम त्रिकोण को और रोचक बनाती है। हर्ष वशिष्ट ने कहा, ''मैं लंबे समय से कॉमेडी शो करना चाहता था, क्योंकि आजकल टीवी पर ऐसे शो कम ही बनते हैं। पिछले कुछ सालों से, मैं वाकई में इस जोनर में में कोई रोल निभाने को बहुत मिस कर रहा था।

## मां का हाथ थामकर, अपना भविष्य खुद बनायेंगी 'गंगा माई की बेटियां'

पीढ़ी दर पीढ़ी, महिलाओं ने समाज की उम्मीदों का बोझ उठाया है। उनके फैसलों पर सवाल उठे, संघर्षों में उन्हें चुप करा दिया गया और अक्सर उन्हें अकेले ही अपनी लड़ाई लड़नी पड़ी। लेकिन बार-बार उन्होंने टूटकर भी खुद को संभाला, रूढ़ियों को तोड़ा और अपनी राह खुद बनाई।



आगामी शो 'गंगा माई' की कहानी भी ऐसी ही एक दास्तान है। अपने दम पर अपनी तीन बेटियों को पालने वाली गंगा माई समाज के ताने झेलती है, घर चलाने के लिए लगातार मेहनत करती है और अपनी बेटियों को पढ़ाती है ताकि वे अपने पैरों पर खड़ी हो सकें। 'गंगा माई की बेटियां' शो का प्रीमियर सोमवार 22 सितंबर को होगा और इसका प्रसारण ज़ी टीवी पर रोज रात नौ बजे किया जायेगा। 'गंगा माई की बेटियां', एक ऐसी मां की संवेदनशील पारिवारिक कहानी जो सामाजिक ठप्पों के आगे झुकती नहीं। वह शून्य से अपनी जिंदगी फिर से बनाती है, बेटियों को सम्मान के साथ पालती है और उन्हें जीवन से डटकर सामना करना सिखाती है। ज़ी कन्नड़ के चर्चित धारावाहिक 'पुट्टकाना मक्कलु' से रूपांतरित यह शो एक मां की हिम्मत और उसकी बेटियों की लगन को सामने लाता है, यह साबित करता है कि बेटियां बोझ नहीं, बल्कि गर्व की वजह होती हैं। वाराणसी की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि पर आधारित यह शो रवि दुबे और सरगुन मेहता के 'ड्रीमियाता ड्रामा' द्वारा बनाया गया है। 'गंगा माई' का किरदार निभा रहीं शुभांगी लाटकर ने कहा, ''गंगा माई सिर्फएक किरदार नहीं है, वह हर उस औरत की पहचान है जो निराशा की जगह सम्मान चुनती है।'' अमनदीप सिद्धू ने कहा, ''स्नेहा परिवार की अग्नि है। स्नेहा का किरदार मुझे ताकतवर महसूस कराता है क्योंकि वह उद्देश्यपूर्ण और हार न मानने वाली औरत है सृष्टि जैन ने कहा, ''सहाना परिवार की शांति है। वह अपने स्नेह और पाक कला के हुनर से सबको एक साथ जोड़े रखती है। इस किरदार ने मुझे यह सिखाया कि कोमलता में भी ताकत होती है।''


## बाजार दर्पण

